SUPREME SUPERSPECIALITY HOSPITAL | SUPREME HEART CARE
आयुष्मान भारत (PMJAY)
महात्मा ज्योतिबा फुले जन आरोग्य योजना
(MJPJAY)
और
मुख्यमंत्री वैद्यकीय सहायता निधि (CMRF)

की सुविधा अब सुप्रीम हॉस्पिटल गोंदिया में उपलब्ध
अधिक जानकारी के लिए कॉल करें..
Vivekanand Colony, Hadditoli Gondia (Maharashtra) 441601
www.supremehospital.org
0718223221, 7378738884
7507716433, 8624920084

बालाघाट म.प्र. से प्रकाशित एवं बालाघाट, सिवनी (म.प्र.) एवं गोंदिया भंडारा (महा.) मे एक साथ प्रसारित हिन्दी दैनिक..

# जग प्रेरणा

बालाघाट - 16 मई 2026 | दिन - शनिवार | वर्ष-14 वां | पृष्ठ - 12 | अंक - 108 | मूल्य - 5 रुपये

7 Years OF HEALTH, HOPE & HEALING
SAHAYOG HOSPITAL

निःशुल्क एंजियोग्राफी शिविर
6 मार्च – 30 जून 2026
आयुष्मान भारत योजना (PMJAY) एवं MJPJAY के अंतर्गत निःशुल्क एंजियोप्लास्टी की सुविधा उपलब्ध
91 8888 001 426 / 07182 250006 / 07



JAIN RESORT
जैन रिसॉर्ट्स
शांत, सुरम्य नवेगांव नागझिरा फॉरेस्ट के पास स्थित
Relaxation at its Peak




उपलब्ध सेवाएं..
■ शादी, रिसेप्शन, व अन्य छोटी बड़ी पार्टीयां सभी सुविधाओं के साथ..
■ लॉन व रिसॉर्ट 2 लाख फीट में..
■ सभी 80 रुम, 2 बेंक्वेट हॉल एसी
■ घराती बाराती 300 एवं मेहमानों की व्यवस्था..
■ स्वीमिंग पुल, भव्य गार्डन..
■ लिफ्ट सुविधा, 24 x 7 विद्युत सुविधा..
अन्य सभी सुविधाएं आवश्यतानुसार..कैटरींग, सजावट, फूल सजावट, स्टेज की व्यवस्था..
पता - गराड़ा, मुंडीपार, तहसील - गोरेगांव, जिला गोंदिया 441801 (महाराष्ट्र)
N-H- 753 गोंदिया से 17 किलोमीटर दूर..
संपर्क करें..
नमन जैन
9049223444
ऑफिस
9270175557

## पेट्रोल, डीजल की कीमत तीन रुपये प्रति लीटर बढ़ी, सीएनजी दो रुपये प्रति किलोग्राम हुई महंगी

नई दिल्ली, (भाषा)।

पेट्रोल और डीजल की कीमतों में शुक्रवार को तीन रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई। यह पिछले चार वर्षों में पेट्रोल-डीजल के दाम में पहली वृद्धि है। कच्चे तेल की बढ़ती वैश्विक कीमतों के कारण तेल विपणन कंपनियों का घाटा बढ़ने के बीच यह वृद्धि की गई है। इसके साथ ही, दिल्ली और मुंबई जैसे शहरों में सीएनजी की कीमतों में दो रुपये प्रति किलोग्राम की बढ़ोतरी की गई। उद्योग जगत से जुड़े सूत्रों ने बताया कि राष्ट्रीय राजधानी में पेट्रोल की कीमत 94.77 रुपये से बढ़कर 97.77 रुपये प्रति लीटर हो गई है। डीजल अब 87.67 रुपये के मुकाबले 90.67 रुपये प्रति लीटर हो गया है। दरें राज्यों में मूल्य वर्धित कर (वैट) के अंतर के कारण अलग-अलग होती हैं। दिल्ली में अब सीएनजी की कीमत 79.09 रुपये प्रति किलोग्राम और मुंबई में 84 रुपये प्रति किलोग्राम है। हालांकि, घरों में खाना पकाने के लिए पाइप से मुहैया कराई जाने वाली प्राकृतिक गैस (पीएनजी) और घरेलू खाना पकाने वाली गैस एलपीजी दोनों की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में 28 फरवरी को ईरान पर अमेरिका-इजराइल हमले के बाद और तेहरान की जवाबी कार्रवाई के बाद से 50 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी हुई है। इ

# उच्च न्यायालय ने भोजशाला को किया सरस्वती मंदिर घोषित, परिसर में नमाज अदा करने का आदेश रद्द किया..

इंदौर, (भाषा)।

***मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय ने धार जिले के भोजशाला-कमाल मौला मस्जिद परिसर विवाद मामले में शुक्रवार को फैसला सुनाते हुए इस मध्यकालीन स्मारक की धार्मिक प्रकृति हिंदू मान्यताओं में 'ज्ञान की देवी' के रूप में पूजी जाने वाली वाग्देवी (सरस्वती) के मंदिर***



के तौर पर तय की। अदालत ने इसके साथ ही, एएसआई के दशकों पुराने उस आदेश को भी रद्द कर दिया, जिसके तहत मुस्लिम समुदाय को उस स्थल पर शुक्रवार की नमाज़ अदा करने की अनुमति थी। अदालत ने रेखांकित किया कि परमार वंश के राजा भोज की विरासत से जुड़े इस स्थल पर हिंदुओं की पूजा-अर्चना की निरंतरता कभी समाप्त नहीं हुई है। उच्च न्यायालय ने विवादित परिसर में केवल हिंदुओं को उपासना का अधिकार दिए जाने की गुहार स्वीकार की और इसके साथ ही भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के सात अप्रैल 2003 के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें मुस्लिमों को हर शुक्रवार स्मारक में नमाज अदा करने की इजाजत दी गई थी। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के अप्रैल 2003 के आदेश ने भोजशाला परिसर के भीतर हिंदुओं के पूजा करने के अधिकार को भी सीमित कर दिया था।

### 242 पन्नों के आदेश में किया गया उल्लेख..

न्यायामूर्ति विजय कुमार शुक्ला और न्यायमूर्ति आलोक अवस्थी की खंडपीठ ने 242 पन्नों के अपने आदेश में कहा कि वैज्ञानिक सबूतों के आधार पर 11वीं सदी के इस स्मारक का धार्मिक स्वरूप स्पष्ट है; हालाँकि, पीठ ने यह भी स्पष्ट किया कि मुस्लिम पक्ष मस्जिद बनाने के लिए ज़िले में अलग ज़मीन के वास्ते मध्य प्रदेश सरकार से संपर्क कर सकता है। अदालत ने सभी सामग्री का अवलोकन करने के बाद कहा कि इस बात पर अविश्वास करने का कोई कारण नहीं है कि विवादित क्षेत्र भोजशाला था, जिसमें माँ सरस्वती का मंदिर था। पीठ ने अपने आदेश में कहा, ''भोजशाला परिसर और कमाल मौला मस्जिद के विवादित क्षेत्र का धार्मिक स्वरूप, देवी वाग्देवी (सरस्वती) के मंदिर वाली भोजशाला के रूप में माना गया है और यह भी आदेश दिया कि भोजशाला का क्षेत्र, 3 मार्च 1904 से प्रभावी रूप से, 1958 के अधिनियम के तहत 'एक संरक्षित स्मारक' माना जाएगा। उच्च न्यायालय की इंदौर पीठ ने इस मामले से संबंधित पांच याचिकाओं और एक रिट अपील पर पुरातात्विक व ऐतिहासिक तथ्यों, एएसआई की अधिसूचनाओं व उसके वैज्ञानिक सर्वेक्षण और कानूनी प्रावधानों की रोशनी में फैसला सुनाया। यह निर्देश देते हुए कि एएसआई का धार्मिक पहुँच के संरक्षण, परिरक्षण और विनियमन पर पूर्ण पर्यवेक्षी नियंत्रण होगा, न्यायालय ने केंद्र और एएसआई से भोजशाला मंदिर और संस्कृत शिक्षा से जुड़े मामलों के प्रशासन और प्रबंधन के उद्देश्य से निर्णय लेने को कहा।

अदालत ने कहा कि केंद्र सरकार कुछ याचिकाकर्ताओं के उन आवेदनों पर 'विचार कर सकती है', जिनमें लंदन संग्रहालय से देवी सरस्वती की 'प्रतिमा' (मूर्ति) को वापस लाने और उसे परिसर के भीतर पुनः स्थापित करने की मांग की गई है। इस आदेश ने अप्रैल 2003 के एएसआई के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसने हिंदुओं को मंगलवार को पूजा करने और मुसलमानों को शुक्रवार को नमाज़ अदा करने की अनुमति दी थी। उच्च न्यायालय ने अपने निर्णय में अयोध्या के राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद विवाद के मुकदमे में शीर्ष अदालत के फैसले में निर्धारित सिद्धांतों का भी उल्लेख किया। अदालत ने मध्यप्रदेश सरकार से यह भी कहा कि वह याचिकाकर्ताओं की उस अर्जी पर विचार करे, जिसमें धार ज़िले में एक मस्जिद के निर्माण के लिए ज़मीन आवंटित करने की मांग की गई है। अदालत ने अपने फ़ैसले में कहा कि पुरातात्विक और ऐतिहासिक तथ्यों से यह 'बिल्कुल साफ़है कि विचाराधीन इमारत एक हिंदू मंदिर और संस्कृत भाषा सीखने का स्थान है।' एएसआई द्वारा प्रस्तुत कुछ रिपोर्ट पर भरोसा करते हुए अदालत ने कहा कि इन रिपोर्ट में यह उल्लेख है कि यह ढांचा एक ऐसे मंदिर के स्थल पर स्थित है, जिसे शिलालेखों और स्थानीय परंपरा के आधार पर देवी सरस्वती को समर्पित माना जाता है।

उच्च न्यायालय ने कहा, ''1902-03 और उसके बाद की रिपोर्ट इस संरचना को एक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक और पुरातात्विक इमारत के रूप में वर्गीकृत करती हैं, जिसमें 'भोजशाला कमाल मौला' भी शामिल है।'' अदालत ने 'कर्तव्य में जानबूझकर की गई लापरवाही' के लिए एएसआई को फटकार भी लगाई और कहा कि भोजशाला मंदिर सह कमाल मौला मस्जिद की उपेक्षा करने में केंद्रीय एजेंसी की निरंतर निष्क्रियता और तिरस्कारपूर्ण रवैया, स्मारक अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन है।

अदालत ने यह व्यवस्था दी कि किसी स्थल को संरक्षित करने से पहले भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण का यह वैधानिक कर्तव्य है कि वह उस पूजा स्थल की प्रकृति और उसके मूल स्वरूप का पता लगाए।

# भोजशाला में पूजा-इबादत पर अब शीर्ष अदालत को फैसला करना है - दिग्विजय सिंह

इंदौर, (भाषा)।



कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य दिग्विजय सिंह ने धार के भोजशाला-कमाल मौला मस्जिद परिसर को लेकर मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के फैसले के बाद शुक्रवार को कहा कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के संरक्षित इस विवादित स्मारक में पूजा या इबादत की अनुमति के मामले में अब शीर्ष अदालत को फैसला करना है। उन्होंने यह बात ऐसे वक्त कही, जब मुस्लिम पक्ष ने घोषणा की है कि स्मारक को वाग्देवी (सरस्वती) का मंदिर करार दिए जाने के फैसले को वह उच्चतम न्यायालय में चुनौती देगा।

सिंह ने यहां संवाददाताओं से कहा,÷भोजशाला एएसआई संरक्षित स्मारक है। हम भोजशाला मामले में उच्च न्यायालय के फैसले का अध्ययन करेंगे। सिंह का कहना था कि वह हमेशा से कहते रहे हैं कि लंदन के ब्रिटिश म्यूजियम में रखी वाग्देवी की मूर्ति को हर हालत में भारत वापस लाया जाना चाहिए और इस दिशा में पूर्व राष्ट्रपति शंकरदयाल शर्मा ने भी प्रयास किए थे। उन्होंने कहा,÷.... लेकिन भारत वापस आने के बाद यह मूर्ति कहां स्थापित हो, इस बारे में मैंने कुछ भी नहीं कहा है। भोजशाला एएसआई संरक्षित स्मारक है और क्या ऐसे स्मारक के अंदर पूजा या इबादत हो सकती है, यह शीर्ष अदालत को तय करना है। पूर्व मुख्यमंत्री सिंह ने कहा कि यह अध्ययन की बात है कि भोजशाला परिसर में एएसआई के वैज्ञानिक सर्वेक्षण की रिपोर्ट में इस मूर्ति का कोई उल्लेख नहीं है। विवादित परिसरों से जुड़े विषयों में नियम-कानूनों का पालन किया जाना चाहिए और वाराणसी की ज्ञानवापी मस्जिद, संभल की शाही जामा मस्जिद तथा मथुरा के कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह से जुड़े मुकदमे उच्चतम न्यायालय में पहले से लंबित हैं। देश इस समय 'आर्थिक और सामाजिक संकट' से गुजर रहा है और ऐसे समय 'हिंदू-मुसलमान' के मुद्दे उठाना उचित नहीं है। नीट परीक्षा में कथित अनियमितताओं को 'बहुत बड़ा घोटाला' करार देते हुए सिंह ने कहा कि वह संसद की शिक्षा संबंधी स्थायी समिति के अध्यक्ष हैं और समिति ने 2024 की अपनी रिपोर्ट में ऐसी गड़बड़ियों को रोकने के लिए केंद्र सरकार को विस्तृत सुझाव दिए थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को केंद्रीय शिक्षा मंत्री से तत्काल इस्तीफा ले लेना चाहिए और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के अध्यक्ष को बर्खास्त कर देना चाहिए।


SONO VIEW
DR. GHANSHYAM M. TURKAR
M.B.B.S., M.D., D.N.B., M.N.A.M.S.
Diplomate of National Board
Radiologist, Sonologist & Imagiologist
DR. PADMINI TURKAR
M.B.B.S., D.C.H.
बालरोग एवं नवजात शिशु विशेषज्ञ
FACILITIES AVAILABLE
SONOGRAPHY
■ Color Doppler ■ Power Doppler Imaging
■ B-flow Imaging ■ Tissue Harmonic Imaging
■ Transrectric & TV Sonography
■ Pediatric Sonography ■ Orbital Sonography
■ Breast, Thyroid, Scrotal Sonography
■ Neonatologist Neurosonogram
■ 2 D Echo Cardiography ■ Foetal Echo
■ Whole Body Ct Scan ■ Digital X-ray Digital Radiography System ■ M.R.I.
DIGITAL X-RAY
● 2D, 3D/4D High Resolution Sonography
● 2D Echo
● Colour Doppler
● Siemens Germany Multislice/Spiral High Resolution CT Scan
● M.R.I.
राष्ट्रीय क्षयरोग दुरीकरण कार्यक्रम अंतर्गत मुफ्त सोनोग्राफी, एक्स रे, सी.टी. स्कैन व एम.आर.आई. क्लिनिक
तुरकर SONOGRAPHY, X-RAY, C.T. SCAN, M.R.I. क्लिनिक
सिव्हिल लाईन, गोंदिया फोन - 07182- 231149, 234198, 236391
E-mail : sonoview@gmail.com
SONOGRAPHY | C.T./M.R.I.

आवश्यकता है..
बालाघाट शहर के प्रसिद्ध डिस्ट्रीब्यूटर वाधवानी फटाखा बाजार एवं विजय सेल्स में कार्य के लिये मार्केटिंग सेल्समेन, पुरुष एवं महिला कर्मचारी की आवश्यकता है।
संपर्क करें..
मो. 9425639000, 9300039839, 7693039839

आवश्यकता है..
बालाघाट शहर के प्रसिद्ध गपशप रेस्टॉरेंट (केशर प्लाजा कॉम्पलेक्स, हनुमान चौक बालाघाट) में वेटर एवं हेल्पर की आवश्यकता है। संपर्क करें..
मो. 9301210805, 7000671780

WALK IN INTERVIEW
PROGRESSIVE ENGLISH SCHOOL
( CBSE Affiliation No. 1130355 )
Requires following staff for the rapid growth and expansion plan of the school (CBSE) for the next academic session for classes Nursery to XII.

| Post | Educational Qualification | Post |
|---|---|---|
| English | B.A. , M.A.(Elt.) B.Ed. | 3 |
| SST Teacher | M.A (Social Studies) | 2 |
| Hindi / Marathi | B.A. , M.A.(Hlt./ Mlt.) B.Ed. | 2 |
| Computer Teacher | Diploma in Computer with Language | 2 |

Note :- All candidates are expected to have good command over English. Attractive Salary structure as per qualification. Eligible candidates should come for Interview along with their own handwritten application, detailed Bio-data, Contact no. and Photograph, on dated 18.05.2026 (Monday) at 10.30 a.m.
Venue:- Progressive Convent, Gajanan Mandir, Civil Line, Gondia
Please send your resume at nirajpnvision@gmail.com
President / Secretary
Smt. Umabai Mlp. Edu. Society, Gondia

# भोजशाला को लेकर आया फैसला, 'सदियों की प्रतीक्षा का अंत, संस्कृति की जीत.. - विशाल बिसेन

जगप्रेरणा बालाघाट।

***मध्य प्रदेश के धार जिले की भोजशाला को लेकर आए न्यायालय के महत्वपूर्ण फैसले के बाद पूरे बालाघाट जिले के पंवार समाज में जबरदस्त हर्ष और उत्साह का माहौल है। शुक्रवार को फैसला सामने आते ही समाज के लोगों ने एक-दूसरे को फोन कर बधाई दी, मंदिरों में घंटियां बजाई गईं और कई स्थानों पर मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया गया।***

इस संदर्भ में बालाघाट जिला पंवार समाज जिलाध्यक्ष विशाल बिसेन ने इस फैसले को 'ऐतिहासिक और युगांतकारी' बताया। विशाल ने कहा कि यह सिर्फ एक कानूनी फैसला नहीं है, यह सदियों की प्रतीक्षा का अंत है। राजा भोज की नगरी धार में स्थित मां सरस्वती की यह ज्ञानस्थली हमारी पहचान और स्वाभिमान से जुड़ी है। पंवार समाज समेत पूरे सनातन समाज की आस्था इस फैसले से जुड़ी थी। न्यायालय ने सभी तथ्यों और साक्ष्यों को देखकर जो निर्णय दिया है, हम उसका हृदय से स्वागत और सम्मान करते हैं। विशाल बिसेन ने आगे कहा कि राजा भोज परमार वंश के थे और पंवार समाज खुद को उसी वंश का वंशज मानता है। इसलिए भोजशाला से हमारा भावनात्मक रिश्ता है। यह फैसला आने वाली पीढ़ियों को अपनी जड़ों और गौरवशाली इतिहास से जोड़ेगा। यह फैसला बताता है कि धैर्य और कानून के रास्ते पर चलकर न्याय जरूर मिलता है



### क्या है भोजशाला और क्यों था विवाद?

गौरतलब है कि भोजशाला मध्य प्रदेश के धार शहर में स्थित 11वीं शताब्दी का एक प्राचीन स्मारक है। इतिहासकारों के एक वर्ग के अनुसार इसका निर्माण परमार वंश के राजा भोज ने 1034 ईस्वी के आसपास करवाया था। इसे प्राचीन काल में 'सरस्वती सदन' यानी शिक्षा और कला का केंद्र माना जाता रहा, और यह मूल रूप से मां वाग्देवी (सरस्वती) का मंदिर और संस्कृत अध्ययन केंद्र था, परंतु इस भोजशाला को मुस्लिम पक्ष कमाल मौलाना मस्जिद बताता रहा, जिसके कारण दोनों पक्षों की ओर से अपने अधिकार जताकर दंगे और विवाद की स्थितियां तक अनेक मर्तबा बनी थी। वर्ष 2003 में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने एक व्यवस्था लागू करते हुए हर मंगलवार को हिंदू समाज को परिसर में पूजा करने और शुक्रवार को मुस्लिम समाज को नमाज अदा करने की अनुमति दी थी। इसी व्यवस्था को चुनौती देते हुए मामला न्यायालय में पहुंचा थ, जिस पर आज उच्च न्यायालय ने फैसला सुनाया है। विशाल बिसेन ने बताया कि फैसले की सूचना मिलते ही पूरे बालाघाट जिले में पंवार समाज के लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई। समाज के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर 'जय मां वाग्देवी', 'भोजशाला' और 'ऐतिहासिक फैसला' जैसे हैशटैग ट्रेंड करने लगे। पंवार समाज के युवाओं ने राजा भोज की तस्वीरों के साथ स्टेटस लगाए। विशाल ने कहा कि हमारे पूर्वज हमें बताते थे कि भोजशाला में कभी मां सरस्वती की मूर्ति थी। आज न्यायालय ने उस इतिहास पर मुहर लगाई है। यह पूरे समाज के लिए गर्व का क्षण है। समाज जल्द ही एक बड़ा कार्यक्रम आयोजित कर राजा भोज और मां वाग्देवी का पूजन करेगा। साथ ही फैसले की प्रति लेकर धार भोजशाला भी जाया जाएगा।


दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
हसीब मोहम्मद सिवनी
मो. 7898530101

जग प्रेरणा
जिला सिवनी
● अरी ● गंगेरुआ ● बरघाट ● लखनादौन ● छपारा ● केवलारी

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

# जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को दिया गया पेयजल गुणवत्ता प्रशिक्षण



जगप्रेरणा सिवनी।

***जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत विकासखंड सिवनी में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खंड सिवनी द्वारा पेयजल गुणवत्ता एवं जल संरक्षण विषयक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।***

कार्यक्रम कार्यपालन यंत्री नरेश कुवाल के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण में सिवनी सेक्टर-1, सेक्टर-2, बांकी, कलारबांकी, सिवनी एवं फुलारा सहित 4 सेक्टरों की लगभग 90 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में पीएमयू स्टॉफ द्वारा अभियान के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए बताया गया कि जल गंगा संवर्धन अभियान 19 मार्च से 30 जून 2026 तक संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत जल स्त्रोतों के संरक्षण, स्वच्छता, जल के महत्व एवं उपयोगिता तथा पेयजल के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। प्रशिक्षण में गांवों में गठित तदर्थ समितियों की भूमिका, पानी के अपव्यय को रोकने तथा योजनाओं के बेहतर संचालन के संबंध में भी विस्तार से जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के दौरान जिला रसायनज्ञ प्रयोगशाला सिवनी के नरेश कुशराम द्वारा एफटीके (FTK) पेयजल परीक्षण किट के माध्यम से जल गुणवत्ता परीक्षण की प्रक्रिया का प्रदर्शन किया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा स्कूलों एवं आंगनबाड़ियों से लाए गए पानी के नमूनों की मौके पर ही जांच की गई। कार्यकर्ताओं ने स्वयं भी परीक्षण प्रक्रिया को समझते हुए पानी की गुणवत्ता जांच कर व्यवहारिक प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण में ब्लॉक समन्वयक श्री दिनेश देशमुख एवं जल निगम टीम द्वारा सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का **WQMIS** पोर्टल पर पंजीयन पूर्ण कराया गया तथा एफटीके किट का वितरण भी किया गया।

कार्यक्रम में सहायक यंत्री आर.जी. गभने, उपयंत्री सुश्री लक्ष्मी वाडीवा, महिला बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी क्रमांक-1 देवेंद्र यादव, परियोजना अधिकारी क्रमांक-2 शंशाक ठाकुर, सुपरवाइजर सुश्री रीना यादव, सुश्री रचना कुल्हाड़े, सुश्री किरण पिंलेर, जल निगम टीम एवं समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का सराहनीय सहयोग रहा। अंत में विभाग द्वारा सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया गया।

# आज बारापत्थर स्थित वीर वटकेश्वर महादेव मंदिर में होगा बट सावित्री पूजन

## सौभाग्यवती महिलाएं पति की दीर्घायु के लिए करेंगी वट वृक्ष की पूजा..




जगप्रेरणा सिवनी।

***नगर के बारापत्थर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी समता नगर प्राचीन वट वृक्ष स्थित वीर वटकेश्वर महादेव मंदिर में बट सावित्री का पूजन विधि विधान से किया जाएगा।***

पुजारी पंडित मोहन पांडेजी ने बताया कि दिनांक 16 मई 2026 दिन शनिवार ज्येष्ठ अमावस्या के दिन सुहागिन महिलाएं वट सावित्री व्रत रखकर वट वृक्ष का पूजन करेंगी। वीर वटकेश्वर महादेव मंदिर में प्रातः 6 बजे से पूजन का क्रम प्रारंभ हो जाएगा जो अनवरत दिनभर चलेगा। व्रती महिलाएं वट वृक्ष के नीचे सावित्री-सत्यवान और यमराज का ध्यान कर विधिवत पूजन करेंगी। वट वृक्ष में कच्चा सूत लपेटकर 7 या 108 परिक्रमा की जाएंगी। सत्यवान-सावित्री की कथा का श्रवण भी होगा। आचार्य पंडित राजेंद्र पांडे जी ने व्रत के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि वट सावित्री व्रत पति की दीर्घायु, अखंड सौभाग्य और सुखी वैवाहिक जीवन की कामना के लिए रखा जाता है। आचार्य जी ने बताया कि पतिव्रता सावित्री ने अपने मृत पति सत्यवान के प्राण यमराज से वापस मांगे थे। सावित्री ने वट वृक्ष के नीचे ही यमराज से अपने पति के जीवन की याचना की थी और अपने तप व पतिव्रत धर्म के बल पर सत्यवान को पुनः जीवित कराया था। तभी से यह व्रत रखा जाता है। वट वृक्ष को दीर्घायु, स्थिरता और अमरत्व का प्रतीक माना जाता है। आचार्य जी ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि वट वृक्ष में ब्रह्मा, विष्णु और महेश तीनों देवों का वास होता है। इसलिए सुहागिन महिलाएं वट वृक्ष की पूजा कर अपने पति की लंबी उम्र की प्रार्थना करती हैं। वीर वटकेश्वर महादेव मंदिर के प्रमुख जितेंद्र सिंह एवं परिवार ने नगर एवं क्षेत्र की सभी माताओं बहनों से करबद्ध आग्रह किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पारंपरिक वेशभूषा धारण कर पूजन सामग्री के साथ मंदिर पहुंचकर वट सावित्री पूजन में शामिल होकर धर्म लाभ उठाएं। सिंह परिवार द्वारा मंदिर परिसर में पूजन की समुचित व्यवस्था की गई है।

# परे उपदेश, कुशल बहुतेरे, यह कहावत भाजपा के नेताओं में सटीक बैठती है : राजिक



जगप्रेरणा सिवनी।

***परे उपदेश, कुशल बहुतेरे, यह कहावत भाजपा के नेताओं में सटीक बैठती है उनका ज्ञान सिर्फ लोगो तक सीमित है जो कहते है वह खुद अमल नहीं करते।***

नगरपालिका के पूर्व उपाध्यक्ष गुरूनानक वार्ड पार्षद राजिक अकील ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में कहा कि नगरपालिका कार्यकारी अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया के द्वारा मोदी जी की तेल बचाओं घोषणा के बाद घर से सायकल लेकर निकलना एक व्यक्ति द्वारा मोटर सायकल द्वारा आगे पीछे से उनकी रील बनाकर डालना यह दर्शाता है कि वह तेल बचाने को लेकर कितने गंभीर है जो व्यक्ति रील बना रहा था वह व्यक्ति नगरपालिका के आउटसोर्स का कर्मचारी है इनके द्वारा सोशल मीडिया पर पोस्ट डालने के लिए नगरपालिका के खर्चे से रखा गया है। नगरपालिका में यह ऐसे पहले अध्यक्ष होंगे जिनकी व्यक्तिगत सेवा में नगरपालिका में कार्यरत विनियमित कर्मचारी मनीष कश्यप जो इनके घर प्यून का कार्य कर रहा है। इसी तरह ममता बाई जो कि नगरपालिका की विनियमित कर्मचारी है ज्ञानचंद सनोडिया के घर खाना बनाने का काम कर रही है इन दोनो का वेतन सिवनी नगरपालिका से लगभग 34 हजार रूपये प्रति माह दिया जाता है। इनकी निजी कार चलाने के लिए आउटसोर्स के माध्यम से रखा गया कर्मचारी ड्राईवर रखा गया है भाजपा कार्यालय में नगरपालिका से वेतन प्राप्त करने वाला कर्मचारी साफ सफाई में लगा है। इस तरह नगर पालिका में कार्यरत पांच कर्मचारी जिनको प्रति माह नगरपालिका से लगभग 75 हजार रूपये प्रति माह वेतन के रूप में भुगतान किया जा रहा है नगरपालिका की राशि का ज्ञानचंद सनोडिया द्वारा दुरूपयोग किया जा रहा है जो कि आर्थिक अनियमितताओं के अन्तर्गत आता है।

ज्ञानचंद सनोडिया द्वारा नगरपालिका की आर्थिक स्थिति ठीक न होने के बाद भी मनमाने ढंग से नियम विरूद्ध आउटसोर्स कर्मचारी की भर्ती की जा रही है जिससे नगरपालिका पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है पार्षदो द्वारा अपने वार्ड में सेवा निवृत्त, मृत सफाई कर्मचारियों के स्थान पर कर्मचारियों की मांग की जा रही है किन्तु वार्डो में पार्षदो की मांग पर सफाई कर्मचारी नही दिये जा रहें है।

ज्ञानचंद सनोडिया द्वारा नगरपालिका के संसाधनों का भी दुरूपयोग जमकर किया जा रहा है एक ओर बिजली आपूर्ति न होने एवं पाईप लाईन फूटने से नगर की जलापूर्ति बार बार बाधित हो रही है पार्षदो और आम जनों को टेंकर समय पर उपलब्ध नही हो पा रहें है। इनके द्वारा नगरीय सीमा के बाहर लॉन और होटलो में इनके मित्रों के यहॉ पानी भेजा जा रहा है और आउटसोर्स के कर्मचारियों को लॉन और होटल में साफ सफाई करने भेजा जा रहा है जिसका भुगतान नगरपालिका कर रही है। मुख्य नगरपालिका अधिकारी से अनेक बार इस बात की शिकायत की गई लेकिन पूरी तरह से कार्यकारी अध्यक्ष के दबाव में कार्य कर रहें है। कांग्रेस पार्षद दल जिला कलेक्टर से मांग करता है कि नगरपालिका के कर्मचारी जो कि अध्यक्ष के निवास पर एवं उनका व्यक्तिगत कार्य कर रहें है निष्पक्ष जांच कर कार्यकारी अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया से सभी कर्मचारियों की 1 वर्ष की वेतन भुगतान की राशि ब्याज सहित वसूल कर नगरपालिका अधिनियम के तहत भ्रष्ट आचरण की कार्यवाही करने का कष्ट करें।

# जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में दी गई स्व. ठाकुर हरवंश सिंह को श्रद्धांजलि..



जगप्रेरणा सिवनी।

जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय सिवनी में मध्यप्रदेश विधानसभा के पूर्व उपाध्यक्ष एवं पूर्व त्रिविभागीय मंत्री, जिले के सर्वमान्य कांग्रेस नेता आपसी सामंजस्य की प्रतिमूर्ति जिले के विकास पुरूष स्व. श्री ठाकुर हरवंशसिंह जी की 13वी पुण्यतिथि के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश मरावी द्वारा स्व. ठाकुर साहब जी की आदम कद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पीत की गई, तत्पश्चात उपस्थित कांग्रेस जनों ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धाजलि देकर ठाकुर साहब जी के व्यक्तित्व का पुण्य स्मरण किया गया।

श्रद्धांजलि सभा को सम्बोधित करते हुये जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश मरावी ने कहा कि स्व. ठा. हरवंशसिंह जी के साथ मेरा लम्बा राजनैतिक अनुभव रहा, जिसमें मैने पाया कि ठाकुर साहब हमेशा पार्टी और कार्यकर्ताओं को सर्वोपरि मानते थे, पार्टी हित में खुद छोटी से छोटी अन-बन को आगे आकर दूर कर दिया करते थे, स्व. हरवंशसिंह जी एक दूरदृष्टा और एक कुशल राजनेता थे। कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व ने सिवनी से पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुश्री विमला वर्मा जी एवं हिमांचल प्रदेश की राज्यपाल एवं मध्यप्रदेश कांग्रेस की अध्यक्ष श्रीमती उर्मिला सिंह जी ने सिवनी जिले के विकास में स्थायी सौगाते दी है जिसका लाभ आज भी आम जनता को मिल रहा है कांग्रेस नेतृत्व द्वारा जिला ही नही प्रदेश में भी ऐसे अनेक स्थायी विकास कार्य कराये गये जो आज भी उनकी यादो को चिरस्थायी बनाये हुए है। हम सभी कांग्रेस जन एक थे एक है और एक रहेंगे, जनहित के लिए एकता में ही पार्टी की मजबूती है। प्रदेश कांग्रेस महामंत्री राजा बघेल ने अपने सम्बोधन में कहा कि स्व. ठा. हरवंशसिंह जी हमेशा विकास को सर्वोपरि मानते थे उनके द्वारा कभी भी यह नहीं देखा गया कि कौन किस पार्टी का है उनसे जिसने भी जन हित के विकास की बात कही उन विकास कार्यो को पूरा कराना ही उनकी प्राथमिकता रहती थी, उन्होंने हमेशा दल विशेष से उपर उठकर जनहित के लिए राजनीति की, आज हमें देखने को मिलता है कि सत्तापक्ष सिर्फराजनीति मौके के फायदे और विपक्ष को प्रताड़ित करने जैसी मानसिकता की पोषक बन चुकी है जो जिला ही नही, प्रदेश और देश के लिए बहुत चिंता का विषय बनता जा रहा है। आज हम सभी कांग्रेस पार्टी के एक ऐसे मजबूत स्तम्भ स्व. ठाकुर हरवंशसिंह जी की पुण्यतिथि मना रहें है जिन्होंने पार्टी की मजबूती और जिले के विकास के लिए अपना सर्वश्व न्यौछावर कर दिया, जब जब जिले के विकास की बात आयेंगी तब तब स्व.श्री हरवंशसिंह जी की स्मृतियॉ याद आते रहेंगी।

जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष राजकुमार खुराना ने उपस्थित कांग्रेस जनों को सम्बोधित करते हुये कहा कि स्व. ठा. हरवंशसिंह जी ऐसे ही विकास पुरूष नही कहलाये उन्होंने कांग्रेस का सत्ता शासन होते हुए भी विपक्षी पार्टीयो के नेताओं का आदर और सम्मान किया जिन्होंने जिले के विकास के लिए कार्यो की बात रखी, उन कार्यो को स्व. हरवंशसिंह जी ने प्राथमिकता से पूरा कराया, कांग्रेस पार्टी हमेशा ही जिले के विकास को सर्वोपरि मानती है, जिले के विकास पुरूष स्व. ठा. हरवंशसिंह जी की पुण्यतिथि पर हम सभी उन्हें श्रद्धापूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते है जिन्होंने हमेशा ही जिले के विकास को गति देने का कार्य किया। इस अवसर पर साबिर अंसारी, मोहनसिंह चंदेल, पवन दिवाकर, विष्णु करोसिया ने भी सम्बोधित किया एवं आभार प्रदर्शन अतुलचंद मालू द्वारा किया गया। इस अवसर पर जेपीएस तिवारी, हाजी मो. असलम खान, सुधीर जैन, सुरेन्द्र करोसिया, हनीफ खान, रामकुमार कुल्हाडे मासाब, रंजीत यादव, तनवीर अहमद, विनोद यादव, श्रीमती गीतासिंह ठाकुर, तेजसिंह रघुवंशी, यशपाल भलावी, अशोक नरवेती, प्रकाश सूर्यवंशी, नितिन डेहरिया, शंकरलाल डेहरिया, ध्रुवनारायणसिंह चैधरी, मोहनसिंह ठाकुर, पदम सनोडिया, मनीष अग्रवाल, गगन डेहरिया, शिवदीप डेहरिया, राजेन्द्र कंगाली, धनंजय सिंह, ठा. जयप्रकाश सिंह परिहार, किशोरी कुंजाम, ऋषभ ठाकुर, विशाल सनोडिया, डालचंद पप्पू पुसाम, सतेन्द्र बघेल, आरिफ सफारी, विनोद डेहरिया सहित बडी संख्या में कांग्रेस जनों की उपस्थिति रहे।

# मोदी सरकार को देश की समस्याओं से कोई सरोकार नही - नरेश मरावी..



जगप्रेरणा सिवनी।

मोदी सरकार का स्वार्थ सिर्फ चुनाव और किसी भी तरह से सत्ता प्राप्ती रह गया है, देश की समस्याओं से इन्हें कोई सरोकार नही है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश मरावी ने जारी विज्ञप्ति में कहा कि पॉच राज्यों के चुनाव में उन्हें वैश्विक मंदी दिखाई नहीं पड़ी, कच्चे तेल के दाम बढ़ते नहीं दिखे, चुनावी रैलियों में जमकर घोषणाएँ की, भीड़ जुटाने के लिए हर वह संसाधन का उपयोग किया जिसमें बेतहाशा डीजल, पेट्रोल खर्च हुआ।

चुनाव परिणाम आते ही देश के लोगो को महंगाई की आग में झोक दिया, कच्चे तेल के दाम जब निम्न स्तर पर होते है तब इन्हें देश के लोगो की सुध नही आती, अपने चहेतो को लाभ दिलाने के लिए डीजल, पेट्रोल के दाम कम नहीं करते, लेकिन कच्चे तेल के दामो में जरा भी वृद्धि होने पर उनके मंत्रियों को पेट्रोलियम कम्पनियों का घाटा दिखने लगता है और तत्काल उसे पूरा करने के लिए डीजल और पेट्रोल के दाम बढ़ाकर आम जनों का तेल निकाल लेते है। व्यवसायिक सिलेंडर में 1250 रू. और घरेलू गैस सिलेंडर में 56 रू. पेट्रोल में 5 रू. और डीजल में 3 रूपय प्रति लिटर वृद्धि कर दी गई है। जिसके कारण रोज मर्रा की आवश्यक वस्तुओं के दामों में वृद्धि होना तय है। श्री मरावी ने कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा पूर्व में कही गई बात आज सच साबित हुई। उन्होंने देश की जनता को सम्बोधित करते हुये कहा था कि पांच राज्यो के चुनाव के बाद मोदी सरकार देश में महंगाई बहुत अधिक बढ़ा देंगे, केन्द्र में मोदी के सत्ता में आने के बाद लगातार महंगाई में वृद्धि हो रही है, डालर के मुकाबले रूपया निम्न स्तर पर आ गया है, विदेशी मुद्राभंडार लगातार कम हो रहा है।

विदेशी कर्ज लगातार बढ़ रहा है, देश में बेरोजगारों की संख्या तेजी से बढ़ रही है, शिक्षित युवाओं को रोजगार नही मिल रहा है जैसे तैसे अभिभावक अपने परिवार का पेट काटकर उच्च शिक्षा की तैयारी करा रहें है बार बार पेपर लीक हो रहे है और इन सबके पीछे भारतीय जनता पार्टी के नेताओं और मंत्रियों का ही हाथ रहता है जिन पर कोई कार्यवाही नहीं की जाती, देश में मोदी सरकार ने शिक्षित युवाओं का भविष्य अंधकार मय बना दिया।

भारत ने विदेशो में जो संबंध स्थापित किये थे उन संबंधो मे भी लगातार गिरावट देखी जा रही है, सड़के, पुल एवं अन्य निर्माण कार्य गुणवत्ताविहीन हो रहें है जो कि बनते ही टूट रहें है गिर रहे है देश में भ्रष्टाचार चरम पर है, सरकारी तंत्र का मोदी सरकार द्वारा लगातार दुरूपयोग किया जा रहा है, देश में लोकतंत्र और धर्मनिरपेक्षता की मोदी सरकार द्वारा निरंतर अनदेखी की जा रही है। आजादी के बाद कांग्रेस पार्टी ने बडी ही मुश्किल से इस देश को पटरी पर लाने का काम किया था, मोदी सरकार द्वारा तीव्रगति से देश को नुकसान पंहुचाने का काम किया जा रहा है। देश के लोगो को समझना होगा कि मोदी भाजपा सरकार के रहते देश का भला नही होने वाला है यह देश को लगातार पतन की ओर लेकर जा रहें है।

# फिट इंडिया मूवमेंट के तहत गतिविधियों का आयोजन..





जगप्रेरणा लखनादौन।

***फिट इंडिया मूवमेंट के तहत खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा संचालित समर कैंप में प्रतिदिन योग, प्राणायाम, मॉर्निंग रन, एक्सरसाइज एवं***

ग्रुप फिटनेस गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। यह समर कैंप श्रीमती मनु धुर्वे, डीएसओ खेल एवं युवा कल्याण विभाग सिवनी के निर्देशानुसार एवं शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य एम.एस. डहेरिया के मार्गदर्शन में संचालित किया जा रहा है। साथ ही ब्लॉक कोऑर्डिनेटर श्रीमती सुषमा डहरिया द्वारा भी बच्चों का मार्गदर्शन किया जा रहा है।इसी दौरान समर कैंप में सोमनाथ ऊईके के सुपुत्र सक्षम ऊईके का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सक्षम द्वारा केक काटकर बच्चों को स्वल्पाहार एवं आइसक्रीम वितरित की गई, वहीं बच्चों ने उत्साहपूर्वक उन्हें शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम में मनोज शर्मा, मुकेश कावेरी, अभिषेक श्रीवास्तव, सोमनाथ ऊईके, बलधर यादव, ऋषभ शिवहरे, मनोज यादव, दीपक यादव, प्रशिक्षक अनुज यादव, कबीर यादव एवं समर कैंप से जुड़े अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# विस्फोटक भंडारण के लाइसेंस धारकों के प्रतिष्ठानों का निरीक्षण



जगप्रेरणा सिवनी।

***प्रभारी कलेक्टर अनिल कुमार राठौर के निर्देशानुसार राजस्व एवं पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त रूप से जिले के विभिन्न क्षेत्रों में विस्फोटक अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है।***

इस दौरान विस्फोटक भंडारण के लाइसेंस धारकों के प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर स्टॉक की चेकिंग एवं सत्यापन किया जा रहा है। कार्यवाही के दौरान अधिकारियों द्वारा लाइसेंस की शर्तों के पालन, भंडारण व्यवस्था, सुरक्षा मानकों एवं अभिलेखों का परीक्षण किया जा रहा है। साथ ही निर्धारित नियमों के अनुरूप विस्फोटक सामग्री के रख-रखाव एवं उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए हैं। प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि जिले में सुरक्षा व्यवस्था एवं विधि व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से इस प्रकार की संयुक्त जांच एवं निरीक्षण कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

न्यू लाईफ मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
डॉ. आमिर अंसारी
MBBS, MS (Gen. Surgery), FMAS, FISCP
डॉ. समरीन आमिर अंसारी
MBBS, DGO (KEM, Mumbai), FMAS
विशेषज्ञ चिकित्सक सहित सुविधाएं उपलब्ध
मो.- 8817448039

दैनिक जगप्रेरणा मे समाचार एवं विज्ञापनो के लिये संपर्क करें मो. 9329033433

## आज शाम नगरपालिका परिषद के सामने एकत्र होकर मशाल जुलूस निकलेगी कांग्रेस..

जगप्रेरणा सिवनी।

देश की प्रतिष्ठित नीट(राष्ट्रीय पात्रता सह-प्रवेश) परीक्षा में हुए पेपर लीक प्रकरण ने सम्पूर्ण शिक्षा व्यवस्था की विश्वसनियता पर गंभीर प्रश्न खड़े कर दिया है लाखो मेहनती छात्र-छात्राओं एवं अभिभावको की आशाओं के साथ हुये इस अन्याय के विरोध में दोषियों पर कठोर कार्यवाही एवं पारदर्शी परीक्षा व्यवस्था की मांग को लेकर मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी सिवनी द्वारा दिनांक 16 मई 2026 दिन शनिवार को शाम 7 बजे नगरपालिका परिषद के सामने एकत्र होकर मशाल जुलूस निकाला जायेगा। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश मरावी ने जिले के समस्त कांग्रेस पदाधिकारी, निर्वाचित जनप्रतिधि, वरिष्ठ कांग्रेस नेता गण, प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि एवं पदाधिकारी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गण एवं समस्त मोर्चा संगठन, विभाग एवं प्रकोष्ठो के अध्यक्ष व पदाधिकारी, मंडलम, सेक्टर कांग्रेस अध्यक्ष गण, वार्ड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं सहित कांग्रेस जनों से उपस्थिति हेतु अपील की है।



कुंडली निर्माण, कुंडली मिलान, विवाह मुहूर्त, कुम्भ विवाह, वास्तु परामर्श, वास्तु शान्ति पूजन, पितृदोष, कालसर्प, अन्य ग्रहों की शांति पूजा एवं महामृत्युंजय अनुष्ठान, लक्ष्मी कुबेर अनुष्ठान, भैरव अनुष्ठान आदि के लिये संपर्क करें..

मार्गदर्शक
डॉ. अरविंदचन्द्र तिवारी
एसोसिएट प्रोफेसर कॉमर्स,
ज्योतिष पद्मविभूषण बालाघाट म.प्र.

ग्रहयोग भवन, नर्मदा नगर,
शिव मंदिर चौक, बालाघाट
मो. 94251-38638
94067-38800







दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

मनोज सचदेव
मो. 94258-22975


## कलेक्टर मृणाल मीना ने नगरीय निकायों के विकास कार्यों की समीक्षा कर दिये आवश्यक दिशा निर्देश..



जगप्रेरणा बालाघाट।

*कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने 15 मई को जिले के नगरीय निकाय बालाघाट, वारासिवनी, मलाजखंड, बैहर, कटंगी एवं लांजी के अधिकारियों की बैठक लेकर नगरीय क्षेत्रों में कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान अधिकारियों को आवश्यक* दिशा-निर्देश दिये गए। बैठक में संयुक्त कलेक्टर एवं शहरी विकास अभिकरण के परियोजना अधिकारी श्री राहुल नायक उपस्थित थे। बैठक में सर्वप्रथम नगरीय क्षेत्रों में स्वच्छता सर्वेक्षण की समीक्षा की गई। इस दौरान बताया गया कि बैहर एवं कटंगी में स्वच्छता सर्वेक्षण पूरा हो चुका है, जबकि अन्य निकायों में इसकी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

कलेक्टर श्री मीना ने निर्देश दिए कि इस वर्ष सभी निकायों की रैंकिंग में पिछले वर्ष की तुलना में सुधार होना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल सर्वेक्षण तक सीमित न रहे, बल्कि पूरे वर्ष नियमित रूप से जारी रहनी चाहिए। साथ ही प्लास्टिक एवं अन्य कचरे के उचित निस्तारण और सिंगल यूज प्लास्टिक पर रोक लगाने के निर्देश भी दिए गए।

### अमृत 2.0 योजना एवं जल निकासी व्यवस्था की समीक्षा

अमृत 2.0 अभियान के अंतर्गत वाटर सप्लाई योजनाओं की समीक्षा में पाया गया कि बालाघाट में कार्यों की प्रगति संतोषजनक नहीं है, जबकि कटंगी एवं लांजी में कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है। कलेक्टर श्री मीना ने सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को निर्देश दिए कि जल आपूर्ति योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा कराया जाए। इसके साथ ही वर्षा ऋतु शुरू होने से पहले नालियों एवं नालों की सफाई सुनिश्चित करने और जलभराव की स्थिति न बनने देने के निर्देश दिए गए। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत नगरीय क्षेत्रों में ग्रीन एरिया विकसित करने के निर्देश दिए गए। प्रत्येक नगरीय क्षेत्र में दो-दो तालाबों के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण का कार्य करने को कहा गया।

### आवास योजना एवं श्रमिक पंजीयन के निर्देश

आवास योजना की समीक्षा के दौरान नगरीय निकायों में निर्मित आवासों को शीघ्र हितग्राहियों को आवंटित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही सभी निकायों को अपने क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों का पीएम श्रमयोगी मानधन योजना में पंजीयन कराने के निर्देश भी दिए गए।

### पीएम स्वनिधि योजना के लाभ दिलाने पर जोर

बैठक में पीएम स्वनिधि योजना के प्रकरणों की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पात्र हितग्राहियों को योजना का अधिक से अधिक लाभ दिलाया जाए।






## 20 मई को देशव्यापी आंदोलन के तहत बालाघाट जिले में बंद रहेंगी दवा दुकानें..

### दवा विक्रेताओं के अस्तित्व व जन स्वास्थ्य को बचाने बालाघाट केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन की अपील..



जगप्रेरणा बालाघाट।

*ऑनलाइन फार्मेसी की मनमानी व डीप डिस्काउंट के खिलाफ ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन ने 20 मई को एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी बंद का ऐलान किया है। इसके तहत बालाघाट में भी बंद का समर्थन करते हुए जिले की सभी दवा दुकानें बंद रखने का निर्णय लेते हुए बालाघाट*

केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन ने घोषणा की है। संगठन द्वारा केन्द्र सरकार से मांग की गई है कि कोविड काल की अस्थायी अधिसूचना को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाए। ई-फार्मेसी से जुड़ी अधिसूचना को वापस लिया जाए। कॉरपोरेट्स की अनुचित छूट पर रोक के लिए एक समान मूल्य नीति बनाई जाए।

### बोले सुरेश सोनी..

इस संबंध में केमिस्ट एण्ड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के जबलपुर जोन उपाध्यक्ष प्रियंक वर्मा व बालाघाट एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेश सोनी ने बताया कि ऑन लाइन दवाएं आ रही है। ई-फार्मेसी प्लेटफॉर्म बिना भौतिक सत्यापन के दवाएं बेच रहे हैं। एक ही प्रिस्क्रिप्शन का बार-बार इस्तेमाल हो रहा है। एआई आधारित फर्जी पर्चों से एंटीबायोटिक्स और नशीली दवाएं आसानी से मिल रही हैं। इससे एंटी माइक्रोबियल रेसिस्टेंस का खतरा बढ़ रहा है। बड़े कॉरपोरेट संस्थान दवाओं पर भारी छूट दे रहे हैं। जबकि जरूरी दवाओं का मार्जिन सरकार तय करती है। ये संस्थान अनुचित व्यापारिक प्रतिस्पर्धा पैदा कर रहे है। इससे ग्रामीण और छोटे शहरों के केमिस्टों का धंधा चौपट हो रहा है। इससे दवा सप्लाई चेन टूटने का खतरा है। उन्होंनें कहा कि 26 मार्च 2020 कोविड-19 के दौरान जारी अधिसूचना आज भी लागू है। इससे डिजिटल प्लेटफॉर्म औषधि नियम 65 के कड़े प्रावधानों को तोड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि बालाघाट केमिस्ट एसोसिएशन को इंडियन मेडिकल काउंसिल का भी पूर्ण समर्थन है।

### आईएमए ने दिया समर्थन..

आईएमए के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. बी.एम शरणागत ने ऑनलाइन फार्मेसी व गलत प्रिस्क्रिप्शन पर दी जाने वाली नशीली दवाओं का कड़ा विरोध करते हुए इस बंद को प्रदेश भर में समर्थन देने की बात कही है। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने लोगों से आव्हान किया है कि 20 मई को होने वाले देशव्यापी बंद को देखते हुए अपनी आवश्यक दवाओं का पहले ही क्रय कर लेंवे। जिससे वे परेशानी से बच सकें।

## बालाघाट के बन्दरझिरिया रेलवे ट्रेक के समीप

## मुखमाटी एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से अज्ञात व्यक्ति की मौत, दो भागों में कटा शरीर..

### मृतक की नहीं हो सकी पहचान.. पुलिस लगा रही पता..



जगप्रेरणा बालाघाट।

*गुरुवार की देर रात हट्टा- बालाघाट रेलवे स्टेशन के बीच एक अज्ञात व्यक्ति की एक्सप्रेस ट्रेन से कटने से मौके पर ही मौत हो गई। घटना ग्रामीण थाना नवेगांव के अंतर्गत आने वाले बन्दरझिरिया रेलवे ट्रेक समीप रात्रि करीब 1 बजे की बताई गई है। जहाँ रायपुर से चलकर*

गोंदया- बालाघाट होते हुए जबलपुर की ओर जाने वाली ट्रेन संख्या 11701 मुखमाटी एक्सप्रेस की चपेट में आने से अज्ञात व्यक्ति के हाथ पांव सहित कमर के नीचे का हिस्सा कटकर पूरी तरह से अलग हो गया जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। उधर मामले की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुची पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही कर शव को अपने कब्जे में लिया जिसे पोस्टमार्टम के लिए देर रात्रि जिला अस्पताल पहुचाया गया है। उधर उक्त अज्ञात शव की शिनाख्त ना होने के चलते शुक्रवार सुबह शव का पोस्टमार्टम नही हो सका। जिसकी शिनाख्त, नवेगांव पुलिस द्वारा मृतक की फोटो विभिन्न थाना चौकियों में भेजकर कराई जा रही है। ट्रेन की चपेट में आने से मृत हुआ व्यक्ति कौन है, कहां का रहने वाला है, कहां से आया था, कहां जा रहा था और यह ट्रेन की चपेट में कैसे आ गया फिलहाल इसकी जानकारी नहीं लग पाई है। मुखमाटी एक्सप्रेस के लोको से मिली सूचना पर मौके पर पहुंची आरपीएफ पुलिस ने कार्यक्षेत्र के बाहर का मामला होने के चलते मामले की सूचना तत्काल ग्रामीण थाना पुलिस को दी, जहां सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची नवेगांव पुलिस ने मर्ग कायम कर, पंचनामा सहित अन्य आवश्यक कार्यवाही पूरी की। वहीं अज्ञात व्यक्ति के शव को बरामद कर, पोस्टमार्टम कराने के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया है। वही ट्रेन हादसे में मृतक हुए करीब 50 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति की शिनाख्त शुरू कर दी गई है

## आईटीआई बालाघाट में किया गया प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना अंतर्गत प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित

### पीएम सूर्यघर योजना से युवाओं को मिल रहा रोजगार और आत्मनिर्भरता का अवसर



जगप्रेरणा बालाघाट।

शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) बालाघाट में प्रधानमंत्री सूर्यघरः मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत प्रशिक्षण पूर्ण कर चुके प्रशिक्षणार्थियों के लिए 15 मई 2026 को प्रमाण पत्र वितरण समारोह का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम में सफल प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर प्राचार्य श्रीमती सपना रहांगडाले ने बताया कि प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना के माध्यम से युवाओं को निःशुल्क तकनीकी प्रशिक्षण देकर उन्हें रोजगार एवं स्वरोजगार के लिए सक्षम बनाया जा रहा है। यह योजना युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। योजना के अंतर्गत अब तक संस्था द्वारा 8 बैचों में कुल 158 प्रशिक्षणार्थियों का पंजीयन किया गया है। इनमें से 133 प्रशिक्षणार्थियों का असेसमेंट कार्य पूर्ण हो चुका है तथा 123 प्रशिक्षणार्थियों के प्रमाण पत्र पोर्टल पर जनरेट किए जा चुके हैं। वर्तमान में 25 प्रशिक्षणार्थियों का प्रशिक्षण कार्य जारी है। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने प्रशिक्षणार्थियों के कौशल एवं मेहनत की सराहना करते हुए उन्हें रोजगार एवं स्वरोजगार के क्षेत्र में आगे बढने के लिए प्रेरित किया। अतिथियों ने कहा कि तकनीकी प्रशिक्षण आज के समय में युवाओं के लिए बेहतर भविष्य का मजबूत आधार बन रहा है। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती प्रीती मार्सकोले, महाप्रबंधक रोजगार एवं उद्योग विभाग बालाघाट, श्रीमती माया मनीष परते, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क विकास इकाई, श्री कमल ब्राम्हे, प्राचार्य सतपुड़ा प्राइवेट आईटीआई बालाघाट एवं अंकित लिल्हारे, डायरेक्टर अंकित सोलर पावर प्राइवेट लिमिटेड बालाघाट उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में संस्था के भारत नेवारे (प्रशिक्षण अधीक्षक), दशरथ बिसेन, अरुण कुमार रामटेके, जगदीश मेश्राम, प्रशांत मेश्राम (प्रशिक्षण अधिकारी), संकेत मेश्राम (औषधि संयोजक), रविंद्र भारती एवं विशाल चौधरी (कर्मशाला सहायक) का विशेष सहयोग रहा।

## महिलाओं एवं बालिकाओं के अधिकारों पर कार्यशाला आयोजित




जगप्रेरणा बालाघाट।

*कलेक्टर श्री मृणाल मीना एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी (महिला एवं बाल विकास विभाग) श्रीमती दीपमाला मंगोदिया के मार्गदर्शन में मिशन शक्ति 'हब फॉर एम्पावरमेंट' अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं के अधिकारों संबंधी जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया।*

यह कार्यशाला ग्राम पंचायत कायदी, विकासखंड वारासिवनी एवं आंगनवाड़ी नर्सरी स्कूल भटेरा, विकासखंड बालाघाट में आयोजित की गई। कार्यशाला में महिलाओं एवं बालिकाओं से संबंधित अधिकारों और सुरक्षा कानूनों की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रतिभागियों को मिशन शक्ति अंतर्गत बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना, महिला हेल्पलाइन 181, बाल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 एवं चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के बारे में जागरूक किया गया।

इसके साथ ही घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005, बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006, लैंगिक अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम 2012, गर्भधारण पूर्व एवं प्रसवपूर्व निदान तकनीक (लिंग चयन प्रतिषेध) अधिनियम 1994 तथा मेडिकल टर्मिनेशन ऑफप्रेगनेंसी (एमटीपी) अधिनियम से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी भी साझा की गई।

कार्यशाला में बाल विवाह रोकथाम, महिला सुरक्षा, साइबर अपराधों से बचाव तथा महिलाओं के कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक रहने पर विशेष जोर दिया गया।

**उपस्थित महिलाओं एवं बालिकाओं को किसी भी प्रकार की समस्या होने पर हेल्पलाइन नंबरों का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया।**

**कार्यक्रम में सुपरवाइजर श्रीमती सरला भोयर, केस वर्कर श्रीमती यानिता रहांगडाले, आईटी वर्कर श्रीमती सुनीता पारधी, सरपंच श्रीमती रेखा नगरगड़े, सचिव श्री रमेश इन्दुकर, सहायक सचिव सुरेन्द्र ठाकरे सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं एवं बालिकाएं उपस्थित रहीं।**

## बड़ी कुम्हारी निवासी युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस..

जगप्रेरणा बालाघाट। कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम बड़ी कुम्हारी निवासी 23 वर्षीय युवक ने अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली जिसकी सूचना पुलिस को मिलते ही पुलिस ने मौके स्थल पर पहुंचकर शव बरामद कर पंचनामा आवश्यक कार्रवाई कर शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया है। कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक विजय पिता गुलाब गराडे 23 वर्ष निवासी बड़ी कुम्हारी ने 14 मई को शाम में अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली उस समय घर पर कोई मौजूद नहीं था सब अपने-अपने काम से चले गए थे जैसे ही शाम को लौटे तो देखा कि घर का दरवाजा आगे पीछे से बंद है जिसके बाद में परिजन जैसे तैसे अंदर गए तो कमरे में विजय का फांसी पर लटका हुआ शव देखा जिसकी सूचना पुलिस को दी गई पुलिस ने मौके स्थल पर पहुंचकर शव बरामद किया और पंचनामा की कार्रवाई पूर्ण की वही रात होने के कारण पोस्टमार्टम नहीं हो सका जिसका पोस्टमार्टम 15 मई को जिला अस्पताल में करवाया गया वहीं फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

## प्रसव के बाद बिगड़ी तबीयत, जिला अस्पताल में महिला की मौत

**जगप्रेरणा बालाघाट।** प्रसव के बाद अचानक तबीयत बिगड़ने पर जिला अस्पताल में भर्ती एक महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतिका की पहचान सुनिला पति प्रेम सिंह मरकाम (31) निवासी ग्राम बाहीटोला टिंगीपुर थाना मलाजखंड के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुनिला का मायका हीरापुर गढ़ी में है। करीब 9 वर्ष पहले सुनिला और प्रेम सिंह मजदूरी करने के लिए हैदराबाद गए थे। वहीं दोनों के बीच प्रेम संबंध हुए और उन्होंने विवाह कर लिया। शादी के बाद से दोनों पति-पत्नी हैदराबाद में रहकर मजदूरी का कार्य करते थे। बताया गया है कि शादी के लगभग 8 वर्ष बाद सुनिला गर्भवती हुई थी। करीब 10 दिन पहले उसने हैदराबाद में अपने किराए के कमरे में ही एक बेटे को जन्म दिया था। प्रसव के पांच दिन बाद ही सुनिला के पेट में तेज दर्द और शरीर में सूजन की शिकायत शुरू हो गई। हालत बिगड़ने पर पति प्रेम सिंह उसे लेकर हीरापुर गढ़ी आया और बिरसा अस्पताल में भर्ती कराया। 14 मई को तबीयत अधिक गंभीर होने पर डॉक्टरों ने सुनिला को जिला अस्पताल बालाघाट रेफर कर दिया। जिला अस्पताल पहुंचने पर उसे ट्रामा सेंटर में भर्ती किया गया, लेकिन स्थिति लगातार बिगड़ती गई।



दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

अजय रजक गढ़ी

मो. 84353 19391

# बैहर में उत्कृष्ट विद्यार्थियों का किया गया सम्मान, बोर्ड परीक्षा परिणामों की हुई समीक्षा..

जगप्रेरणा बैहर।

***एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बैहर में शुक्रवार 15 मई 2026 को कक्षा 10वीं एवं 12वीं की एमपी और सीबीएसई बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के सम्मान समारोह एवं विकासखंड स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।***







कार्यक्रम की अध्यक्षता अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं प्रभारी परियोजना प्रशासक आईटीडीपी बैहर श्री अर्पित गुप्ता ने की, जबकि अनुविभागीय अधिकारी राजस्व परसवाड़ा श्री श्रीष प्यासी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में सहायक परियोजना प्रशासक आईटीडीपी बैहर श्रीमती विमला सरयाम, विकासखंड अधिकारी बैहर श्री एन.के. वैद्य, विकासखंड अधिकारी बिरसा श्री के.के. पारधी तथा विकासखंड अधिकारी परसवाड़ा श्री डी.डी. ठाकरे सहित तीनों विकासखंडों के प्राचार्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ एसडीएम श्री अर्पित गुप्ता द्वारा विद्यार्थियों को भविष्य निर्माण एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी को लेकर प्रेरणादायक मार्गदर्शन देकर किया गया। इस दौरान विकासखंड बैहर, बिरसा एवं परसवाड़ा के कक्षा 10वीं एवं 12वीं के बोर्ड परीक्षा परिणामों की विस्तृत समीक्षा की गई। विद्यालयवार परीक्षा परिणामों का अवलोकन करते हुए शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार एवं बेहतर प्रदर्शन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं ने अपने भविष्य, कैरियर एवं प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित सवाल पूछे, जिनका अधिकारियों द्वारा विस्तारपूर्वक समाधान किया गया। विद्यार्थियों ने विशेष रूप से क्लस्ट, क्लस्ट एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी को लेकर जिज्ञासाएं रखीं, जिन पर मंचासीन अतिथियों ने उपयोगी मार्गदर्शन प्रदान किया। इस अवसर पर बैहर, बिरसा एवं परसवाड़ा विकासखंड की विभिन्न संस्थाओं में कक्षा 10वीं एवं 12वीं में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले कुल 265 विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया। बैठक में प्राचार्यों एवं अधिकारियों ने 12वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों के कैरियर मार्गदर्शन एवं बेहतर परीक्षा परिणामों के लिए आगामी कार्ययोजना पर भी चर्चा की।

# हर घर जल योजना ने बदला पूनम का जीवन, दूर हुई पानी की किल्लत, अब समय पर जाती हैं स्कूल

जगप्रेरणा बालाघाट।

***मध्यप्रदेश शासन की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही है। इस योजना ने न केवल घर-घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाया है, बल्कि लोगों की दिनचर्या, शिक्षा और स्वास्थ्य पर भी गहरा प्रभाव डाला है।***

ऐसी ही प्रेरणादायक कहानी है बालाघाट जिले के विकासखंड बिरसा के ग्राम मंडई की रहने वाली पूनम पटले की, जिनका जीवन अब पहले से कहीं अधिक आसान और खुशहाल हो गया है।

पूनम पटले कक्षा 11वीं की छात्रा हैं। कुछ समय पहले तक उनका जीवन पानी की गंभीर समस्या से जूझ रहा था। गांव में पेयजल का कोई स्थायी साधन नहीं था। प्रतिदिन सुबह-सुबह पूनम को घर के लिए पानी लाने कई किलोमीटर दूर हैंडपंप और कुओं तक पैदल जाना पड़ता था। पानी भरने में उनका काफी समय और मेहनत लग जाती थी। पानी की व्यवस्था करने में सुबह का अधिकांश समय बीत जाने के कारण पूनम अक्सर स्कूल देर से पहुंचती थीं। देर से पहुंचने पर उन्हें शिक्षकों की डांट भी सुननी पड़ती थी। इसका असर उनकी पढ़ाई और मानसिक स्थिति दोनों पर पड़ रहा था। पढ़ाई में मन लगाना कठिन हो गया था और हर दिन की शुरुआत चिंता और परेशानी से होती थी। लेकिन जल जीवन मिशन ने पूनम के जीवन में एक नई उम्मीद लेकर आया। गांव में शासन द्वारा योजना के अंतर्गत पानी की टंकी का निर्माण कराया गया और घर-घर पाइपलाइन बिछाकर नल कनेक्शन दिए गए। पूनम के घर में भी नल कनेक्शन लगाया गया, जिससे अब उन्हें घर बैठे शुद्ध पेयजल मिलने लगा है।



अब पूनम को पानी के लिए दूर-दूर तक भटकना नहीं पड़ता। पानी लाने में लगने वाला समय बचने लगा है, जिससे वे समय पर स्कूल पहुंचती हैं और पढ़ाई पर पूरा ध्यान दे पा रही हैं। उनके चेहरे पर अब आत्मविश्वास और खुशी साफ दिखाई देती है। पूनम कहती हैं, ÷पहले पानी की बहुत समस्या थी। दूर-दूर से पानी लाना पड़ता था, जिससे स्कूल जाने में देर हो जाती थी और शिक्षकों की डांट पड़ती थी। लेकिन जब से जल जीवन मिशन के तहत गांव में पानी की टंकी बनी है, तब से घर पर ही नल से पानी मिलने लगा है। मेरी यह बड़ी परेशानी दूर हो गई है। इसके लिए मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दिल से धन्यवाद देती हूं।÷

जल जीवन मिशन आज केवल एक योजना नहीं, बल्कि ग्रामीण परिवारों के जीवन में बदलाव और खुशहाली की नई कहानी बन रहा है। पूनम पटले की यह कहानी इस बात का जीवंत उदाहरण है कि ÷हर घर जल÷ का सपना अब गांव-गांव में साकार हो रहा है।

# तीन साल तक फल देने वाले बैंगन ने बदली किसान परदेशी वट्टी की जिंदगी..

## अमोली के किसान ने आधुनिक तकनीक से खेती को बनाया लाभ का व्यवसाय..



जगप्रेरणा बालाघाट।

***बालाघाट जिले के छोटे से गांव अमोली में रहने वाले किसान परदेशी वट्टी कभी पारंपरिक खेती की परेशानियों से जूझ रहे थे। हर वर्ष वे धान और गेहूं की खेती तो करते थे, लेकिन बढ़ती लागत, अनियमित वर्षा और कम उत्पादन के कारण उन्हें पर्याप्त लाभ नहीं मिल पाता था।***

बीज, खाद और उर्वरकों पर खर्च बढ़ता जा रहा था, जबकि आमदनी सीमित थी। ऐसे में परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत करना उनके लिए बड़ी चुनौती बन गया था।

लेकिन परदेशी वट्टी ने परिस्थितियों से हार मानने के बजाय खेती में नवाचार का रास्ता चुना। उन्होंने अपनी आय बढ़ाने के उद्देश्य से एक एकड़ भूमि में 'अक्षिता' ग्राफ्टेड बैंगन की बहुवर्षीय खेती शुरू करने का निर्णय लिया। यह निर्णय उनके जीवन का टर्निंग पॉइंट साबित हुआ। कृषि विभाग (आत्मा) के सहयोग से कैफेटेरिया बी-3बी योजना के अंतर्गत उन्हें रायपुर से ग्राफ्टेड बैंगन के उन्नत पौधे उपलब्ध कराए गए। परदेशी ने ऐसी उच्च उत्पादन वाली किस्म का चयन किया, जो लंबे समय तक उत्पादन देने में सक्षम थी। जहां सामान्य रूप से किसान एक सीजन के बाद पौधों को हटा देते हैं, वहीं परदेशी ने वैज्ञानिक तरीके से उन्हीं पौधों की लगातार देखभाल जारी रखी।

उन्होंने खेती में ड्रिप सिंचाई और मल्चिंग तकनीक अपनाई, जिससे पानी की बचत हुई और मिट्टी में लंबे समय तक नमी बनी रही। इससे खरपतवार कम हुए और उत्पादन लागत भी घटी। नियमित कटाई-छंटाई, जैविक खाद एवं नीम आधारित छिड़काव के उपयोग से पौधे स्वस्थ और मजबूत बने रहे। उचित कीट एवं रोग प्रबंधन के कारण बैंगन के पौधे लगातार उत्पादक बने रहे। पहले ही वर्ष में उन्हें बैंगन की फसल से उत्कृष्ट उत्पादन प्राप्त हुआ। बाजार में अच्छी मांग और बेहतर कीमत मिलने से उनकी आय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। परिणामों से उत्साहित होकर उन्होंने अगले वर्षों में भी उन्हीं पौधों की देखभाल जारी रखी। सही प्रबंधन के कारण बैंगन के पौधे लगभग तीन वर्षों तक लगातार उत्पादन देते रहे। इससे हर साल भूमि तैयार करने, नए पौधे लगाने और मजदूरी पर होने वाला खर्च काफी कम हो गया। इस नवाचारपूर्ण खेती मॉडल से न केवल उनकी आय बढ़ी, बल्कि रासायनिक उर्वरकों के कम उपयोग से मिट्टी की गुणवत्ता में भी सुधार आया। आज आसपास के गांवों के किसान उनकी खेती देखने और आधुनिक तकनीकों को सीखने के लिए पहुंच रहे हैं। आज परदेशी वट्टी अपने क्षेत्र में एक प्रगतिशील किसान के रूप में पहचान बना चुके हैं। उनकी सफलता यह साबित करती है कि सही योजना, आधुनिक तकनीक और मेहनत के बल पर किसान खेती को लाभ का व्यवसाय बना सकते हैं। अमोली गांव के इस किसान की प्रेरणादायक कहानी अब अनेक किसानों और युवाओं को नवाचार आधारित खेती अपनाने की प्रेरणा दे रही है।

# अवैध महुआ शराब के खिलाफ आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई

## सुरवाही के जंगल से 425 किलो लाहन जब्त, 42 हजार रुपये की सामग्री नष्ट

जगप्रेरणा बालाघाट।

***कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देशानुसार एवं जिला आबकारी अधिकारी श्री अजीत एक्का के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग द्वारा जिले में अवैध शराब के निर्माण एवं विक्रय के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है।***



इसी क्रम में 15 मई 2026 को सुबह-सुबह आबकारी विभाग की टीम ने ग्राम सुरवाही के जंगल क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध महुआ शराब निर्माण में प्रयुक्त लगभग 425 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया है।

गोपनीय सूचना पर आबकारी वृत्त बालाघाट की टीम ने 15 मई को सुबह ग्राम सुरवाही के जंगल में नाले के किनारे अलग-अलग स्थानों पर दबिश दी, जहां अवैध रूप से महुआ की अमानक कच्ची शराब बनाने की तैयारी की जा रही थी। मौके पर बोरियों में भरा हुआ लगभग 425 किलोग्राम महुआ लाहन बरामद किया गया है। कार्रवाई के दौरान मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) के तहत एक प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। आबकारी विभाग द्वारा आवश्यक सैंपल सुरक्षित रखने के बाद शेष लाहन को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया है। जब्त सामग्री का अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 42 हजार रुपये बताया गया है।

इस कार्रवाई में वृत्त प्रभारी एवं उपनिरीक्षक श्री रमाकांत बघेल, आरक्षक सुरेंद्र गजभिए, आरिफ खान एवं विशाल धुर्वे की महत्वपूर्ण भूमिका रही। जिला आबकारी विभाग ने स्पष्ट किया है कि अवैध शराब के निर्माण, संग्रहण एवं विक्रय के विरुद्ध इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी, ताकि राजस्व की सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ-साथ आमजन के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को भी संरक्षित किया जा सके।

दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनों के लिये संपर्क करे.. मो। 9329033433

# नाबालिग को आत्महत्या के लिए उकसाने वाला युवक गिरफ्तार..

## सुसाइड नोट और हस्तलिपि जांच के बाद पुलिस ने की कार्रवाई, आरोपी न्यायालय में पेश



जगप्रेरणा हट्टा।

***थाना हट्टा पुलिस ने नाबालिग बालिका को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया है।***

पुलिस के अनुसार ग्राम पिपरझरी (आवास टोला) में 22 फरवरी 2026 को एक नाबालिग बालिका ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। मामले में थाना हट्टा में मर्ग कायम कर जांच शुरू की गई।

जांच के दौरान सामने आया कि ग्राम सालेटेका निवासी युवक रोहित चामलाटे का बालिका से परिचय और मित्रता थी। युवक लगातार फोन पर संपर्क कर बालिका को मानसिक रूप से प्रताड़ित करता था। 2 फरवरी 2026 को भी युवक ने फोन पर बालिका को प्रताड़ित किया, जिससे आहत होकर उसने आत्मघाती कदम उठा लिया। पुलिस को मौके से एक सुसाइड नोट भी मिला था, जिसमें युवक द्वारा प्रताड़ना का उल्लेख किया गया था। सुसाइड नोट की हस्तलिपि विशेषज्ञ से जांच कराई गई, जिसमें यह पुष्टि हुई कि नोट बालिका ने ही लिखा था।

संपूर्ण जांच के बाद पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफथाना हट्टा में अपराध क्रमांक 51/26 धारा 107 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया। विवेचना के दौरान शुक्रवार को आरोपी रोहित पिता अशोक चामलाटे (21) निवासी सालेटेका थाना हट्टा को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

कार्रवाई में थाना प्रभारी उप निरीक्षक अविनाश राठौड, सउनि विजय कुमार पटले, प्रधान आरक्षक निखिलेश अग्निहोत्री, नंदकिशोर ठाकुर एवं कमलेश भीतेकर की सराहनीय भूमिका रही।

# जिला विकास समन्वय एवं जिला मूल्यांकन समिति (दिशा) की बैठक 21 मई को आयोजित

जगप्रेरणा बालाघाट।

***जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक का आयोजन 21 मई 2026 को दोपहर 12 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष, बालाघाट में किया जाएगा।***

बैठक सांसद श्रीमती भारती पारधी की अध्यक्षता में आयोजित होगी। बैठक में जिले की विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा की जाएगी। विशेष रूप से कृषि, शिक्षा, एचसीएल मलाजखंड एवं मॉयल लिमिटड, नगरपालिका, लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवाएँ आरईएस 01 एवं 02, पीएमजीएसवाय 01 एवं 02, स्वास्थ्य विभाग, आदिम जाति कल्याण विभाग, जल संसाधन एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की योजनाओं पर चर्चा एवं समीक्षा प्रस्तावित है। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे और योजनाओं की प्रगति, समस्याओं एवं समाधान पर विस्तृत जानकारी प्रस्तुत करेंगे। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफ ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय पर उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

**व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..**

*बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं। जगप्रेरणा के मो। 93290 33433 को किसी भी ग्रुप में जोड़ा जा सकता है।*

# थाना गढी के प्रकरण में 06 वर्ष से जमानत से फरार आरोपी को किया गिरफ्तार..

जगप्रेरणा गढ़ी।

***थाना गढी के अप.क्र. 05/17 एवं माननीय न्यायालय के प्रकरण क्र.06/17 धारा 376 ताहि 3/4, 5ठ/6 पाक्सों एक्ट में आरोपी तीजू दास पिता दोंदे दास मांगरे जाति पनिका उम्र 50 वर्ष निवासी ग्राम***



गढ़ी बाजारचौक जो माननीय न्यायालय से जमानत प्राप्त कर जमानत आदेश का उलंघन कर फरार होकर पिछले 06 वर्षो से लगातार फरार था जिसका माननीय न्यायालय द्वारा गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया है एवं श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा ईनाम उदघोषित किया गया है। आरोपी के मोबाईल नम्बर प्राप्त कर लोकेशन के आधार पर दिनाँक 14/05/2026 को ग्राम पारडी नागपुर (महाराष्ट्र) टिम्बर मार्केट से गिरफ्तार किया गया है । वारन्टी को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया । श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जी श्री आदित्य मिश्रा के निर्देशन, श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) महोदय बैहर श्री करनदीप सिंह के मार्गदर्शन में थाना गढी में जमानत पर से 06 वर्षो से फरार आरोपी को गिरफ्तार किया गया ।

गिरफ्तार फरार आरोपी का नाम पता - तीजू दास पिता दोंदे दास मांगरे जाति पनिका उम्र 50 वर्ष निवासी ग्राम गढ़ी बाजारचौक जिला बालाघाट (म.प्र.) उक्त उल्लेखनीय कार्य में उनि योगेश कुमरे, आर.1374 नागवेन्द्र पाण्डे, आर. 141 नितेश श्रीनाग, आर. 214 रोमेश मिश्रा, आर. 833 दानिश खान, आर.834 शुभम सेन एसएसयू विजय बंसोड, वि.सै.चा. सैफअली खान का विशेष योगदान रहा।












दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

गौरव अग्रवाल कटंगी

मो. 7974944900


# कोयलारी जंगल में मिली विवाहिता की सड़ी - गली लाश, क्षेत्र में सनसनीः हत्या या वन्यजीव का हमला..



जगप्रेरणा कटंगी (बालाघाट)।

***कटंगी-तिरोड़ी तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम कोयलारी के समीपस्थ जंगलों में एक अज्ञात महिला की सड़ी-गली लाश मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है।***

शुक्रवार सुबह जब ग्रामीणों को जंगल के भीतर शव होने की भनक लगी, तो तत्काल इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। मामला गंभीर होने के कारण कटंगी थाना पुलिस सहित फॉरेंसिक विभाग (स्नस्रु) की टीम तुरंत खोजी श्वान और वैज्ञानिक साक्ष्यों के साथ मौके पर पहुंची।कंकाल में तब्दील हो चुका है शव ,पुलिस से मिली प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, मृतिका का शव अत्यधिक विकृत और सड़ चुका है। शव को देखकर अनुमान लगाया जा रहा है कि मौत करीब 8 दिन पहले हुई होगी।

इतने दिनों तक शव जंगल में पड़े रहने के कारण वह पूरी तरह अस्थि-पंजर (कंकाल) में तब्दील हो चुका है। मांस गल जाने और कीड़े लग जाने के कारण चेहरा पहचान में नहीं आ रहा है, जिससे मृतिका की शिनाख्त पुलिस के लिए एक बड़ी चुनौती बन गई है।

गले में मिला मंगलसूत्र, विवाहिता होने का अनुमान - फॉरेंसिक टीम और पुलिस द्वारा घटना स्थल के सूक्ष्म निरीक्षण के दौरान मृतिका के गले में एक आर्टिफिशियल मंगलसूत्र बरामद हुआ है। इस आभूषण के आधार पर पुलिस का प्राथमिक अनुमान है कि मृतिका विवाहित महिला थी। पुलिस आस-पास के गांवों में ऐसी विवाहित महिलाओं की सूची तैयार कर रही है जो पिछले एक सप्ताह से लापता हैं।

दोनों पहलुओं पर जांच महिला की मौत किन परिस्थितियों में हुई, यह अभी तक पूरी तरह रहस्य बना हुआ है। कोयलारी का यह क्षेत्र घने जंगलों और वन्यजीवों की आवाजाही के लिए जाना जाता है, इसलिए पुलिस दो मुख्य बिंदुओं पर अपनी तफ्तीश केंद्रित कर रही हैःजंगली जानवर का हमलाः क्या महिला सूखी लकड़ियां तेंदूपत्ता तोड़ने या महुआ चुनने जंगल आई थी और किसी हिंसक वन्यजीव (जैसे तेंदुआ या बाघ) का शिकार बन गई?

क्या किसी अज्ञात आरोपी ने महिला की किसी अन्य स्थान पर हत्या कर साक्ष्य छुपाने के उद्देश्य से शव को इस सुनसान जंगल में फेंक दिया? शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा, गुमशुदगी रिपोर्ट खंगाल रही पुलिसघटनास्थल की औपचारिकताएं पूरी करने केद्य बाद पुलिस ने शव का पंचनामा तैयार किया और अवशेषों को विस्तृत अंत्यपरीक्षण के लिए कटंगी सिविल अस्पताल भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम की अंतिम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों (दम घुटने, चोट या किसी हथियार के वार) का खुलासा हो सकेगा।फिलहाल, कटंगी और तिरोड़ी पुलिस आसपास के थानों के समन्वय से पिछले 10 से 15 दिनों के भीतर दर्ज हुई गुमशुदगी के रिकॉर्ड खंगाल रही है। पुलिस ने क्षेत्रीय नागरिकों से भी अपील की है कि यदि उनके परिवार, रिश्तेदार या जान-पहचान में कोई महिला लापता है, तो तत्काल थाने में संपर्क करें।

पुलिस की टीमें कोयलारी और आसपास के ग्रामीणों से भी पूछताछ कर रही हैं ताकि शुक्रवार से पहले जंगल में देखी गई किसी भी संदिग्ध गतिविधि का सुराग मिल सके।

# वन विभाग की मिलीभगत से बेशकीमती सागौन की तस्करी, सबूत मिटाने के लिए ठूंठों को फूंका; जांच के नाम पर केवल खानापूर्ति..

जगप्रेरणा कटंगी (बालाघाट)।

***दक्षिण वन मंडल सामान्य के तहत आने वाले परिक्षेत्र कटंगी कन्हड़गांव सर्किल के अंबेझरी बीट क्रमांक 570 से वन संपदा की सरेआम लूट का एक बेहद गंभीर मामला सामने आया है।***









यहां तैनात वनरक्षक संतोष चौबे ने विभागीय संरक्षण में दो चौकीदारों के साथ मिलकर जंगल के बेशकीमती और बेहद टिकाऊ सागौन के पेड़ों को कटवा दिया। विनाश का यह खेल यहीं नहीं रुका, बल्कि चोरी छिपे इन कीमती लकड़ियों को पड़ोसी राज्य में ऊंचे दामों पर बिकवा कर जेबें गर्म कर ली गई।सबूत मिटाने के लिए जंगलों में लगाई आग इस बड़ी तस्करी को अंजाम देने के बाद वनरक्षक और उसके सहयोगियों ने पकड़े जाने के डर से साक्ष्यों को मिटाने की घिनौनी कोशिश की।

पेड़ों की कटाई के बाद जमीन पर बचे लकड़ी के ठूंठों को आग के हवाले कर दिया गया, ताकि वन विभाग की टीम को भनक तक न लग सके। जब इस पूरे काले कारनामे की भनक वनपाल ओमप्रकाश जगने को लगी, तो उन्होंने तुरंत इसकी लिखित रिपोर्ट वनपरिक्षेत्र अधिकारी को सौंपी। अधिकारियों का रवैया उदासीन, पहले भी दब चुकी हैं फाइलें शिकायत के बाद वनपरिक्षेत्र अधिकारी बाबूलाल चढ़ार अब परंपरागत तरीके से 'जांच जारी है' का रटा-रटाया बयान दे रहे हैं। स्थानीय ग्रामीणों में इस बात को लेकर भारी आक्रोश है। दक्षिण वन मंडल सामान्य के विभिन्न बीटों में इस प्रकार पेड़ों की कटाई पहली बार नहीं हुई है। इससे पहले भी जंगलों से कीमती लकड़ियां गायब होने और तस्करी की कई बड़ी घटनाएं सामने आ चुकी हैं, लेकिन भ्रष्ट तंत्र की मेहरबानी के चलते आज तक किसी भी दोषी पर कोई कड़ी दंडात्मक कार्रवाई नहीं हुई। हर बार जांच की फाइलें ठंडे बस्ते में डाल दी जाती हैं।यदि उच्च अधिकारियों ने इस बार भी मामले को दबाने की कोशिश की, तो कटंगी के हरे-भरे जंगल पूरी तरह साफ हो जाएंगे। जनता अब इस पूरे मामले की निष्पक्ष और उच्च स्तरीय जांच की मांग कर रही है।

## बोले वनपाल ओमप्रकाश जगने..

'निरीक्षण के दौरान हमें जंगल में अवैध कटाई के साक्ष्य (टूँठ) मिले हैं। जांच में सामने आया है कि वनरक्षक द्वारा ही सागौन की कीमती लकड़ी को अवैध रूप से कटवा कर बेचा गया मैंने तुरंत जांच प्रतिवेदन और पंचनामा तैयार कर वरिष्ठ अधिकारियों को सौंप दिया है। मामले की विस्तृत जांच जारी है, और आगे की कार्रवाई अधिकारियों के निर्देशानुसार तय होगी।'

# जिला पंचायत सदस्या ने किया बैंक की भूमि पर अवैध कब्जा, आधिपत्य बचाने बैंक के नाम स्वीकृत करवाई बाउण्ड्रीवाल..

## राजस्व विभाग के माप में सेवा सहकारी समिति बैंक की भूमि पर जिला पंचायत सदस्य का पाया गया अवैध अतिक्रमण

देवी लिल्हारे, जगप्रेरणा खैरलांजी।

***जनपद क्षेत्र अंतर्गत तीन जिला पंचायत सदस्य निर्वाचित होते है जिनमें क्षेत्र क्रमांक 17 खैरलांजी,क्षेत्र क्रमांक 18 आरंभा और क्षेत्र क्रमांक 16 मिरगपुर राजस्व निरीक्षण मंडल अनुसार निर्धारित है।***

जिनमें क्षेत्र क्रमांक 18 की जिला पंचायत सदस्या मधु/रिषि शुक्ला और क्षेत्र क्रमांक 17 से जिला पंचायत सदस्या सुनिता बहेटवार निर्वाचित है। दोनो जिला पंचायत सदस्य उनके क्षेत्र में शासन से मिलने वाली योजनाओं का क्रियान्वयन करती है और शासकीय मद से जिला पंचायत सदस्यों को मिलने वाली राशि को वह अपने अनुसार अपने क्षेत्र में व्यय करती है लेकिन जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक 18 से निर्वाचित सदस्या मधु/रिषि शुक्ला द्वारा अपने क्षेत्र की राशि को अपने निजी आवासीय परिसर और परिसर में ही संचालित व्यवसाय को सुरक्षित करने जिला पंचायत की 15 वें वित्त की राशि से बाउंड्रीवॉल स्वीकृत करवाकर उक्त राशि को ग्राम पंचायत खैरलांजी के खाते में डलवा दिया गया।

उक्त स्वीकृत राशि सेवा सहकारी समिति मर्यादित शाखा खैरलांजी का नाम बताकर स्वीकृत करवाई गई है। लेकिन ग्राम पंचायत खैरलांजी द्वारा जब बाउंड्रीवॉल निर्माण कार्य करवाने मौका स्थल पर गए तो वंहा अतिक्रमण पाया गया। जिसको लेकर लंबे समय से विवाद की स्थिति निर्मित हो रही थी जिसका आज क्षेत्रीय ग्रामीणो की मौजदूगी में खुलासा हो गया कि किस तरह अपना आधिपत्य स्थापित करने जिला पंचायत सदस्या द्वारा शासकीय धनराशि का दुरुपयोग किया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि तहसिल का राजस्व अमला अचानक खैरलांजी शाखा की सेवा सरकारी समिति मर्यादित बैंक की भूमि पर फैले अतिक्रमण को हटाने जेसीबी मशीन और पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचा तो अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया। एक ओर जिला पंचायत सदस्या मधु शुक्ला पर अतिक्रमण करने के आरोप लगाते रहे तो वही जिला पंचायत सदस्या भाजपा नेत्री सुनीता बहेटवार के द्वारा पूर्णतः अतिक्रमण हटाने को लेकर अड़ी रही, जिसके बाद विवाद बढ़ता चला गया और फिर राजस्व अमला ने मौके का पंचनामा कार्यवाही कर अतिक्रमण की कार्यवाही को टालते हुए बैरंग लौट गए।

जानकारी अनुसार, सेवा सरकारी समिति मर्यादित बैंक खैरलांजी के बाउंड्रीवॉल निर्माण कार्य के लिए जिला पंचायत सदस्य मधु शुक्ला के द्वारा 15 वित्त से 4 लाख रुपए की राशि स्वीकृत कराई गई। लेकिन जब सेवा सहकारी मर्यादित बैंक की जमीन पर फैले अतिक्रमण को हटाने राजस्व तहसीलदार तीरथ प्रसाद अक्षरिया, नायब तहसीलदार दुलारे सिंह परते अपने अमले के साथ जेसीबी मशीन के साथ पहुंचे। तो अतिक्रमण कार्यों का कहना था कि पहले जमीन को पूर्ण तरह से अतिक्रमण मुक्त किया जाए जिसको लेकर विवाद बढ़ गया। ग्रामीणों का कहना था की सेवा सरकारी मर्यादित बैंक की जमीन 38 डिसमिल जो मधु ऋषि शुक्ला ने राजनीति के चलते अतिक्रमण किया हुआ है जिसका पहला अतिक्रमण हटाया जाए उसके बाद ही अन्य लोगों का अतिक्रमण हटाया जाए जिसको लेकर विवाद बढ़ता चला गया।







## दस्तावेज में 38 डेसिमल मौके पर 20 डिसमिल..

सेवा सहकारी समिति मर्यादित बैंक खैरलांजी की जमीन 38 डेसिमल दस्तावेज में बताया गया है लेकिन जब राजस्व अधिकारी मौके पर पहुंचे तो उन्हें 20 डिसमिल जमीन मिल पाई जिसको लेकर विवाद बढ़ गया। राजस्व अमला ने कहां की दस्तावेज में विसंगति होने के कारण जमीन की चतुर्थ सीमा नहीं गिनी जा सकती हैं। राजस्व अमला ने मौके पर पंचनामा कार्रवाई की तो जिला पंचायत सदस्य व भाजपा नेत्री मधु ऋषि शुक्ला के सामने के कांपलेक्स बैंक की अतिक्रमण के जद में आया है, इससे ही साफ़दिखाई देता है कि और भी अतिक्रमण किया गया है।

## आमने-सामने दो महिला नेत्री..

जिला पंचायत क्रमांक 17 क्षेत्र की सदस्य सुनीता मानसिंह बहेटवार और जिला पंचायत सदस्य व भाजपा नेत्री मधु ऋषि शुक्ला दोनों आमने सामने आ गए। सुनीता मानसिंह बहेटवार अतिक्रमण पूर्ण रूप से हटाने को लेकर खड़ी नजर आई, और राजस्व अमला को हटाने को लेकर लगातार बोलते रहीं लेकिन जिला पंचायत सदस्य व भाजपा नेत्री मधु ऋषि शुक्ला भी पहुंची और उनके बीच दो दो बाते होने लगी, तभी आक्रोश बढ़ता देख पुलिस और तहसीलदार साहब ने हस्तक्षेप किया और मामले को शांत कराया।

## अतिक्रमण मुक्त करें सेवा सहकारी बैंक..

जिला पंचायत क्रमांक 17 क्षेत्र की सदस्य सुनीता मानसिंह बहेटवार ने कहा कि बैंक परिसर की बाउंड्रीबाल निर्माण कार्य को लेकर स्वीकृति प्रदान की गई है लेकिन अतिक्रमण चारों ओर से फैला हुआ है, राजस्व विभाग आरोप लगाते हुए कहा कि सत्ता पक्ष होने के कारण अतिक्रमण किया गया है उसे हटाना चाहिए, राजस्व विभाग जैसे हटाने को पहुंचा है, वैसे ही पहले 38 डिसमिल जमीन बैंक की निकाल कर दे दे। वैसे भी समूह की महिलाओं ने अपना रोजगार के लिए कपड़ा दुकान खोला है, हम अतिक्रमण के पक्ष में नहीं हैं लेकिन पहले पूरी अतिक्रमण तो हटाया जाए। चतुर्थ सीमा की जांच के लिए हमने भी शिकायत किया है।

## अतिक्रमण होना तो हटाए जाए..

जिला पंचायत सदस्य व भाजपा नेत्री मधु ऋषि शुक्ला ने कहा कि हमने तो बैंक परिसर के लिए जिला अस्पताल निधि से चार लाख रुपए स्वीकृत कराया है, लेकिन जो परिसर के सामने अतिक्रमण कर दुकान चला रहे उसे हटाने के लिए राजस्व अमला पहुंचा था। राजस्व विभाग पूरी जांच कर ले अगर हमारा भी अतिक्रमण होंगा तो हटा दीजिए।

## बोली सरपंच श्रीमती ज्योति भगत नगपुरे..

पंचायत में जिला पंचायत से निधि आई हुई हैं, जिससे सेवा सहकारी मर्यादित बैंक खैरलांजी की बावंड्रीवाला निर्माण कार्य करना है। लेकिन परिसर में अतिक्रमण फैला हुआ हैं, जिसको लेकर चतुर्थ सीमांकन करने के लिए आवेदन किया गया हैं, पहले सीमांकन हो जाए तो निर्माण कार्य किया जाएगा।

## बोले तहसीलदार तीरथ प्रसाद अक्षरिया..

पहले सभी छः लोगों को नोटिस दिया गया जिसके बाद अतिक्रमण हटाने की आदेश किए गए, इस आदेश के तहत अतिक्रमण हटाने को लेकर मौके पर पहुंचे लेकिन सेवा सहकारी समिति मर्यादित बैंक खैरलांजी की जमीन खसरा नंबर 238 और बांटाकन 158 हो गए लेकिन मूल नक्शा ही है काटे नहीं गए हैं। अनुविभागीय अधिकारी के द्वारा आदेशित किया गया था की जमीन की नाप कर अतिक्रमण हटाया जाए। मौके पर दस्तावेज नहीं बताए गए इसलिए सीमांकन नहीं हो पाया है। नक्शा बांटाकन होने के बाद अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी।

# पेयजल संकट से राहत

# 17 मई को राजीव सागर बांध से बावनथडी नदी में छोड़ा जाएगा पानी

जगप्रेरणा बालाघाट।

***जिले में भीषण गर्मी और लगातार बढ़ते पेयजल संकट के बीच आमजन को राहत देने के लिए प्रशासन ने महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। राजीव सागर बांध के डाउन स्ट्रीम में स्थित बावनथडी नदी में 17 मई को पानी छोड़ा जाएगा, जिससे नदी किनारे बसे गांवों में पेयजल समस्या का समाधान हो सकेगा।***

जल संसाधन सर्वेक्षण संभाग के कार्यपालन यंत्री श्री यू.एस. परते ने बताया कि 17 मई को प्रातः 11:30 बजे राजीव सागर बांध के मुख्य द्वार (रेडियल गेट) खोलकर बावनथडी नदी में 06 एमसीएम पानी प्रवाहित किया जाएगा। इस निर्णय से नदी तटवर्ती क्षेत्रों में जल उपलब्धता बढ़ेगी और ग्रामीणों को राहत मिलेगी। प्रशासन ने बावनथडी नदी के किनारे बसे ग्रामों के ग्रामीणों एवं किसानों से विशेष सतर्कता बरतने की अपील की है। लोगों को नदी के तट एवं तल के पास न जाने, मवेशियों को नदी में न ले जाने तथा मोटर पंप एवं अन्य उपयोगी वस्तुएं नदी किनारे या नदी में न रखने की सलाह दी गई है, ताकि किसी भी प्रकार की जनहानि या नुकसान की स्थिति उत्पन्न न हो।

उल्लेखनीय है कि कटंगी विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री गौरव सिंह पारधी ने क्षेत्र में भीषण गर्मी और गहराते पेयजल संकट को देखते हुए राजीव सागर बांध से बावनथडी नदी में पानी छोड़े जाने की मांग की थी। इस पर कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने जल संसाधन सर्वेक्षण संभाग के अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। प्रशासन के इस कदम से बावनथडी नदी के किनारे बसे कई गांवों में पेयजल उपलब्धता बेहतर होने की उम्मीद है। स्थानीय लोगों ने भी इस निर्णय का स्वागत करते हुए इसे गर्मी के मौसम में राहत देने वाला कदम बताया है।

# अवैध गिट्टी परिवहन पर खनिज विभाग की कार्रवाई





## तिरोड़ी के बोथवा में हाइवा डंपर जब्त, थाना तिरोड़ी में रखा गया वाहन..

जगप्रेरणा तिरोड़ी।

***बालाघाट जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर रोक लगाने के लिए खनिज विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 15 मई 2026 को उप संचालक खनिज सुश्री फरहत जहां के मार्गदर्शन में खनिज विभाग की टीम ने तहसील तिरोड़ी के ग्राम बोथवा में जांच अभियान चलाया।***

जांच के दौरान टीम ने एक हाइवा डंपर क्रमांक छ्त्र-04-छ्ब्ष्ठ-1048 को अवैध रूप से खनिज गिट्टी का परिवहन करते हुए पकड़ा गया है। वाहन की जांच करने पर आवश्यक वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जा सके, जिसके बाद विभागीय अमले ने वाहन को खनिज गिट्टी सहित जब्त कर लिया है। वाहन चालक की पहचान आशीष वाघाडे पिता चम्बरू वाघाडे निवासी ग्राम दरासीकला, तहसील कुरई, जिला सिवनी के रूप में हुई है। जब्त वाहन को अग्रिम कार्रवाई के लिए थाना तिरोड़ी की अभिरक्षा में रखा गया है।

कार्रवाई में खनिज निरीक्षक श्री बसंत कुमार पाटिल, खनि सिपाही रजनीश तिवारी एवं दिलशाद कुरैशी शामिल रहे। विभाग द्वारा बताया गया कि उक्त वाहन के विरुद्ध मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण का निवारण) नियम 2022 के तहत नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। खनिज विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिले में खनिज के अवैध खनन एवं परिवहन के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।






दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
रवि अजीत किरनापुर
मो. 6261142145

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - 9329033433

# लाखों खर्च करने के बाद भी स्वच्छता अभियान बना दिखावा

## नगर परिषद के कार्य प्रणाली पर उठ रहे सवाल..






जगप्रेरणा लांजी।

***स्वच्छता सर्वेक्षण में बेहतर रैंक हासिल करने की होड़ में नगर परिषद लांजी इन दिनों नगर की सफाई व्यवस्था सुधारने से ज्यादा पोस्टर, बैनर और दीवार लेखन की सजावट में मशगूल नजर आ रही है।***

नगर की गलियों में पसरी गंदगी, बजबजाती नालियां, दम तोड़ते कचरा वाहन और शोपीस बनी फॉगिंग मशीन परिषद के दावों की कलई खोल रही है। आरोप है कि स्वच्छता के नाम पर लाखों रुपये शासकीय राशि पानी की तरह बहाई जा रही है, लेकिन धरातल पर हालात बद से बदतर बने हुए हैं। नगरवासियों के बीच चर्चा है कि परिषद के जिम्मेदार अधिकारी कागजों में स्वच्छता का महल खड़ा कर अपनी पीठ थपथपाने में लगे हैं, जबकि शहर की जनता गंदगी और अव्यवस्था से हलाकान है।

सबसे ज्यादा सवाल परिषद के सीएमओ और इंजीनियर की कार्यशैली पर उठ रहे हैं, जिन पर सफाई व्यवस्था सुधारने के बजाय केवल दिखावे और खर्चीले प्रचार पर ध्यान देने के आरोप लग रहे हैं। दरअसल स्वच्छता सर्वेक्षण में नगर निकायों को सफाई व्यवस्था, घर-घर कचरा संग्रहण, सूखा-गीला कचरा पृथक्करण, नालियों की सफाई, सार्वजनिक शौचालयों की व्यवस्था, कचरा निस्तारण और नागरिक सहभागिता जैसे बिंदुओं पर अंक दिये जाते हैं। मगर लांजी नगर परिषद इन मापदंडों पर काम करने के बजाय दीवारों पर नारे लिखवाकर और जगह-जगह पोस्टर टांगकर स्वच्छता का ढिंढोरा पीटती नजर आ रही है।

### नगर की सफाई छोड़ जन प्रतिनिधियों के घर चमका रहे कर्मचारी..

नगर के कई वार्डों में नियमित सफाई नहीं होने से कचरे के ढेर लगे हुए हैं। लोगों का आरोप है कि परिषद के कई सफाई कर्मचारी शहर की सफाई छोड़ पार्षदों और वरिष्ठ अधिकारियों के घरों में निजी सेवा देने में व्यस्त रहते हैं, जबकि उनका वेतन परिषद से निकाला जा रहा है। ऐसे में आम जनता को गंदगी और बदबू का सामना करना पड़ रहा है। सूत्र बताते हैं कि नगर परिषद द्वारा अब तक कचरा वाहनों के नाम पर लाखों रुपये खर्च किये जा चुके हैं, लेकिन वाहन खराब होने पर उन्हें रिपेयर कराने की जहमत उठाने के बजाय कबाड़ में डाल दिया जाता है। इसके बाद वाहनों की कमी का हवाला देकर नई खरीदी की तैयारी शुरू हो जाती है। नगरवासियों का कहना है कि यदि परिषद का इंजीनियरिंग अमला समय पर वाहनों का रखरखाव करवाता तो बार-बार सरकारी खजाने पर बोझ डालने की जरूरत नहीं पड़ती।

### शोभा की सुपारी बनी फॉगिंग मशीन..

मच्छरों और बीमारियों से राहत दिलाने के लिये खरीदी गई फॉगिंग मशीन भी कुछ दिनों तक शहर में धुआं उड़ाने के बाद अब परिषद परिसर में शोभा की सुपारी बनी खड़ी है। बरसात सिर पर है, लेकिन मशीन के संचालन और रखरखाव को लेकर परिषद की कोई गंभीरता नजर नहीं आ रही। लोगों का कहना है कि मशीन खरीदी के समय खूब वाहवाही लूटी गई, मगर बाद में उसे भगवान भरोसे छोड़ दिया गया। सूत्रों के अनुसार परिषद में पदस्थ इंजीनियर को सरकारी खर्च पर घूमना ज्यादा पसंद है न की काम पर ध्यान देना।

### सवालों के घेरे में कचरा संग्रहण केंद्र की स्थिति..

नगर में बने कचरा संग्रहण केंद्र की स्थिति भी सवालों के घेरे में है। जिस तरह नगर में पोस्टर लगाए गए हैं, उसी तरह यहां शैड बनाकर गीला कचरा सूखा कचरा पृथक्करण, कचरे से खाद बनाने, पन्नी , कांच, पत्थर अलग-अलग किए जाने के बोर्ड जरूर लगाए गए हैं, लेकिन वास्तविकता में ऐसा कोई काम किया ही नहीं गया हैं। वर्तमान में बगदेही के आगे पौसेरा मार्ग पर नगर का कचरा डंप किया जा रहा है, जिसके आसपास घना जंगल है, एवं डम्प कचरे जंगल में उड़ रही पन्नीया खुले रूप से पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रही है, एवं वहां फैली गंदगी और बदबू परिषद के दावों की पोल खोलने के लिये काफी है।

नगरवासियों में चर्चा है कि परिषद के सीएमओ और इंजीनियर की जोड़ी स्वच्छता सुधारने से ज्यादा कागजी खानापूर्ति और खर्चीले प्रचार में दिलचस्पी ले रही है। लोगों का आरोप है कि सफाई व्यवस्था सुधारने, संसाधनों के रखरखाव और कर्मचारियों की जवाबदेही तय करने के बजाय केवल दिखावटी अभियान चलाकर मोटा बजट ठिकाने लगाने का खेल खेला जा रहा है। फिलहाल स्वच्छता सर्वेक्षण के बीच लांजी नगर परिषद की कार्यप्रणाली आम जनता के बीच सवालों और नाराजगी का सबब बनती जा रही है।

# पूर्व विधायक हीना कावरे द्वारा जनहित में दी गई सोनोग्राफी मशीन टेक्नीशियन ना होने से बनी शोभा की सुपारी..

### स्वास्थ विभाग का नहीं है ध्यान..





जगप्रेरणा लांजी।

***कोरोना काल के बाद पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष सुश्री हिना लिखीराम कावरे द्वारा अपनी निधि से दी गई सोनोग्राफी मशीन लांजी सिविल अस्पताल में लंबे समय से बंद पड़ी है***

कुशल टेक्नीशियन के अभाव में मशीन का उपयोग नहीं हो पा रहा है, जिससे गरीब प्रसूति महिलाओं समेत आम मरीजों को सोनोग्राफी के लिए गोंदिया और बालाघाट जाना पड़ रहा है और 2500 से 3000 रुपये तक खर्च करने पड़ रहे हैं।

इस गंभीर समस्या को लेकर सौरभ (मोनू) पशीने अध्यक्ष नगर कांग्रेस कमेटी लांजी ने कलेक्टर महोदय को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि अस्पताल को नेशनल क्वालिटी मैनेजमेंट टीम द्वारा अच्छी रैंकिंग मिल रही है, लेकिन बुनियादी सुविधा सोनोग्राफी बंद पड़ी है। यह विरोधाभास क्यों?

### ज्ञापन में ये मुख्य बातें उठाई गईं :

पूर्व में सप्ताह में एक बार सोनोग्राफी की सुविधा उपलब्ध थी, लेकिन अब मशीन पूरी तरह बंद है। टेक्नीशियन न होने के कारण मरीजों को बाहर जाना पड़ रहा है। प्रसूति महिलाओं को यात्रा में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। यदि शासन-प्रशासन द्वारा जल्द कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया तो मजबूरन अस्पताल प्रशासन के खिलाफ धरना-प्रदर्शन और आंदोलन करना पड़ेगा।

ज्ञापन में जिला कलेक्टर बालाघाट को मुख्य संबोधित करने के अलावा प्रतिलिपि लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री राजेन्द्र शुक्ल जी, रोगी कल्याण समिति लांजी, पूर्व विधायक सुश्री हिना लिखीराम कावरे, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बालाघाट, अनुविभागीय दण्डाधिकारी लांजी और खंड चिकित्सा अधिकारी लांजी को भी भेजी गई है। सौरभ (मोनू) पशीने अध्यक्ष नगर कांग्रेस कमेटी लांजी का कहना है कि सरकारी अस्पताल में ऐसी महंगी मशीन बंद पड़ी रहना जनता के साथ अन्याय है। खासकर गरीब और ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है। उन्होंने शासन से तत्काल टेक्नीशियन की नियुक्ति कर मशीन चालू करने की मांग की है।

# शासकीय महाविद्यालय किरनापुर में विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों ने परीक्षा में सफलता प्राप्त कर महाविद्यालय सहित क्षेत्र का नाम किया गौरवान्वित






जगप्रेरणा किरनापुर।

***स्वर्गीय दिलीप भटेरे शासकीय महाविद्यालय किरनापुर के विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों ने MPSET परीक्षा में सफलता प्राप्त कर महाविद्यालय एवं क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है।***

**MPSET** परीक्षा में गजेंद्र रावते एवं मयंक शुक्ला ने प्राणिशास्त्र (लाइफ साइंस) विषय में तथा ललित कुमार ने भौतिक शास्त्र **Msc wnd Sem**में अध्यनरत (फिजिकल साइंस) विषय में सफलता प्राप्त की।

इस उपलब्धि पर महाविद्यालय में विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुनीता जैन ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सीमित संसाधनों एवं कम स्टाफ होने के बावजूद विद्यार्थियों की यह सफलता महाविद्यालय परिवार के लिए अत्यंत गौरवपूर्ण है तथा इसका श्रेय महाविद्यालय के समस्त शैक्षणिक स्टॉफको जाता है।

सफल विद्यार्थियों के साथ चर्चा के दौरान आगामी सहायक प्राध्यापक परीक्षा की तैयारी को लेकर अनुभव साझा किए गए। वहीं नव पदस्थ सहायक प्राध्यापकों ने भी विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी संबंधी महत्वपूर्ण टिप्स एवं मार्गदर्शन प्रदान किया। महाविद्यालय परिवार ने सभी सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई दी।

# विद्युत तार टूटकर मवेशियों पर गिरा घटनास्थल पर 2 मवेशियों की मौत..





जगप्रेरणा लांजी।

***क्षेत्र के ग्राम कारंजा के अवारी टोला में शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में दो किसानों के पालतू मवेशियों की करंट लगने से मौत हो गई।***

घटना के बाद ग्रामीणों ने विद्युत विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए हैं। मिली जानकारी के अनुसार घटना 15 मई की सुबह लगभग 7:10 बजे की है। अवारी टोला निवासी किसान तुकाराम पिता दशरथ अगासे एवं पुरुषोत्तम पिता परसराम भंडारकर ने प्रतिदिन की तरह अपने पालतू जानवरों को घर से निकालकर सड़क किनारे बांध रखा था। इसी दौरान ऊपर से गुजर रहा विद्युत तार अचानक टूटकर नीचे गिर गया, जिसकी चपेट में आने से एक बैल एवं एक बोदा गंभीर रूप से झुलस गए और दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय ग्रामीणों ने तत्काल विद्युत विभाग एवं थाना लांजी पुलिस को सूचना दी। ग्रामीणों का कहना है कि तार टूटने की जानकारी विभाग को समय रहते दे दी गई थी, लेकिन विभाग का कोई भी जिम्मेदार कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचा। लोगों ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में लगे विद्युत तार कई वर्षों पुराने और जर्जर हो चुके हैं तथा कई स्थानों पर तारों को अस्थायी रूप से बांधकर रखा गया है, जिससे हमेशा हादसे की आशंका बनी रहती है।

ग्रामीणों ने बताया कि यदि समय रहते विद्युत विभाग द्वारा मेंटेनेंस कार्य कराया जाता तो यह हादसा टाला जा सकता था।लोगों ने विभाग से मृत मवेशियों के मालिकों को उचित मुआवजा देने एवं जर्जर विद्युत लाइनों को तत्काल बदलने की मांग की है। वहीं विद्युत विभाग द्वारा भी मामले की जांच किए जाने की बात कही जा रही है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द सुधार कार्य नहीं किया गया तो भविष्य में बड़ा हादसा हो सकता है।

# बिगड़े मौसम से किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें..

## रबी का धान खतरे में..





जगप्रेरणा लांजी।

***जिले के लांजी क्षेत्र में 14 और 15 मई की मध्यरात्रि हुई बेमौसम बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। अचानक बदले मौसम और तेज बारिश के साथ हवा भी चलने के कारण खेतों में काटकर रखी गई***

रबी सीजन की धान की फसल प्रभावित होने लगी है। कई किसानों ने फसल की कटाई तो कर ली थी, लेकिन मौसम साफ रहने की उम्मीद में उसे खेतों में ही सुखाने और मिसाई के लिए रखा हुआ था। इसी बीच हुई बारिश ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया।

ग्रामीण क्षेत्रों में देर रात शुरू हुई बारिश से खेतों में रखी धान की गाठें और फसल भीग गईं। किसानों का कहना है कि यदि मौसम लगातार खराब रहा तो धान की गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा। कई स्थानों पर किसानों ने रात में ही फसल को सुरक्षित करने का प्रयास किया, लेकिन अचानक हुई बारिश के कारण वे पूरी फसल नहीं बचा सके।

क्षेत्र के किसानों ने बताया कि इस वर्ष खेती में पहले ही लागत बढ़ चुकी है। खाद, बीज और मजदूरी के बढ़ते खर्च के बीच अब बेमौसम बारिश ने उनकी परेशानी और बढ़ा दी है। किसानों को डर है कि यदि धान अधिक समय तक भीगी रही तो उसमें अंकुरण और सड़न जैसी समस्या उत्पन्न हो सकती है, जिससे बाजार में उचित मूल्य मिलना भी मुश्किल हो जाएगा।

ग्रामीण अंचलों में मौसम के लगातार बदलते मिजाज को लेकर किसान चिंतित नजर आ रहे हैं। किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि यदि फसलों को नुकसान होता है तो सर्वे कराकर उचित मुआवजा प्रदान किया जाए, ताकि उन्हें राहत मिल सके।

# सांदीपनी के समर कैंप में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभाएं, समापन में प्रदर्शित कलाओं की हुई सराहना







जगप्रेरणा लांजी।

सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बोलेगांव लांजी में चल रहे 15 दिवसीय समर कैंप का शुक्रवार 15 मई को भव्य समापन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने अपनी छुपी प्रतिभाओं को खूब निखारा और मंच पर न सिर्फ हस्तकला बल्कि सांस्कृतिक व खेल प्रतिभाओं का भी शानदार प्रदर्शन किया। समारोह का शुभारंभ प्राचार्य बी.आर. गुरदे, उपप्राचार्य प्रवीण साहु सहित अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से किया गया।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने समर कैंप के दौरान बनाई गई आकर्षक हस्तकला वस्तुएं, मूर्तियां, पोस्टर, सिनरी प्रदर्शित कीं। साथ ही निबंध लेखन, वाद-विवाद, कहानी लेखन, पत्र लेखन जैसी सृजनात्मक गतिविधियों के नमूने भी रखे गए। खेलकूद में केरम, शतरंज, बैडमिंटन का प्रदर्शन और तबला व हार्मोनियम वादन ने पूरे माहौल को सजीव बना दिया। समापन अवसर पर संबोधित करते हुए प्राचार्य बी.आर. गुरदे ने कहा, 'यह समर कैंप छात्र-छात्राओं को अपने हुनर को निखारने का सुनहरा अवसर प्रदान करता है। इन 15 दिनों में जो कुछ भी उन्होंने सीखा है, वह निश्चित रूप से उनके भविष्य और जीवन में उपयोगी साबित होगा।'उपस्थित गणमान्य अतिथियों ने बच्चों द्वारा तैयार की गई कलाकृतियों का गहरी दिलचस्पी से निरीक्षण किया और उनकी तारीफकरते हुए प्रोत्साहित किया। ग्राम के गणमान्य नागरिकों और विद्यालय परिवार के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं की गरिमामयी उपस्थिति ने समारोह को और यादगार बना दिया। कार्यक्रम का सफल संचालन प्राथमिक शिक्षक संतोष कुमार पटले ने किया।



# लेख, लघु कथा, कविताएं एवं साहित्य सामग्रीयां आमंत्रित है..

Email - jagprernaw@gmail.com
Whatsapp - 93290-33433







दैनिक जग प्रेरणा में साहित्य लेख रचनाएं प्रकाशन के लिये संपर्क करें..

एकता आशीष वर्मा
मो. 94070 33433


## 'प्रतियोगी परीक्षाओं का निरस्तीकरण और परीक्षार्थियों की मनोदशा'

प्रतियोगी परीक्षाएँ आज केवल आजीविका प्राप्त करने का माध्यम नहीं रह गई हैं, बल्कि प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों में प्रवेश का मुख्य द्वार भी हैं। इन परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करना युवाओं के सपनों, आत्मसम्मान, सामाजिक प्रतिष्ठा और भविष्य की दिशा तय करने का आधार बन चुका है। लाखों विद्यार्थी वर्षों तक अपने घर और परिजनों से दूर रहकर कठिन परिश्रम, आर्थिक संघर्ष और मानसिक दबाव के बीच तैयारी करते हैं। ऐसे में जब कोई प्रश्नपत्र लीक होता है या अनियमितताओं के कारण परीक्षा निरस्त की जाती है, तो उसका प्रभाव केवल प्रशासनिक निर्णयों तक सीमित नहीं रहता। इसका सर्वाधिक प्रहार परीक्षार्थियों की मनोदशा पर पड़ता है।

विशेषकर वे परीक्षार्थी अधिक आहत होते हैं, जिनके पेपर अच्छे गए थे और जिनके चयन की प्रबल संभावना थी। उनके मन में कई कई तरह के प्रश्न जन्म लेने लगते हैं: क्या आगामी परीक्षा का स्तर पहले से कठिन होगा? क्या वे पुनः उसी दक्षता के साथ प्रदर्शन कर पाएंगे? वहीं दूसरी ओर, जिनके पेपर अच्छे नहीं हुए थे, उनके लिए यह एक नए अवसर के रूप में आता है। हालांकि, परीक्षा के बाद जो मानसिक विश्राम की स्थिति आती है, उससे निकलकर पुनः उसी लय और एकाग्रता के साथ परीक्षा तैयारी करना एक बड़ी चुनौती होती है।

भारत जैसे विशाल जनसंख्या वाले देश में, जहाँ सीमित अवसरों के बीच आरक्षण नीति और तीव्र प्रतिस्पर्धा मौजूद है, इन परीक्षाओं का महत्व और भी बढ़ जाता है। एक-एक पद के लिए लाखों अभ्यर्थी संघर्ष करते हैं। कई परिवार कर्ज लेकर बच्चों को बड़े शहरों में कोचिंग कराते हैं। ऐसी स्थिति में परीक्षा का निरस्त होना उनके लिए केवल एक सूचना नहीं, बल्कि एक गहरा भावनात्मक और आर्थिक आघात होता है।जब परीक्षा निरस्त होती है, तो परीक्षार्थियों में गहरा मानसिक तनाव उत्पन्न होता है। वर्षों की तैयारी अचानक निरर्थक लगने लगती है। नई तिथि की अनिश्चितता और फिर से उसी दबाव भरे चक्र में लौटना अत्यंत कष्टकारी होता है। कई परीक्षार्थी अवसाद , निराशा और क्रोध का शिकार हो जाते हैं। विशेष रूप से वे अभ्यर्थी, जो आर्थिक रूप से विपन्न हैं या अपनी आयु-सीमा के अंतिम पड़ाव पर हैं, उनके लिए यह स्थिति अत्यंत पीड़ादायक होती है। उन्हें महसूस होता है कि व्यवस्था की लापरवाही ने उनकी मेहनत का मूल्य छीन लिया है। इसका दूसरा बड़ा प्रभाव व्यवस्था के प्रति अविश्वास के रूप में प्रकट होता है। बार-बार पेपर लीक और भ्रष्टाचार की खबरें युवाओं का भरोसा चयन प्रणाली से उठा देती हैं। जब ईमानदार परिश्रम का परिणाम संदिग्ध हो जाए, तो समाज में एक नैतिक संकट उत्पन्न होना स्वाभाविक है।

मानसिक स्वास्थ्य की दृष्टि से यह समस्या विकराल होती जा रही है। अनिद्रा, चिंता और सामाजिक अलगाव के साथ-साथ कई बार सोशल मीडिया पर फैली अफवाहें तनाव को और बढ़ा देती हैं। अत्यंत संवेदनशील मामलों में यह हताशा आत्मघाती विचारों तक ले जाती है, जो राष्ट्र के लिए चिंताजनक है।

इसके साथ ही, आर्थिक क्षति भी एक बड़ा पक्ष है। विद्यार्थियों को यात्रा, आवास और अध्ययन सामग्री पर बार-बार व्यय करना पड़ता है। सीमित आय वाले परिवारों के लिए यह दोहरा आर्थिक बोझ उनके भविष्य की योजनाओं को डगमगा देता है। इस समस्या के समाधान के लिए परीक्षा नियामक निकायों में स्वच्छ छवि वाले और ईमानदार अधिकारियों की नियुक्ति अनिवार्य है। इसके साथ ही आवश्यक हैं (अ)नकल माफिया और दोषियों के विरुद्ध त्वरित अदालती कार्यवाही और कठोर सजा प्रावधान(ब) प्रश्नपत्रों की सुरक्षा के लिए डिजिटल निगरानी और आधुनिक तकनीक का उपयोग।(स)परीक्षा आयोजित करने वाली एजेंसियों और कोचिंग सेंटरों की निगरानी व जवाबदेही सुनिश्चित करना।(द) परीक्षार्थियों के लिए सरकारी स्तर पर हेल्पलाइन और परामर्श की व्यवस्था।

अतः प्रतियोगी परीक्षाओं को केवल एक प्रशासनिक प्रक्रिया न मानकर 'राष्ट्रीय प्रतिभा' के संरक्षण की प्रक्रिया समझा जाना चाहिए। यदि देश का युवा व्यवस्था पर विश्वास करेगा, तभी वह सकारात्मक ऊर्जा के साथ राष्ट्र निर्माण में योगदान दे पाएगा। पारदर्शी, निष्पक्ष और समयबद्ध परीक्षा प्रणाली आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

लेखक



**प्रो.मनमोहन प्रकाश**

## सच्ची बातें..

परिवार एक बंधन होता,
एकता व प्रेम सूत्र में बांधता है।
परिवार हमें पहचान दिलाता,
अपनेपन का अहसास कराता है ।।
होती समाज की यह मूलभूत इकाई,
उजागर परिवार के महत्व को कराता है।
और सामाजिक, आर्थिक जवाबदेही की,
सदैव जागरुकता हममें बढ़ाता है ।।
होती परिवार की भूमिका बड़ी,
सुरक्षा, सहयोग व संस्कारी बनाता है।
और नैतिक मूल्यों व परमपराओं की,
सीख संयुक्त परिवार हमें सीखाता है ।।
होता परिवार एक सुरक्षा कवच,
सीखाता सहयोग प्रेम व समानता है।
समय होता विपत्ति व तनाव का,
देता सहारा बड़ा व संभालता है।।
चलन चल रही एकाकी परिवार की अब,
जहां पति-पत्नी व बच्चों से ना घर दबता है।
चलन गई अब
संयुक्त परिवार की,
जहां दादा-दादी संग
परिवार शोभता है।।
अब चलन गई संग
भोजन करने की,
अब ना मिठास
वह झलकता है।
कहे प्रकृति अब
अनुरागी बने,
संग करे भोजन
प्रेम प्रगाढ़ होता है।।

लेखक



**प्रकृति अनुरागी बीउपवंशी**

## दशा महा दशा..

प्रधानमंत्री जी।
कटौती करने की।
बात कह रहे है।
बचत करते जाईए।
यहाँ होडिंग्स की।
खेती चौक-चौराहों।
बिजली के खम्बों।
व्यस्तम सड़कों पर हो रहा है।
वाहनों का काफिला होगा।
पेट्रोल-डीजल।
उत्साह पूर्वक खर्च होगा।
स्वागत द्वार सजेगा।
माला-शाल-श्रीफल।
सम्मान होगा।
फोटोग्राफ-वीडियों-सेल्फी।
तरीके से होगी।
आय होगी।
एसी के वीआईपी।
भीषण गर्मी में
निकलेगे।
बड़ा-छोटा
रक्तचाप होगा।
फिर चिकित्सक
का।
फायदा होगा?

लेखक



**आचार्य डॉ.वीरेन्द्र सिंह गहरवार 'वीर'**

## नारद..

मेंना अकुलानें लगीं,
सुन नारद के वैन।
कैसे पाएगी लली,
योगी के घर चैन।।

जब नारदजी मोह बस,
करने चले विवाह।
कपि स्वरूप दे बिष्णु
ने, अगम बना दी राह।


लख मर्कट का रूप
निज, नारद
किया प्रलाप।
वशीभूत हो क्रोध के,
दिया बिष्णु को श्राप।

अनुसुइया उत्तम सती,
नारद किया बखान।
ब्रम्हाणी लक्ष्मी उमा,
कष की ठानी ठान।।

नारद सम खबरी नहीं,
शिव सम नहीं उदार।
सात द्वीप नव खण्ड
में, नहीं गंग की धार।

**रामानन्द पाठक नन्द**


## शब्दवर्गपहेली क्र.- 164



ck;s ls nk;s :– 1) महाराष्ट्र का यह प्रसिद्ध तीर्थक्षेत्र भीमा नदी के किनारे बसा है। 5) लाक्षणिक दृष्टि से धूर्त या ठग, मनोज कुमार और हेमामालिनी की एक पुरानी फिल्म 8) एक दशरथ पुत्र, राम 11) अर्दली, प्यादा 13) फंदा 14) शीतपेय की एक उत्पाद कंपनी 16) एक फारसी कवि जो रुबाईयों के लिये प्रसिद्ध थे 17) काशी शहर का एक नाम 19) सेना का प्रधान अधिकारी 23) पिता का पिता 24) चचेरे भाई के पिता 27) जहाज ठहरने का स्थान 28) पुरी तरह से नष्ट 31) बरबाद, नष्ट 33) पुरानी फिल्म निकाह की पाकिस्तानी हीरोईन 35) मन में होनेवाला या उससे संबंधित 37) भीगा हुआ 38) एक राय 39) यु. एस. ए. के एक भूतपूर्व राष्ट्रपति का कुल नाम 40) विवाह, धुन 42) अरब का वह स्थान जहां इमाम हुसैन अपने साथियों के साथ शहीद हुए थे 44) अग्नि की ज्वाला 46) आनंद के साथ 47) किसी मत को माननेवाला 49) शपथ पत्र (उर्दू) 53) बड़ी चारपाई 55) सुगन्धित फुलों का एक पेड़ 56) जीवन यापन का ढंग 58) अनावश्यक (उर्दू), बिना दरकार के 60) चिर तरुण की उपाधि मिले फिल्म गाईड, जॉनी मेरा नाम के हीरो 62) भय से त्रस्त होना, व्यग्र होना, व्याकुल होना 63) रक्त का अपभ्रंश रुप 65) लसदार थूक 67) गाड़ी का पहिया 69) टरकाना या स्थगित करना 70) एक आंख से देखनेवाला 71) बरसात, वर्षा 73) साहित्य में रौद्र, बीभत्स, श्रृंगार आदि, द्रव 75) प्रशंसा, तारीफ 77) यह का बहुवचन 78) संदेह 79) अकेला 80) सप्ताह का एक दिन 81) सुंदर, मनोहर, चिन्ह 82) उम्मीद 85) हाथी 86) वफादारी 88) कथन, सार्थक वाक्य 89) भारत का एक सर्वोच्च सदन 90) अन्धकार, अंधेरा 91) कीडा 93) मूल्य 94) एक पुरानी प्रसिद्ध फिल्मी नर्तकी अभिनेत्री 95) नजदीक 96) गाने की विशिष्ट ध्वनियां 98) स्तंभ (अं.) 100) बूंद बूंद 103) सेना के साथ भेजा जानेवाला खाने का सामान 104) हिन्दुओंका सबसे बड़ा त्यौहार 106) खींचतान, वैमनस्य 107) दया 108) जिन्दगी 109) चमड़ा, खाल

Åij ls uhp s& 1) स्वतंत्रता सेनानी लाला लजपत राय को दी गई उपाधि 2) बीतना 3) सिपाही 4) एक विदेशी शराब 6) सामुहिक गीत गान 7) प्रतिशोध 8) महाराष्ट्र के एक संतकवि जिनका दासबोध ग्रंथ प्रसिद्ध है 9) पुरुषत्व 10) नाखून 11) लाक्षणिक दृष्टि से चापलूस 12) रजनी, निशा 15) संदेशवाहक (उर्दू) 18) वहिदा ........., एक पुरानी सफल अभिनेत्री का कुल नाम 20) अधिक आनंद 21) साहस भरा 22) लगा हुआ, अनुरक्त 25) एक पक्षी जो बर्षा की बूंदो का बड़े बेसब्री से इंतजार करता रहता है 26) महोदया (उर्दू) 27) एक सागर का नाम 29) आक्रमण करनेवाला 30) हराम का विरुद्धार्थी शब्द 32) सिरदर्द होने पर लगाया जानेवाला प्रसिद्ध मलहम 34) स्पर्श होना 36) पंकज कपूर की एक पुरानी जासुसी दूरदर्शन धारावाहिक 38) वह पुस्तिका जिसमें नक्शों के जरिये विभिन्न देशों की और विश्व के भूगोल संबंधी जानकारी दी जाती है 41) बंदूक (अं.) 43) कहना, सूचित करन 45) परिधान करना 48) अकबर बादशाह का सबसे चतुर दरबारी 50) ध्वज, पताका आदि का हा में उड़ना 51) सिक्खों के धर्म प्रवर्तक प्रसिद्ध गुरु 52) घुड़साल 53) पंख, लेकिन 54) लंका नरेश रावण 55) सोना 57) पराजित करना 59) पहरेदार, द्वार रक्षक 61) वाणी, बोली 62) कम करना 64) सब्जी 66) नर्मदा का अपभ्रंश 68) अदभूत, अनूठा, हिंदी के एक पुराने श्रेष्ठ कवि का उपनाम 72) जेल से मुक्ति, छुटकारा 74) वाहन पर सवार व्यक्ति 75) राज्य, शासन (उर्दू) 76) दूरदर्शन के प्रारंभ काल में दिखाया गया एक लोकप्रिय दीर्घ धारावाहिक 78) X X X चव्हाण, हमारे एक भूतपूर्व केन्द्रीय गृहमंत्री का नाम 79) न्यायिक या विधिक जांच पड़ताल 80) पुरानी फिल्म त्रिदेव की एक अभिनेत्री 82) इधर उधर, चारों ओर, नजदीक 83) सदस्यता 84) न्यायालय में वादी का उत्तर देनेवाला 87) स्त्री जाति का प्राणी 88) बच्चा 92) टाला जाना 94) महात्मा गांधीजी के अंतिम शब्द 97) कालीन 99) राय, विचार 100) हाथ, महसूल 101) परत 102) सहमत 103) दौड (अं.) 105) नीर, जल (जवाब अगले अंक में)

### पिछले अंक के शब्दवर्गपहेली का जवाब



anumeva-08446302691





# सिंधू और लक्ष्य थाईलैंड ओपन से बाहर

## सात्विक-चिराग की जोड़ी आगे बढ़ी..





जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पी वी सिंधू क्वार्टरफाइनल में जापान की शीर्ष वरीयता प्राप्त अकाने यामागुची के खिलाफ एक गेम की बढ़त गंवाकर हार गईं लेकिन सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी***

और चिराग शेट्टी की पुरुषों की युगल जोड़ी शुक्रवार को यहां थाईलैंड ओपन के सेमीफाइनल में पहुंच गई। सिंधू 5,00,000 डॉलर पुरस्कार राशि के सुपर 500 टूर्नामेंट के एक घंटे से ज्यादा समय तक चले महिला एकल क्वार्टरफाइनल में दुनिया की तीसरे नंबर की खिलाड़ी यामागुची से 21-19, 18-21, 15-21 से हार गईं।

हार के बावजूद दुनिया की 12वें नंबर की खिलाड़ी सिंधू हार जीत के रिकॉर्ड में यामागुची से 15-13 से आगे हैं। जनवरी में हुए मलेशिया ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट में सिंधू आगे चल रही थीं और फिर यामागुची के चोट के कारण क्वार्टरफाइनल मैच से हटने के कारण अगले दौर में जगह बनाई थी।

लक्ष्य सेन को भी पुरुष एकल क्वार्टरफाइनल मैच में थाईलैंड के दूसरे वरीय खिलाड़ी कुनलावुत वितिदसर्ण से 53 मिनट में 19-21, 16-21 से हार का सामना करना पड़ा। हालांकि युगल स्पर्धा में कुछ अच्छी खबर भी आई जिसमें सात्विकसाईराज और चिराग की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी ने जापानी के ताकुमी नोमुरा और युइची शिमोगामी की छठी वरीय जोड़ी को 21-12, 21-13 के शानदार स्कोर से हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली। अब यह भारतीय जोड़ी अगले दौर में गोह जे फेई और नूर इजुद्दीन की तीसरी वरीयता प्राप्त मलेशियाई जोड़ी से भिड़ेगी।

इससे पहले सिंधू का पहला गेम बराबरी का था जिसमें 11-11 तक एक खिलाड़ी सिर्फ एक अंक से आगे था। उसके बाद यामागुची 13-11 से आगे हो गईं लेकिन सिंधू ने वापसी करते हुए स्कोर बराबर कर दिया। 19-19 पर पहुंचने के बाद सिंधू ने अगले दो अंक जीतकर पहला गेम अपने नाम कर लिया। दूसरे गेम में सिंधू 5-1 से आगे थीं और ऐसा लग रहा था कि वह लय बनाए रखेंगी। लेकिन उन्होंने अपनी प्रतिद्वंद्वी को वापसी करने का मौका दे दिया जिससे स्कोर 11-11 से बराबर हो गया। यामागुची ने लगातार सात अंक लेकर 14-11 की बढ़त बना ली। यामागुची लय में आ गई और उन्होंने यह गेम 21-18 से जीत लिया।

निर्णायक गेम में सिंधू पूरी लय में नहीं थीं और पूरे समय पीछे ही रहीं। 0-5 से पिछड़ रही भारतीय खिलाड़ी ने अंतर को कम करते हुए स्कोर 11-12 तक पहुंचाया। लेकिन यामागुची ने अपनी गति बढ़ाई और निर्णायक गेम 21-15 से जीतकर मैच अपने नाम कर लिया। मैच के बाद सिंधू ने कहा, 'मुझे लगा कि मैंने कुछ आसान गलतियां कीं क्योंकि दूसरे गेम में मैं बढ़त बनाए हुए थी। ऐसा नहीं था कि हम लंबी रैलियां खेल रहे थे या अंक आसानी से मिल रहे थे।

लेकिन शायद मुझे उस बढ़त को जीत में बदल देना चाहिए था।' दो बार की ओलंपिक पदक विजेता ने कहा, 'तीसरे गेम में वह बढ़त बनाए हुए थीं, लेकिन शुरुआत में ही मैंने उन्हें लगातार चार या पांच अंक दे दिए। मैंने वापसी की कोशिश की, लेकिन उस समय दो-तीन अंक का अंतर भी बहुत मायने रखता है।'

छठी वरीय सिंधू बृहस्पतिवार को डेनमार्क की अमाली शुल्ज को 21-13, 21-15 से हराकर क्वार्टरफाइनल में पहुंची थीं। विश्व चैंपियनशिप 2021 के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य सेन के अलावा सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी दिन में बाद में क्रमशः पुरुष एकल और पुरुष युगल के क्वार्टरफाइनल में खेलेगी।

# साक्षी, लवलीना और जादुमणि ने राष्ट्रमंडल और एशियाई खेलों में अपना कोटा पक्का किया..



जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***ओलंपिक कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन, दिग्गज खिलाड़ियों को शिकस्त देने वाली साक्षी चौधरी, जादूमणि सिंह और नरेंद्र बेरवाल ने शुक्रवार को यहां चयन ट्रायल के***

अंतिम दिन शानदार प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रमंडल खेलों और एशियाई खेलों के लिए अपनी जगह पक्की की। कड़ी प्रतिस्पर्धा और वजन वर्गों में फेरबदल के बीच इन मुक्केबाजों ने कोटा हासिल किया। ट्रायल के दौरान कई मुक्केबाजों ने सीमित वजन वर्गों में जगह बनाने के लिए अपना वर्ग बदला।

इनके साथ विश्व चैंपियनशिप कांस्य पदक विजेता परवीन हुड्डा (65 किग्रा), सुमित कुंडू (70 किग्रा), अंकुश (80 किग्रा) और कपिल पोखरिया (90 किग्रा) भी ग्लासगो और जापान जाने वाली टीम में शामिल होंगे। इन सभी ने अपने-अपने फाइनल मुकाबले जीतकर स्थान सुनिश्चित किया। मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन आदित्य प्रताप सिंह (65 किग्रा) ने हालांकि केवल जुलाई-अगस्त में ग्लासगो में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों के लिए ही क्वालीफाई किया। एशियाई खेल सितंबर-अक्टूबर में जापान के आइची-नागोया में आयोजित होंगे।

दिन के सबसे चर्चित मुकाबले में दो बार की युवा विश्व चैंपियन साक्षी ने एक और शानदार प्रदर्शन करते हुए मौजूदा 48 किग्रा विश्व चैंपियन मीनाक्षी हुड्डा को 5-0 से हराकर 51 किग्रा वर्ग में स्थान हासिल किया। लगातार दूसरे दिन साक्षी ने किसी विश्व चैंपियन को हराया। बृहस्पतिवार को उन्होंने दो बार की विश्व स्वर्ण पदक विजेता निकहत जरीन को मात दी थी। इस जीत के साथ साक्षी ने शानदार वापसी की कहानी पूरी की। मुक्केबाजी संघ की अब समाप्त हो चुकी मूल्यांकन प्रणाली के तहत वह एशियाई चैंपियनशिप के लिए चयनित नहीं हो सकी थीं।

प्रीति पवार पहले ही एशियाई चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर 54 किग्रा का कोटा हासिल कर चुकी थीं, इसलिए साक्षी ने एक वर्ग नीचे उतरने का फैसला किया और यह उनके लिए बेहद सफल साबित हुआ। मीनाक्षी को भी 48 किग्रा वर्ग छोड़कर ऊपर आना पड़ा, क्योंकि उनका मूल वर्ग इन दोनों बहु-खेल आयोजनों में शामिल नहीं है।

साक्षी ने मुकाबले के बाद 'पीटीआई' से कहा, 'मेरा लक्ष्य किसी भी तरह कोटा हासिल करना था। मैंने अपना वजन 55 किग्रा से कम किया, जो मेरे लिए बड़ी चुनौती थी। लेकिन वजन कम करने से मेरी इच्छाशक्ति और मजबूत हुई। मेरे लिए यह करो या मरो की स्थिति थी।' उन्होंने कहा, 'मैंने तीनों मुकाबलों में अपने खेल पर ध्यान दिया। निकहत को हराना मुश्किल नहीं था। मैंने दूरी बनाए रखी और अपने बाएं मुक्के का प्रभावी इस्तेमाल किया।

मैं पहले भी 52 किग्रा में मीनाक्षी को हरा चुकी थी, इसलिए मुझे भरोसा था कि मैं फिर ऐसा कर सकती हूं।' पूर्व विश्व चैंपियन लवलीना ने भारतीय महिला मुक्केबाजी में अपना दबदबा कायम रखते हुए 75 किग्रा फाइनल में सनामाचा चानू को 5-0 से हराया। आक्रामक अंदाज के लिए मशहूर जादूमणि ने 55 किग्रा फाइनल में निखिल को 5-0 से शिकस्त दी। परवीन को हालांकि कड़ी मेहनत करनी पड़ी। प्रिया घंघास के मंगोलिया में एशियाई चैंपियनशिप जीतकर 60 किग्रा का कोटा हासिल करने के बाद परवीन को 65 किग्रा वर्ग में जाना पड़ा, जहां उन्होंने हरियाणा की मुक्केबाज स्नेह को 3-2 से हराया।

वजन वर्ग बदलने का फायदा उठाने वालों में सुमित भी शामिल रहे। 75 किग्रा से नीचे उतरकर उन्होंने दीपक को हराते हुए 70 किग्रा का कोटा हासिल किया। उन्होंने इससे पहले बृहस्पतिवार को विश्व कप स्वर्ण पदक विजेता हितेश गुलिया को सेमीफाइनल में हराया था।

युवा मुक्केबाज अंकुश ने 80 किग्रा मुकाबले में सेना के अपने साथी मालसावमतलुआंगा को हराकर पहली बार राष्ट्रमंडल खेलों और एशियाई खेलों के लिए क्वालीफाई किया।

पिछले एशियाई खेलों में भारत के एकमात्र पुरुष पदक विजेता नरेंद्र ने 90 किग्रा से अधिक भार वर्ग के फाइनल में सावन को हराकर अपने अनुभव का शानदार प्रदर्शन किया। सचिन सिवाच (60 किग्रा), प्रीति पवार (54 किग्रा) और प्रिया घंघास (60 किग्रा) पहले ही एशियाई चैंपियनशिप के प्रदर्शन के आधार पर दोनों प्रतियोगिताओं के लिए क्वालीफाई कर चुके थे। वहीं मौजूदा विश्व चैंपियन जैस्मिन लम्बोरिया (57 किग्रा) और अरुंधति चौधरी (70 किग्रा) ने केवल राष्ट्रमंडल खेलों के लिए जगह बनाई। इस ट्रायल का आयोजन प्रशासनिक विवादों के बीच हुआ। भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा भारतीय मुक्केबाजी महासंघ की विवादास्पद मूल्यांकन-आधारित चयन प्रक्रिया को बीच में ही निलंबित किए जाने के बाद महासंघ को पारंपरिक ट्रायल प्रणाली अपनानी पड़ी।

### टीम :

**महिला:** साक्षी चौधरी (51 किग्रा), प्रीति पवार (54 किग्रा), जैस्मिन लम्बोरिया (57 किग्रा, केवल राष्ट्रमंडल खेल), प्रिया घंघास (60 किग्रा), परवीन हुड्डा (65 किग्रा), अरुंधति चौधरी (70 किग्रा, केवल राष्ट्रमंडल खेल), लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा)।

**पुरुष:** जादूमणि सिंह (55 किग्रा), सचिन सिवाच (60 किग्रा), आदित्य प्रताप सिंह (65 किग्रा, केवल राष्ट्रमंडल खेल), सुमित कुंडू (70 किग्रा), अंकुश (80 किग्रा), कपिल पोखरिया (90 किग्रा), नरेंद्र बेरवाल (90 किग्रा से अधिक)।

# 4 जून को रिलीज होगी माधुरी दीक्षित की फिल्म मां बहन, तृप्ति डिमरी भी जमाएंगी रंग, ट्रेलर में दिखा मजेदार अंदाज..




डेस्क जगप्रेरणा।

***माधुरी दीक्षित ने बीते दिनों अपनी सीरीज मिसेज देशपांडे में कमाल का एक्शन दिखाया था और खूब तारीफें बटोरी थीं। अब माधुरी एक बार फिर ओटीटी पर फिल्म लेकर आ रही हैं।***

इस फिल्म का नाम है 'मां बहन' और ये फिल्म 4 जून को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो जाएगी। मेकर्स ने आज शुक्रवार को एक पोस्ट शेयर कर इसका खुलासा किया है। यह घोषणा माधुरी दीक्षित के जन्मदिन पर की गई और नेटफ्लिक्स ने फिल्म की पहली झलक जारी की। इस पोस्ट को कैप्शन के साथ साझा किया गया, 'धक धक हो रहा है? तारीख नोट कर लो। 4 जून को रिलीज हो रही 'मां बहन' सिर्फ नेटफ्लिक्स पर देखें।'

### क्या है फिल्म की कहानी?

सुरेश त्रिवेनी की फिल्म 'मां बहन' एक अव्यवस्थित मां-बेटी की तिकड़ी रेखा, जया और सुषमा की कहानी है, जिनके जीवन में उस समय उथल-पुथल मच जाती है जब अचानक उनकी रसोई में एक शव मिलता है। सच को छिपाने की कोशिश में, परिवार झूठ, दहशत और दखल देने वाले पड़ोसियों के बीच उलझ जाता है, जो एक तेज-तर्रार कॉमेडी बन जाती है। फिल्म में माधुरी दीक्षित रेखा की भूमिका में हैं, साथ ही तृप्ति डिमरी और धरना दुर्गा उनकी बेटियों के रूप में हैं। रवि किशन भी एक महत्वपूर्ण भूमिका में हैं। कलाकारों में गीतांजलि कुलकर्णी, अरुणोदय सिंह और शार्दुल भारद्वाज शामिल हैं। अबंडेंटिया एंटरटेनमेंट और ओपनिंग इमेज फिल्म्स द्वारा निर्मित इस फिल्म को विक्रम मल्होत्रा और सुरेश त्रिवेनी का समर्थन प्राप्त है। कहानी सुरेश त्रिवेनी और पूजा तोलानी ने लिखी है, जिन्होंने पटकथा और संवाद भी लिखे हैं।

### नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी फिल्म..

फिल्म में माधुरी दीक्षित और पूजा तोलानी ने ही पटकथा और संवाद लिखे हैं। इस प्रोजेक्ट के बारे में बात करते हुए, अबंडेंटिया एंटरटेनमेंट के संस्थापक और सीईओ विक्रम मल्होत्रा ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा, 'मां बहन एक ऐसी कहानी है जो अपने साहसिक विचार से आपको बांधे रखती है और अपनी भावनात्मक सच्चाई के कारण लंबे समय तक आपके दिलों में बसी रहती है। अराजकता और हास्य के नीचे, परिवार, समाज और इस भेदभावपूर्ण दुनिया में जीवित रहने के लिए लोगों द्वारा किए जाने वाले विकल्पों की एक गहरी मानवीय कहानी छिपी है।'

# लो खत्म हुआ इंतजार, खुलने वाला है कॉमेडी का पिटारा, वेलकम टू द जंगल का टीजर हुआ रिलीज, 30 से ज्यादा एक्टर्स मचा रहे धमाल..




डेस्क जगप्रेरणा।

***अक्षय कुमार स्टारर फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' का आज टीजर रिलीज हो गया है। फैन्स इस फिल्म का लंबे समय से इंतजार कर रहे थे और अब उनके इंतजार की घड़ियां समाप्त हो गई हैं।***

फिल्म में 30 से ज्यादा सितारों को दमदार किरदारों में कास्ट किया गया है और जल्द ही कॉमेडी का पिटारा खुलने वाला है। फिल्म 26 जून को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है।

### 30 से ज्यादा बड़े स्टार्स को किया कास्ट..

बता दें कि फिल्म को अहमद खान ने डायरेक्ट किया है और ये फिल्म अब तक की सबसे बड़ी स्टारकास्ट वाली फिल्म होने वाली है। फिल्म में 30 से ज्यादा बड़े सितारों को अहम किरदारों में कास्ट किया गया है। आज रिलीज हुए टीजर में भी इसकी झलक देखने को मिल रही है। टीजर में अक्षय कुमार का वही पुराना कॉमिक अंदाज देखने को मिला और उनकी टाइमिंग ने लोगों को हंसने पर मजबूर कर दिया। साथ ही अरशद वारसी से लेकर सुनील शेट्टी और दिशा पाटनी तक कई दिग्गज सितारे इस फिल्म में कॉमेडी का तड़का लगाते नजर आने वाले हैं।

### इन सितारों का दिखेगा जलवा..

बॉलीवुड में अब तक हमने कई मल्टीस्टारर फिल्में देखी हैं और उन्हें खूब एंजॉय किया है। अब वेलकम टू द जंगल भी इसी तरह की एक फिल्म जिसमें 30 से ज्यादा धाकड़ एक्टर्स अहम किरदारों में नजर आने वाले हैं। अक्षय कुमार के साथ फिल्म में संजय दत्त, सुनील शेट्टी, अरशद वारसी और परेश रावल ने लीड रोल प्ले किए हैं। इसके साथ ही फिल्म की कहानी के लिए सपोर्टिंग कास्ट को भी कास्ट किया गया है। जिसमें रवीना टंडन, लारा दत्ता, जैकलीन फर्नांडिस, दिशा पाटनी और उर्वशी रौतेला, जॉनी लीवर, राजपाल यादव, तुषार कपूर, श्रेयस तलपड़े, कीकू शारदा और कृष्णा अभिषेक दमदार किरदारों में दिखेंगे। फिल्म को लेकर दर्शक भी काफी उत्साहित हैं और आज रिलीज हुए टीजर ने एक बार फिर इस फिल्म को चर्चा में ला दिया है।

# लगान और गदर फिल्म को टक्कर देने वाली हीरोइन, जिसने चंद मूवीज के बाद छोड़ दी इंडस्ट्री, बिजनेस की दुनिया में बनीं स्टार..



डेस्क जगप्रेरणा।

***फिल्मी दुनिया में अपना नाम कमाने के लिए लोगों को हर तरह के साथ की जरूरत होती है। मेहनत, खूबसूरती और भाग्य का जोड़ मिलाकर किसी एक्टर को स्टार बनाता है। लेकिन इससे भी ज्यादा मुश्किल होता है उस स्टारडम को बनाए रखना।***

बॉलीवुड में 2000 के दशक में एक हीरोइन ऐसी भी रहीं जिन्होंने अपनी पहली ही फिल्म से कमाल कर दिया था। साथ ही उनकी फिल्म ने गदर और लगान जैसी फफल्मों को भी बॉक्स ऑफिस पर कड़ी टक्कर दी थी। हम बात कर रहे हैं सांदली सिन्हा की जिन्होंने अपनी डेब्यू फिल्म 'तुम बिन' से ही नाम कमा लिया था। लेकिन उन्होंने चंद फिल्मों के बाद ही फिल्मी दुनिया को अलविदा कह दिया और बिजनेस वर्ल्ड में नाम कमाया।

### डेब्यू फिल्म से ही किया था कमाल..

सांदली सिन्हा का जन्म 11 जनवरी 1971 को हुआ था और उन्होंने ग्लैमर की दुनिया में अपनी जमीन तलाशी। सांदली ने अपने करियर की शुरुआत तन्हा नाम के एक टीवी सीरियल से की थी। इसके बाद म्यूजिक वीडियो और कुछ शॉर्ट फिल्मों में भी काम किया। साल 2001 में सांदली को अनुभव सिन्हा ने अपनी फिल्म 'तुम बिन' में कास्ट किया। ये फिल्म रिलीज हुई और लोगों को खूब पसंद आई। साथ ही ये फिल्म बॉक्स ऑफिस भी हिट रही थी। फिल्म की कहानी और गानों ने लोगों का दिल जीत लिया था। इसके बाद सांदली स्टार बन गई थीं। साल 2003 में सांदली को फिल्म ओम में भी काम करने का मौका मिला। साल 2003 में आई फिल्म पिंजर में भी सांदली ने एक दमदार किरदार निभाया। हालांकि इस फिल्म के बाद सांदली को कोई खास काम करने का मौका नहीं मिला।

### फिल्मी दुनिया को कहा अलविदा..

सांदली ने कुछ ही फिल्मों के बाद फिल्मी दुनिया को अलविदा कह दिया। सांदली ने एक बिजनेसमैन किरन सालस्कर से शादी कर ली और अपनी एक अलग दुनिया बनाई। सांदली ने बिजनेस की दुनिया में काम किया और खूब नाम कमाया। साल 2016 में तुम बिन पार्ट 2 रिलीज हुई थी जिसमें सांदली ने एक स्पेशल अपीरियंस भी किया था। हालांकि ये फिल्म कब आई और कब निकल गई किसी को कोई खबर नहीं लगी। अब सांदली फिल्मी दुनिया से दूर अपने पति के साथ बिजनेस में नाम कमा रही हैं।

शुद्ध सोने एवं चांदी के कलात्मक एवं हॉलमार्क आभूषणों के विक्रेता..

शांती ज्वेलर्स

नया सराफा, मेन रोड, बालाघाट

सर्वश्रेष्ठ प्रिंटिंग

सबसे कम कीमत पर

समाचार पत्र, पत्रिका, किताब, पांपलेट, बिलबुक, रसीद बुक, लेटरपेड, कैलेंडर, आदि की ग्राफिक्स डिजाईनिंग एवं प्रिंटिंग कार्य के लिये तथा समाचार पत्रों के साथ पांपलेट वितरण कार्य के लिये संपर्क करें..

जगप्रेरणा ग्राफिक्स

गोंदिया - बालाघाट मो. 9329033433

दरीयां, मेटींग्स, कार्पेट्स, डोरमेट्स, शॉल, ब्लैंकेट्स, स्कूल की भोजन पट्टियां, ताड़पत्री, मच्छरदानी, ग्रीन नेट, चादरें, बेड शीट्स के थोक व चिल्लर विक्रेता

रमनकुमार मेठी हैंडलुम हाऊस

मेन रोड, बड़ी मस्जिद के सामने, गोंदिया 9890696200

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433





# विदेशों में मजबूत रुख के बावजूद पाम-पामोलीन और सोयाबीन तेल के दाम स्थिर

नई दिल्ली, (भाषा)।

***डॉलर के मुकाबले रुपये में गिरावट, विदेशी एक्सचेंजों में सुधार के बावजूद आयातकों की लागत से नीचे दाम पर बिकवाली के कारण शुक्रवार को घरेलू बाजारों में सोयाबीन तेल, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तेल के दाम स्थिर बने रहे।***



बाजार सूत्रों के अनुसार आयातित खाद्यतेलों के दाम स्थिर रहने के बीच सरसों तेल-तिलहन में भी स्थिरता बनी रही। दूसरी ओर, सबसे सस्ता होने के बाद मांग बढ़ने से मूंगफली तेल-तिलहन तथा बेहद कम उपलब्धता के बीच मांग बढ़ने से बिनौला तेल कीमतों में सुधार रहा। मध्य प्रदेश में सोयाबीन प्लांट वालों द्वारा दाम घटाने के बीच सोयाबीन तिलहन के दाम गिरावट के साथ बंद हुए।

दोपहर साढ़े तीन बजे मलेशिया एक्सचेंज सुधार के साथ बंद हुआ जबकि शिकागो एक्सचेंज में सुधार है।

सूत्रों ने कहा कि मलेशिया एवं शिकागो एक्सचेंज में मजबूती रहने, डॉलर के मुकाबले रुपये के अपने निचले स्तर पर आने के बावजूद आयातकों की लागत से नीचे दाम पर बिक्री करने के कारण सोयाबीन एवं पाम-पामोलीन तेल जैसे आयातित खाद्यतेलों के दाम स्थिर बने रहे। इसके कारण बाजार धारणा प्रभावित रहने का असर सरसों तेल-तिलहन पर भी दिखा जिसके दाम स्थिर बने रहे।

उन्होंने कहा कि काफी लंबे समय से इस लागत से नीचे दाम की बिकवाली का सीधा संबंध विदेशीमुद्रा खर्च से है। खाद्यतेलों से मंहगाई बढ़ने का खतरा जिन समीक्षकों को पिछले दो दशकों से दिखता आ रहा था, उन्हें एक बार फिर से सोचना चाहिये कि उनकी चिंताओं के बावजूद आज विदेशीमुद्रा का खर्च कम हुआ है या निरंतर बढ़ता चला गया है। जबकि प्रत्येक घर में खाद्यतेल की प्रति व्यक्ति खपत दूध के मुकाबले काफी कम है। हाल के दिनों में अमूल और मदर डेयरी जैसी प्रमुख कंपनियों ने दूध के दाम बढ़ाये हैं लेकिन इनमें से किसी समीक्षक को दूध की मंहगाई पर चिंता जताते नहीं देखा गया।

सूत्रों ने कहा कि वर्ष 1987 में गुजरात में सूखे के दौरान आंध्र प्रदेश में मूंगफली की इतनी पैदावार की गई थी कि इसके तेल का दाम पहले के मुकाबले आधा रह गया था। इन्हीं दिनों में सरसों के उत्पादन के मामले में उत्तर प्रदेश राजस्थान से आगे था। अभी के उत्तराखंड के हल्द्वानी का सोयाबीन तेल बेहतरीन माना जाता था। लेकिन मंहगाई के हौव्वा खड़ा किये जाने और कुछ खास समीक्षकों की चिंताओं के बीच अपना घरेलू उत्पादन प्रभावित हुआ और इन तिलहनों की पैदावार कम होती चली गई।

उन्होंने कहा कि 'सोपा' (सोयाबीन प्रोसेसर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया) जैसे देश के कुछ प्रमुख तेल संगठनों ने भी माना है खाद्यतेलों का मंहगाई पर खास असर नहीं होता। किसानों को जब जब अच्छे दाम मिले तो तिलहन का उत्पादन बढ़ने लगा। ऐसी मंहगाई का क्या रोना जो देश की विदेशीमुद्रा खर्च को निरंतर बढ़ाता चला जाये, उससे तुरंत निजात पाने की जरुरत है।

सूत्रों ने कहा कि गुजरात में सूरजमुखी से 5-6 रुपये किलो सस्ता होने के कारण मांग बढ़ने से मूंगफली तेल-तिलहन के दाम में सुधार आया। कम उपलब्धता के बीच मांग बढ़ने से बिनौला तेल में भी सुधार है। मध्य प्रदेश में सोयाबीन प्लांट द्वारा खरीद का दाम घटाने से सोयाबीन तिलहन में गिरावट है। वैसे बृहस्पतिवार के मुकाबले इस गिरावट के बावजूद सोयाबीन तिलहन के दाम एमएसपी से पर्याप्त अधिक हैं।

### तेल-तिलहनों के भाव इस प्रकार रहे:

सरसों तिलहन - 7,100-7,125 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली - 6,525-7,000 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली तेल मिल डिलिवरी (गुजरात) - 15,500 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली रिफाइंड तेल - 2,470-2,770 रुपये प्रति टिन।

सरसों तेल दादरी- 14,550 रुपये प्रति क्विंटल।

सरसों पक्की घानी- 2,430-2,530 रुपये प्रति टिन।

सरसों कच्ची घानी- 2,430-2,575 रुपये प्रति टिन।

सोयाबीन तेल मिल डिलिवरी दिल्ली- 15,800 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन मिल डिलिवरी इंदौर- 15,700 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन तेल डीगम, कांडला- 12,200 रुपये प्रति क्विंटल।

सीपीओ एक्स-कांडला- 13,850 रुपये प्रति क्विंटल।

बिनौला मिल डिलिवरी (हरियाणा)- 15,600 रुपये प्रति क्विंटल।

पामोलिन आरबीडी, दिल्ली- 15,650 रुपये प्रति क्विंटल।

पामोलिन एक्स- कांडला- 14,500 रुपये (बिना जीएसटी के) प्रति क्विंटल।

सोयाबीन दाना - 7,150-7,200 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन लूज- 6,800-6,875 रुपये प्रति क्विंटल।

# रुपया 17 पैसे की गिरावट के साथ अबतक के सबसे निचले स्तर 95.81 प्रति डॉलर पर बंद

मुंबई, (भाषा)।

***अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया शुक्रवार को 17 पैसे की गिरावट के साथ 95.81 प्रति डॉलर के अब तक के सबसे निचले स्तर पर बंद हुआ। कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और मुद्रास्फीति***



संबंधी चिंताओं के कारण रुपये पर दबाव बढ़ा है। कारोबार के दौरान एक समय यह 96 प्रति डॉलर के से नीचे चला गया था। रुपया इस वर्ष अब तक छह प्रतिशत से अधिक टूट चुका है और पिछले छह कारोबारी सत्रों में यह लगभग दो प्रतिशत कमजोर हुआ है। अमेरिका की मजबूत खुदरा बिक्री और स्थिर श्रम बाजार के आंकड़ों के बाद डॉलर सूचकांक मजबूत हुआ। इसका कारण इन आंकड़ों ने फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में भारी कटौती की उम्मीदों को कम किया है। ईरान युद्ध के कारण कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के साथ रुपये में गिरावट आई है।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, वैश्विक अनिश्चितताओं, अपेक्षाकृत उच्च मूल्यांकन और एआई-आधारित निवेश अवसरों की कमी ने पूंजी प्रवाह पर दबाव डाला है।

इसके अलावा, कमजोर शुद्ध प्रत्यक्ष विदेशी निवेश से भुगतान संतुलन पर दबाव पड़ने की संभावना है, जबकि कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें मुद्रास्फीति की चिंताओं को बढ़ा रही हैं।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.86 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान यह पिछले बंद भाव से 50 पैसे टूटकर 96.14 के रिकॉर्ड निचले स्तर तक पहुंच गया था। अंत में रुपया 95.81 प्रति डॉलर पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से 17 पैसे की गिरावट है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के संभावित हस्तक्षेप से इसे कुछ समर्थ मिला।

रुपया बृहस्पतिवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 95.96 के रिकॉर्ड निचले स्तर तक पहुंच गया था। हालांकि, अंत में दो पैसे की मामूली बढ़त के साथ 95.64 पर बंद हुआ था। मिराए एसेट शेयरखान के शोध विश्लेषक अनुज चौधरी ने कहा, '' हमारा अनुमान है कि कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और मुद्रास्फीति संबंधी चिंताओं के बीच रुपये में गिरावट जारी रहेगी। मजबूत डॉलर और विदेशी पूंजी की निकासी से भी रुपये पर दबाव पड़ सकता है। हालांकि, भारतीय रिजर्व बैंक का कोई भी हस्तक्षेप और सोने-चांदी पर आयात शुल्क में बढ़ोतरी निचले स्तरों पर रुपये को सहारा दे सकती है। डॉलर के मुकाबले रुपया का हाजिर भाव 95.60 से 96.20 के बीच रह सकता है।''

इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.34 प्रतिशत की बढ़त के साथ 99.15 पर रहा। घरेलू शेयर बाजारों में सेंसेक्स 160.73 अंक टूटकर 75,237.99 अंक जबकि निफ्टी 46.10 अंक फिसलकर 23,643.50 अंक पर बंद हुआ।


अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 3.14 प्रतिशत की बढ़त के साथ 109.04 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया।

शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) लगातार दूसरे दिन बाजार में शुद्ध लिवाल रहे और उन्होंने शुक्रवार को 1,329.17 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

# सोने का आयात अप्रैल में 82 प्रतिशत बढ़ा, चांदी का आयात 157 प्रतिशत उछला

नई दिल्ली, (भाषा)।

***सोने की ऊंची कीमतों के बीच अप्रैल में भारत का सोने का आयात 81.69 प्रतिशत बढ़कर 5.62 अरब डॉलर हो गया। हालांकि, सरकार के आयात शुल्क बढ़ाने के बाद आने वाले महीनों में इसमें कमी आने की संभावना जताई गई है।***



वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल में चांदी का आयात 157.16 प्रतिशत बढ़कर 41.1 करोड़ डॉलर हो गया।

वित्त वर्ष 2025-26 में सोने का आयात मूल्य के लिहाज से 24 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 71.98 अरब डॉलर पर पहुंच गया। हालांकि, मात्रा के लिहाज से आयात 4.76 प्रतिशत घटकर 721.03 टन रहा।

सरकार ने 13 मई से सोने और चांदी जैसी कीमती धातुओं पर आयात शुल्क छह प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दिया है।

वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा कि आयात शुल्क बढ़ने से वर्ष के दौरान सोने और चांदी के आयात पर असर पड़ेगा और इनमें कमी आ सकती है।

उन्होंने कहा कि चांदी का औद्योगिक उपयोग अधिक होने के कारण उस पर शुल्क वृद्धि का असर अपेक्षाकृत कम हो सकता है।

अग्रवाल ने कहा कि शुल्क बढ़ने के बाद उपभोग आधारित मांग में कमी आने की उम्मीद है।

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से सोने के आयात के बारे में उन्होंने कहा कि 2025-26 में मूल्य और मात्रा दोनों के लिहाज से आयात घटा है, जिससे भारत के कुल स्वर्ण आयात में यूएई की हिस्सेदारी कम हुई है।

भारत-यूएई व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते (सीईपीए) के तहत रियायती शुल्क पर सोने के आयात के लिए शुल्क दर कोटा (टीआरक्यू) व्यवस्था लागू की गई थी। यह समझौता एक मई, 2022 से प्रभावी हुआ।

आंकड़ों के अनुसार, 2023-24 में कुल स्वर्ण आयात 795 टन और 2024-25 में 757 टन रहा। इनमें टीआरक्यू व्यवस्था के तहत आयात की हिस्सेदारी क्रमशः लगभग पांच प्रतिशत और 18 प्रतिशत रही।

वित्त वर्ष 2025-26 में इस व्यवस्था के तहत 8.58 टन सोना आयात की अनुमति दी गई थी, जबकि वित्त वर्ष 2024-25 में भारत ने कुल 721 टन सोना आयात किया।

वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा, ÷मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि यूएई के साथ सीईपीए समझौते के तहत सोने पर दी गई शुल्क दर कोटा रियायत का 2025-26 में भारत के कुल स्वर्ण आयात पर कोई बड़ा असर नहीं पड़ा है।÷

उन्होंने कहा कि इस समझौते के तहत 2025-26 में सोने के आयात के लिए जारी कुल टीआरक्यू केवल लगभग आठ टन के बराबर था और यह व्यवस्था जून 2026 तक वैध है।

अग्रवाल ने कहा, ÷31 मार्च तक वास्तविक आयात लगभग एक टन सोना ही था। इसलिए सोने के आयात के मामले में यूएई सीईपीए का कोई खास प्रभाव नहीं पड़ा है।÷

उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में यूएई से सोने-चांदी आयात में हुई वृद्धि की भरपाई भारत के प्रमुख स्रोत स्विट्जरलैंड से सोना-चांदी का आयात बढ़ने से हो गई।

वाणिज्य सचिव ने कहा कि देश में शोधन के लिए सोने के डोर (अर्ध-शोधित सोना) का आयात सकारात्मक रुख बनाए हुए है और इसका कुल आयात सालाना लगभग 250-300 टन रहता है। यह आयात अफ्रीका, लैटिन अमेरिका और अमेरिका समेत कई स्रोतों से होता है।

इसी तरह, ऊंची कीमतों के कारण पिछले वित्त वर्ष में चांदी का आयात लगभग 150 प्रतिशत बढ़कर 12 अरब डॉलर हो गया। मात्रा के लिहाज से यह 42 प्रतिशत बढ़कर 7,334.96 टन रहा।

अप्रैल में सोने और चांदी के आयात में बढ़ोतरी से देश का व्यापार घाटा बढ़कर तीन महीने के उच्चस्तर 28.38 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमत सभी करों सहित लगभग 1.56 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम और चांदी की कीमत लगभग 2.53 लाख रुपये प्रति किलोग्राम रही।

देश के कुल स्वर्ण आयात में स्विट्जरलैंड की हिस्सेदारी लगभग 40 प्रतिशत है। इसके बाद यूएई की हिस्सेदारी 16 प्रतिशत से अधिक और दक्षिण अफ्रीका की करीब 10 प्रतिशत है।

देश के कुल आयात में सोने की हिस्सेदारी पांच प्रतिशत से अधिक है। अप्रैल में स्विट्जरलैंड से कुल आयात 26.73 प्रतिशत बढ़कर 1.47 अरब डॉलर हो गया।

भारत चीन के बाद दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा सोना उपभोक्ता है। सोने का आयात मुख्य रूप से आभूषण उद्योग की मांग को पूरा करने के लिए किया जाता है।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के आंकड़ों के अनुसार, चालू खाते का घाटा अक्टूबर- दिसंबर तिमाही में बढ़कर 13.2 अरब डॉलर यानी सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 1.3 प्रतिशत हो गया। हालांकि, अप्रैल-दिसंबर 2025 के दौरान यह घटकर 30.1 अरब डॉलर यानी जीडीपी का एक प्रतिशत रहा।

# बेरोजगारी दर अप्रैल में छह महीने के उच्च स्तर 5.2 प्रतिशत पर: सरकारी सर्वेक्षण..

नई दिल्ली, (भाषा)।

***देश में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों के लिए बेरोजगारी दर बढ़कर अप्रैल महीने में 5.2 प्रतिशत पर पहुंच गई, जो छह महीने का उच्च स्तर है। शुक्रवार को जारी निश्चित अवधि पर होने वाले श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) रिपोर्ट से यह जानकारी मिली।***




सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय की तरफ से जारी पीएलएफएस मासिक बुलेटिन के मुताबिक, देश में बेरोजगारी दर का पिछला उच्च स्तर अक्टूबर 2025 में भी 5.2 प्रतिशत दर्ज किया गया था।

बेरोजगारी दर मार्च, 2026 और अप्रैल, 2025 दोनों महीनों में 5.1 प्रतिशत पर रही थी।

शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी दर अप्रैल 2026 में मामूली रूप से घटकर 6.6 प्रतिशत रह गई, जबकि मार्च में यह 6.8 प्रतिशत थी। वहीं, ग्रामीण क्षेत्रों में यह बढ़कर 4.6 प्रतिशत हो गई, जो एक माह पहले 4.3 प्रतिशत थी।

पुरुषों में बेरोजगारी की दर अप्रैल महीने में 5.1 प्रतिशत रही, जो मार्च में पांच प्रतिशत और अप्रैल 2025 में 5.2 प्रतिशत थी।

ग्रामीण पुरुषों में बेरोजगारी दर 4.7 प्रतिशत रही, जो मार्च में 4.4 प्रतिशत थी। शहरी पुरुषों में यह घटकर 5.9 प्रतिशत रह गई, जो मार्च में 6.1 प्रतिशत थी।

महिलाओं में बेरोजगारी की दर अप्रैल में बढ़कर 5.4 प्रतिशत हो गई, जो मार्च में 5.3 प्रतिशत और अप्रैल 2025 में पांच प्रतिशत थी।

ग्रामीण महिलाओं में यह घटकर 4.1 प्रतिशत रह गई, जबकि मार्च में यह 4.4 प्रतिशत थी। वहीं, शहरी महिलाओं में बेरोजगारी घटकर 8.5 प्रतिशत रह गई, जो मार्च में नौ प्रतिशत थी।

मंत्रालय ने कहा कि देश में श्रम बल भागीदारी दर (एलएफपीआर) अप्रैल 2026 में घटकर 55 प्रतिशत रह गई, जो मार्च में 55.4 प्रतिशत और अप्रैल 2025 में 55.6 प्रतिशत थी।

ग्रामीण क्षेत्रों में श्रम बल भागीदारी की दर 57.5 प्रतिशत रही जबकि शहरी क्षेत्रों में यह 50.1 प्रतिशत रही।

महिला श्रम बल भागीदारी दर अप्रैल 2026 में 33.9 प्रतिशत रही, जबकि मार्च में यह 34.4 प्रतिशत और अप्रैल 2025 में 34.2 प्रतिशत थी। ग्रामीण महिलाओं में यह 38.2 प्रतिशत और शहरी महिलाओं में 25 प्रतिशत दर्ज की गई।

श्रमिक जनसंख्या अनुपात (डब्ल्यूपीआर) अप्रैल 2026 में घटकर 52.2 प्रतिशत रह गया, जो मार्च में 52.6 प्रतिशत और अप्रैल 2025 में 52.8 प्रतिशत था। ग्रामीण क्षेत्रों में यह 54.9 प्रतिशत और शहरी क्षेत्रों में 46.8 प्रतिशत रहा।

राष्ट्रीय स्तर पर सर्वेक्षण के लिए अप्रैल 2026 के अनुमान 3,74,243 लोगों से जुटाई गई जानकारी पर आधारित हैं।

अप्रैल 2025 से मार्च 2026 तक के मासिक श्रमबल बुलेटिन पहले ही जारी किए जा चुके हैं। अप्रैल 2026 का यह मौजूदा मासिक बुलेटिन इस श्रृंखला का 13वां संस्करण है।

# महाराष्ट्र के धर्मादा आयुक्त ने सर रतन ट्रस्ट की प्रस्तावित बोर्ड बैठक के स्थगन का निर्देश दिया..

नई दिल्ली, (भाषा)।

महाराष्ट्र के धर्मादा आयुक्त (चैरिटी कमिश्नर) ने शुक्रवार को टाटा ट्रस्ट्स को 'सर रतन टाटा ट्रस्ट' (एसआरटीटी) के ट्रस्टी बोर्ड की 16 मई को प्रस्तावित बैठक स्थगित करने का निर्देश देते हुए कहा कि ट्रस्ट की बोर्ड संरचना में नियमों के कथित उल्लंघन की जांच अभी जारी है।

आयुक्त अमोघ एस कलोटी ने कहा कि इस मामले में निरीक्षक जांच पहले ही शुरू की जा चुकी है और उसकी रिपोर्ट का इंतजार है। ऐसे में जांच पूरी होने तक किसी भी बोर्ड बैठक को आयोजित न करने का निर्देश दिया गया है। टाटा ट्रस्ट के ट्रस्टी बोर्ड को दिए गए निर्देश के मुताबिक, यदि जांच लंबित रहने के दौरान कोई महत्वपूर्ण निर्णय लिया जाता है तो इससे कानूनी जटिलताएं बढ़ सकती हैं और कार्यवाही में अनावश्यक देरी होगी। टाटा ट्रस्ट के वाइस चेयरमैन वेणु श्रीनिवासन ने भी आयुक्त के समक्ष एक प्रतिनिधित्व पेश किया। हालांकि इस मामले में टिप्पणी के लिए टाटा ट्रस्ट को भेजे गए ई-मेल का कोई जवाब नहीं मिला है।

आयुक्त से यह भी आग्रह किया गया कि ट्रस्ट को अनिवार्य शर्तों का पालन करने का निर्देश दिया जाए, जिसके तहत स्थायी ट्रस्टी की संख्या कुल बोर्ड सदस्यता के एक-चौथाई से अधिक नहीं होनी चाहिए। छह सदस्यीय बोर्ड के मामले में यह सीमा अधिकतम एक स्थायी ट्रस्टी तक सीमित होगी। मामला सर रतन टाटा ट्रस्ट के बोर्ड में स्थायी ट्रस्टी की संख्या को लेकर उठे विवाद से जुड़ा है। शिकायत में कहा गया है कि ट्रस्ट के बोर्ड की मौजूदा संरचना में यह सीमा पार हो रही है। एसआरटीटी के फिलहाल छह ट्रस्टी हैं जिनमें से जिमी नेवल टाटा, जहांगीर एचसी जहांगीर और नोएल नवल टाटा आजीवन ट्रस्टी हैं। यह संख्या बोर्ड के 50 प्रतिशत के बराबर है, जो निर्धारित 25 प्रतिशत की वैधानिक सीमा से अधिक है।

धर्मादा आयुक्त कार्यालय ने यह भी कहा कि इस बारे में मिली शिकायतें गंभीर हैं और उनके सभी पहलुओं की जांच आवश्यक है। इसी कारण निरीक्षक को विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने के लिए कहा गया है। एसआरटीटी से जुड़ी एक प्रस्तावित बैठक को पिछले सप्ताह भी स्थगित किया गया था। वह बैठक टाटा संस में नामांकन से जुड़े मुद्दों पर विचार के लिए बुलाई गई थी। सर रतन टाटा ट्रस्ट की टाटा समूह की प्रमुख होल्डिंग कंपनी टाटा संस में 23.6 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

# वाणिज्य मंत्रालय की मुंबई में क्षेत्रीय कार्यालयों को एक ही छत के नीचे लाने की योजना

मुंबई, (भाषा)।

***केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय कार्यक्षमता बढ़ाने, प्रशासनिक लागत कम करने और 'व्यापार सुगमता'को बढ़ावा देने के लिए मुंबई में कार्यरत अपने विभिन्न क्षेत्रीय कार्यालयों को एक ही छत के नीचे लाने की योजना बना रहा है।***

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को मंत्रालय के विभिन्न कार्यालयों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ इस मुद्दे पर एक बैठक की।

बैठक में इन सभी कार्यालयों को एक स्थान पर एकीकृत करने के उपायों पर विचार-विमर्श किया गया, ताकि बेहतर समन्वय, सुचारु कार्यप्रणाली और सेवा वितरण में सुधार सुनिश्चित किया जा सके तथा 'व्यापार सुगमता' और 'जीवनयापन को सुगम' बनाने को और अधिक बढ़ावा दिया जा सके।

गोयल ने कहा कि इस बदलाव से प्रशासनिक दोहराव कम होगा, साझा आधारभूत ढांचे का बेहतर उपयोग होगा और निर्यातकों, सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) तथा स्टार्टअप के लिए एक समग्र एकीकृत व्यवस्था विकसित होगी। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, ÷हमारी योजना सभी कार्यालयों को, जहां तक संभव हो, एक ही स्थान पर लाने की है।÷

मंत्री ने बताया कि मंत्रालय के लगभग 12 संगठनों के करीब 20 कार्यालय मुंबई के विभिन्न स्थानों पर फैले हुए हैं।

उन्होंने कहा, ÷परीक्षण के तौर पर उद्देश्य यह है कि मंत्रालय से जुड़े सभी विभागों और स्वायत्त निकायों के कार्यालयों को एक केंद्रीय स्थान पर एकीकृत किया जाए।÷



जग प्रेरणा

# देश विदेश

● म.प्र. ● महाराष्ट्र ● छ.ग. ● उड़ीसा ● राजस्थान ● गुजरात ● दिल्ली ● हरियाणा ● पंजाब ● जम्मू कश्मीर

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

## ‘ईरान को गोला-बारूद नहीं देगा चीन’, ट्रंप ने बताया उनकी शी जिनपिंग से क्या-क्या हुई बात..

डेस्क जगप्रेरणा।

***Donald Trump** ने ईरान के बारे में सख्त और बड़ा बयान देते हुए कहा कि अब तेहरान के सामने केवल 2 रास्ते बचे हैं- डील या तबाही। अपनी चीन यात्रा के आखिरी दिन दिए गए इंटरव्यू में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बोले कि ईरान ‘खत्म हो चुका है’*

और यदि उसने जंग को समाप्त करने के लिए डील नहीं की, तो उसे गंभीर नतीजे भुगतने होंगे।

### ईरान के सामने ‘समझौते’ और ‘तबाही’ के दो ही विकल्प..

फॉक्स न्यूज से बातचीत में डोनाल्ड ट्रंप ने स्पष्ट कहा कि अमेरिका, ईरान को किसी भी कीमत पर परमाणु हथियार हासिल करने नहीं देगा। उन्होंने कहा, ‘ईरान अब खत्म हो चुका है। वे समझौता करें, वर्ना पूरी तरह से तबाह हो जाएंगे।’ डोनाल्ड ट्रंप ने यह स्टेटमेंट चीनी राष्ट्रपति **Xi Jinping** के साथ बातचीत के बाद दिया, जिसमें ईरान का मुद्दा मुख्य तौर पर शामिल रहा।



### चीन भी नहीं चाहता कि ईरान के पास हो परमाणु हथियार..

ट्रंप के अनुसार, जिनपिंग भी ईरान और अमेरिका के बीच डील चाहते हैं। उनका दावा है कि चीन के राष्ट्रपति ने बातचीत में मदद की पेशकश भी की। डोनाल्ड ट्रंप के मुताबिक, जिनपिंग का भी मानना है कि ईरान के हाथ परमाणु हथियार नहीं लगने चाहिए।

### ईरान को Military Equipment नहीं देगा चीन..

चीन की तरफ से ईरान को युद्ध में मदद दिए जाने के सवाल पर डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि इस मसले पर भी उन दोनों में चर्चा हुई और शी जिनपिंग ने विश्वास दिलाया कि चीन, ईरान को **Military Equipment** नहीं देगा। हालांकि, ईरान के तेल का सबसे बड़ा खरीदार फिलहाल चीन ही है। चीन के ईरान के साथ रणनीतिक और सैन्य संबंध भी मजबूत हैं।

### ईरान के खार्ग द्वीप को 5 मिनट में तबाह करने का दावा..

डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिकी मिलिट्री पावर की बात करते हुए कहा कि अमेरिकी फौज, ईरान के खार्ग द्वीप को महज चार से पांच मिनट के अंदर नेस्तनाबूद करने की ताकत रखती है। वह यह भी बोले कि ईरान के खिलाफ मौजूदा मिलिट्री ऑपरेशन, इराक और वियतनाम जैसे लंबे खिंचे युद्धों के मुकाबले में काफी छोटा और निर्णायक है।

## NEET UG 2026 पेपर लीक मामले में CBI ने किंगपिन पीवी कुलकर्णी को किया गिरफ्तार, अब तक 8 हुए अरेस्ट..

डेस्क जगप्रेरणा।

*पेपर लीक करने वाला सोर्स किंगपिन को सीबीआई ने गिरफ्तार कर लिया है। इस किंगपिन का नाम **PV kulkarni** है, जो केमिस्ट्री का लेक्चरर है। सीबीआई ने **NTA** से मिली जानकारी के मुताबिक एग्जामिनेशन प्रोसेस में इसकी भूमिका के बाद इसको गिरफ्तार किया है।*



लेक्चरर पीवी कुलकर्णी ने ही प्रश्न पत्र को एक्सेस किया था और प्रश्न पत्र को स्टूडेंट्स को अप्रैल के एंड में मोबिलाइज्ड किया था। कुलकर्णी ने इसी मामले में गिरफ्तार मनीषा वाघमारे के साथ मिलकर इन स्टूडेंट्स के लिए एक्स्ट्रा क्लासेस पुणे में शुरू की थी। क्लास के दौरान स्टूडेंट्स को सवाल बताए और उनके करेक्ट जवाब भी बताए। इन सवालों को स्टूडेंट्स ने अपनी नोटबुक में हाथ से नोट किया था और फिर इन्हें 3 मई को असली पेपर में सेम टैली किया गया।

### प्रश्नपत्र कुलकर्णी के पास थे..

सीबीआई ने **NEET-UG** 2026 परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक के सरगना की पहचान कर ली है। जांच में पता चला है कि एनटीए की ओर से परीक्षा प्रक्रिया में शामिल रसायन विज्ञान के लेक्चरर पी.वी. कुलकर्णी के पास प्रश्नपत्र मौजूद थे। अप्रैल 2026 के अंतिम सप्ताह में, उन्होंने एक अन्य आरोपी मनीषा वाघमारे (जिसे सीबीआई ने 14.05.2026 को गिरफ्तार किया था) की मदद से छात्रों को संगठित किया और पुणे स्थित अपने आवास पर इन छात्रों के लिए विशेष कोचिंग कक्षाएं आयोजित कीं। इन विशेष कोचिंग कक्षाओं के दौरान उन्होंने प्रश्न, विकल्प और सही उत्तर लिखवाए।

### अबतक आठ लोग हुए गिरफ्तार..

सीबीआई ने बताया कि इन छात्रों ने इन प्रश्नों को अपनी नोटबुक में हाथ से लिखा और ये प्रश्न 3.05.2026 को आयोजित **NEET-UG** 2026 परीक्षा के वास्तविक प्रश्नपत्र से हूबहू मेल खाते हैं। कल तक, जयपुर, गुरुग्राम, नासिक, पुणे और अहिलियानगर से सात आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। इनमें से 5 आरोपियों को पहले ही अदालत में पेश किया जा चुका है और विस्तृत पूछताछ के लिए उन्हें सात दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। कल गिरफ्तार किए गए अन्य 2 आरोपियों को ट्रांजिट रिमांड के लिए पुणे की अदालत में पेश किया जा रहा है और उन्हें दिल्ली की अदालत में स्थानांतरित किया जा रहा है।

दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनों के लिये संपर्क करें..
मो. 9329033433

## टोंक में 17 साल के एक छात्र ने आत्महत्या की, परिवार वालों ने प्रदर्शन किया..



जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

*राजस्थान के टोंक कस्बे में सत्रह साल के एक छात्र द्वारा कथित तौर पर आत्महत्या किए जाने के मामले में उसके परिवार के सदस्यों एवं कुछ हिंदू संगठनों के सदस्यों ने शुक्रवार को विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी उन लोगों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे जिन पर छात्र को आत्महत्या के लिए उकसाने और कथित तौर पर धर्म परिवर्तन के लिए दबाव डालने का आरोप है।*

पुलिस के अनुसार प्रदर्शनकारी ‘सर्व हिंदू समाज’ के बैनर तले घंटाघर चौक पर जमा हुए। उन्होंने नारे लगाए, टायर जलाए और प्रदर्शन किया, जिससे इलाके में यातायात बाधित हो गया। पुलिस के अनुसार 12वीं कक्षा का यह छात्र पांच साल से टोंक में अपनी मां और छोटे भाई के साथ किराए के मकान में रह रहा था तथा बृहस्पतिवार को वह फांसी पर लटका मिला। उसकी मां ने आरोप लगाया कि एक मुस्लिम लड़की और उसके परिवार के सदस्य उस पर धर्म परिवर्तन के लिए दबाव डाल रहे थे और इसी दबाव के चलते उसने आत्महत्या कर ली।

अपनी शिकायत में उन्होंने आरोप लगाया कि उनका बेटा उस लड़की के साथ प्रेम संबंध के कारण मानसिक तनाव में था जो उस पर इस्लाम धर्म अपनाने के लिए दबाव डाल रही थी। प्रदर्शनकारियों ने आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी निष्पक्ष जांच और इस मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग की। उन्होंने परिवार के लिए मुआवजे और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की भी मांग की। टोंक के उपखंड अधिकारी हुकमीचंद विरोध स्थल पर पहुंचे और उन्होंने परिवार के सदस्यों तथा हिंदू संगठनों के प्रतिनिधियों से बातचीत की।

उन्होंने उन्हें आश्वासन दिया कि उनकी मांगों को वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंचाया जाएगा और उचित कार्रवाई की जाएगी। कोतवाली के थानाधिकारी भंवर लाल ने बताया कि लड़की, उसके माता-पिता, स्कूल शिक्षक और अन्य लोगों समेत आठ आरोपियों के खिलाफमामला दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है और मामले की जांच जारी है।

## बलरामपुर जिले में एक पूर्व ग्राम प्रधान और पूर्व भाजपा पदाधिकारी की पीट-पीटकर हत्या..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

*बलरामपुर जिले के सादुल्लाह नगर थानाक्षेत्र में बृहस्पतिवार को नकाबपोश हमलावरों ने एक पूर्व ग्राम प्रधान एवं भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष की कथित रूप से पीट-पीट कर हत्या कर दी। पुलिस ने जानकारी दी।*



एक अधिकारी ने बताया कि परसरामपुर गांव में तनाव के मद्देनजर अतिरिक्त बल तैनात कर दिया गया। पुलिस के मुताबिक, मंगलवार को एक शादी समारोह के दौरान कुछ लोगों के बीच विवाद हो गया था। पुलिस के अनुसार बृहस्पतिवार को कुछ नकाबपोश लोग स्कॉर्पियो गाड़ी से गांव पहुंचे और कथित तौर पर पहले के विवाद को लेकर कुछ ग्रामीणों पर हमला कर दिया।

पुलिस ने बताया कि शोर सुनकर पूर्व ग्राम प्रधान और पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष राम तेज यादव (56) मौके पर पहुंचे और हस्तक्षेप करने की कोशिश की। पुलिस का कहना है कि हमलावरों ने यादव पर लाठियों और लोहे की छड़ों से हमला किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

पुलिस ने कहा कि उन्हें अस्पताल ले जाया गया और बाद में उनकी गंभीर हालत को देखते हुए लखनऊ रेफर कर दिया गया लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने कहा कि मामला दर्ज कर लिया गया है

और पूछताछ के लिए चार लोगों को हिरासत में लिया गया है। कुमार ने कहा, ‘हत्या में शामिल आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।’ उन्होंने बताया कि गांव में तनाव को देखते हुए कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है।

## सीकर में नीट की परीक्षा देने वाले एक छात्र ने आत्महत्या कीः पुलिस..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

*राजस्थान के सीकर में एक छात्र ने शुक्रवार को कथित तौर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने यह जानकारी दी।*



उसने कहा कि छात्र राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट)-स्नातक (यूजी) की तैयारी कर रहा था और उसने हाल में यह परीक्षा दी थी। उद्योग नगर के थानाधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि मृतक की पहचान प्रदीप मेघवाल के रूप में हुई है जो झुंझुनू जिले के गुढ़ागौड़जी इलाके में कनिका की ढाणी गांव का रहने वाला था। थानाधिकारी ने कहा कि वह अपनी दो बहनों के साथ सीकर के जलधारी नगर में किराए के मकान में रह रहा था और नीट की तैयारी कर रहा था। पुलिस के अनुसार प्रदीप ने कथित तौर पर अपनी बहन की चुन्नी से फांसी लगा ली। उस समय उसकी एक बहन कोचिंग क्लास में थी और दूसरी बाथरूम में थी। अधिकारियों ने बताया कि उसकी बड़ी बहन ने उसे फंदे से लटका हुआ देखा एवं उसे नीचे उतारने के बाद मकान मालिक और पुलिस को सूचना दी।

थानाधिकारी ने बताया कि शव को मुर्दाघर में रखवाया गया है और अभी तक उसका पोस्टमार्टम नहीं किया गया है। छात्र के पिता राजेश कुमार मेघवाल ने पुलिस को बताया कि प्रदीप की नीट की परीक्षा अच्छी हुई थी और परिवार को उम्मीद थी कि उसे करीब 650 अंक मिलेंगे। इस बीच प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि छात्र की परीक्षा अच्छी गई थी। उसके पिता के बयान का ज़िक्र करते हुए उन्होंने कहा कि छात्र को 650 अंकों की उम्मीद थी।

राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने भी इस घटना पर दुख व्यक्त किया। उन्होंने इसे नीट परीक्षा 2026 में अनियमितताओं और पेपर लीक की खबरों के बाद छात्रों में बढ़ रही चिंता से जोड़ा है। पायलट ने कहा कि नीट 2026 पेपरलीक को लेकर भविष्य की चिंता ने विद्यार्थियों पर गहरा दबाव डाला है और इसका सीधा असर उनके मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि होनहार, ईमानदार विद्यार्थी जी-तोड़ मेहनत करते हैं

और अंत में पेपर लीक के कारण परीक्षा रद्द कर दी जाती है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने तीन मई को आयोजित मेडिकल प्रवेश परीक्षा ‘नीट-यूजी-2026’ को इसका प्रश्नपत्र लीक होने के आरोपों के मद्देनजर रद्द करने की घोषणा की तथा केंद्र सरकार ने सीबीआई को इसमें ‘अनियमितताओं’ की विस्तृत जांच करने का आदेश दिया।

## हैदराबाद-जयपुर स्पेशल एक्सप्रेस के एसी कोच में लगी भीषण आग, दूर तक दिखा धुआं..

डेस्क जगप्रेरणा।

*नामपल्ली रेलवे स्टेशन पर हैदराबाद-जयपुर स्पेशल एक्सप्रेस ट्रेन में आग लग गई। आग ट्रेन के एसी कोच के बी1 और बी2 बोगी में लगी थी। यह ट्रेन हैदराबाद से जयपुर जा रही थी।*



दमकलकर्मियों ने तीन दमकल इंजनों की मदद से आग पर काबू पाया। बोगी में कोई यात्री नहीं होने के कारण बड़ी दुर्घटना टल गई। जानकारी के मुताबिक हैदराबाद-जयपुर एक्सप्रेस में शुक्रवार की शाम बड़ा हादसा हो गया। आग ट्रेन के थ्री-टियर एसी कोच ब्1 और ब्2 में लगी, जिससे स्टेशन परिसर में अफरा-तफरी मच गई। ट्रेन का डिपार्चर का समय 7:00 का था और उससे पहले यह हादसा हो गया। गनीमत रही कि तब ट्रेन में कोई भी पैसेंजर नहीं था। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया, ट्रेन के एक कोच से धुआं निकलता दिखाई दिया और फिर देखते ही देखते दूसरी कोच से भी धुआं दिखा और फिर दोनों कोच में आग लग गई। कुछ ही देर में आग की लपटों ने भीषण रूप धारण कर लिया। स्टेशन पर मौजूद यात्रियों के बीच अफरा तफरी मच गई। रेलवे कर्मचारियों ने तुरंत रेलवे सुरक्षा बल को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही स्टेशन प्रशासन सक्रिय हुआ और दमकल विभाग की टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग किस वजह से लगी, इसके पीछे की असली वजह फिलहाल स्पष्ट नहीं हो पाई है।

### चेन्नई स्थित टेक महिंद्रा के परिसर में भीषण आग लग गई..

शुक्रवार को चेन्नई स्थित टेक महिंद्रा के परिसर में भीषण आग लग गई, जिसके चलते तत्काल आपातकालीन कार्रवाई की गई और कर्मचारियों को इमारत से बाहर निकाला गया। कुछ ही मिनटों में आग तेजी से पूरे परिसर में फैल गई और आसमान में घना काला धुआं छा गया। आग लगने की सूचना मिलते ही दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और अधिकारियों ने बताया कि स्थिति पर काबू पा लिया गया है।

## मिट्टी के मैदान से सपनों की उड़ान तक

### पीएम श्री योजना ने बदली लांजी की बेटियों की खेल दुनिया..

जगप्रेरणा लांजी।

*बालाघाट जिले के विकासखंड लांजी स्थित शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल लांजी की छात्राओं के लिए खेलकूद कभी आसान नहीं था। विद्यालय में समुचित खेल मैदान नहीं होने के कारण छात्राएं खुले और सुरक्षित स्थान के अभाव में खेल गतिविधियों में पूरी तरह भाग नहीं ले पाती थीं।*



बरसात के दिनों में मैदान कीचड़ से भर जाता था और गर्मियों में उबड़-खाबड़ जमीन पर खेलना मुश्किल हो जाता था। कई छात्राओं के मन में खेलों में आगे बढ़ने का सपना तो था, लेकिन संसाधनों की कमी उनके उत्साह को सीमित कर देती थी। इसी आवश्यकता को समझते हुए पीएम श्री योजना के अंतर्गत वर्ष 2025-26 में ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग क्रमांक-02 बालाघाट द्वारा विद्यालय परिसर में 5 लाख रुपये की लागत से बैडमिंटन एवं लॉन्ग जंप खेल मैदान का निर्माण कराया गया। खेल मैदान तैयार होने के बाद विद्यालय का वातावरण पूरी तरह बदल गया है। अब छात्राएं नियमित रूप से खेल अभ्यास कर रही हैं और विद्यालय में खेल गतिविधियों को नया उत्साह मिला है। विद्यालय की छात्राओं का कहना है कि पहले खेलकूद केवल वार्षिक कार्यक्रमों तक सीमित रहता था, लेकिन अब प्रतिदिन अभ्यास का अवसर मिल रहा है। खेल मैदान समतल और सुरक्षित होने से छात्राएं बिना किसी डर के खेल पा रही हैं। इससे उनमें आत्मविश्वास बढ़ा है और टीम भावना, अनुशासन तथा नेतृत्व क्षमता का भी विकास हो रहा है।

विद्यालय के शिक्षकों के अनुसार खेल मैदान बनने के बाद छात्राओं की विद्यालय में रुचि बढ़ी है। नियमित खेल गतिविधियों से विद्यार्थियों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है। पढ़ाई के साथ खेलों में भागीदारी से छात्राओं की एकाग्रता भी बढ़ी है और वे अधिक उत्साह के साथ विद्यालय आ रही हैं। ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री मनोज धुर्वे ने बताया कि यह खेल मैदान केवल खेल का स्थान नहीं, बल्कि ग्रामीण क्षेत्र की बेटियों के सपनों को नई दिशा देने वाला मंच बन गया है।

अब छात्राओं को जिला एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए बेहतर तैयारी का अवसर मिल रहा है। विद्यालय परिसर में सांस्कृतिक एवं सामुदायिक कार्यक्रमों का आयोजन भी अब अधिक व्यवस्थित ढंग से हो पा रहा है। पीएम श्री योजना के अंतर्गत किया गया यह कार्य विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है। यह खेल मैदान ग्रामीण अंचल की छात्राओं के लिए नई ऊर्जा, नया आत्मविश्वास और बेहतर भविष्य की उम्मीद बनकर उभरा है।

TYRE WORLD
(अपोलो टायर्स के अधिकृत विक्रेता)
★ टायर ★ अलाईनमेन्ट
★ बैलेंसिंग ★ नाइट्रोजन
हिंदुस्थान ऑटोमोबाईल के पास, रामनगर, गोंदिया
79991 54494, 98233 95921

दरीयां, मेटींग्स, कार्पेट्स, डोरमेट्स, शॉल,
ब्लैंकेट्स, स्कूल की भोजन पट्टियां,
ताड़पत्री, मच्छरदानी, ग्रीन नेट, चादरें,
बेड शीट्स के थोक व चिल्लर विक्रेता
रमनकुमार मेठी हैंडलूम हाऊस
मेन रोड, बड़ी मस्जिद के सामने, गोंदिया 441601 मो. 9890696200

प्रो.पियुष सिंह बैस
फ़ैशन की दुनिया में धमाका
फैशन फैक्ट्री
For Boys & Girls
टी शर्ट, स्पोर्ट्स ट्रेक सूट, वूडी, वॉच, बेल्ट, कैप, फैशनेबल मफलर, मंकी कैप, गॉगल्स (सन ग्लास), इर्रींग, चैन, की चैन, वॉलेट, परफ्यूम, फैंसी लायटर
दीप प्लाईवुड के बाजू में, महावीर चौक, मेन रोड, बालाघाट (म.प्र.),मो.8827333882





शनिवार 16 मई 2026

जग प्रेरणा
# गोंदिया भंडारा ग्रामीण

● तिरोड़ा ● गोरेगांव ● आमगांव ● सालेकसा ● देवरी ● मोरगांव अर्जुनी ● तुमसर ● साकोली ● लाखांदूर



दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
सुरेश गावते देवरी
मो. 9420886573




## शबरी आदिवासी वित्त व विकास विभाग के अपर सचिव द्वारा 'गोमती कृषक उत्पादक संगठन' के कामकाज का निरीक्षण



जगप्रेरणा देवरी।

***कृषक उत्पादक संगठनो (FPOs) के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों के आदिवासी किसानों के जीवन स्तर को ऊपर उठाना संभव है।***

इसी उद्देश्य के साथ तहसील के हेरपार (धमदीटोला) में 'गोमती आदिवासी कृषक उत्पादक सहकारी संगठन' बेहतरीन कार्य कर रहा है। इस संगठन के माध्यम से किसानों को संगठित कर उन्हें उनके हक का बाजार उपलब्ध कराना समय की मांग है, यह प्रतिपादन शबरी आदिवासी वित्त व विकास महामंडल के अपर सचिव विजय वाघमारे (आई.ए.एस.) ने किया।

दिनांक 15 मई 2026 को वाघमारे ने इस संस्था का सौजन्य दौरा कर चल रही विभिन्न गतिविधियों का विस्तृत निरीक्षण किया। इस अवसर पर उनके साथ एकीकृत आदिवासी विकास परियोजना (देवरी) के परियोजना अधिकारी उमेश काशीद, शबरी आदिवासी वित्त विभाग के परियोजना समन्वयक प्रफुल पाटिल सहित विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### महत्वपूर्ण संवाद के माध्यम से मार्गदर्शन..

इस दौरे के दौरान विजय वाघमारे ने संगठन के पदाधिकारियों से संवाद कर आदिवासी किसानों की आर्थिक उन्नति के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी ली। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कृषि उपज के उत्पादन, उसके संग्रह और विपणन (मार्केटिंग) की प्रक्रिया में किसानों की भागीदारी कैसे बढ़ाई जाए। उन्होंने इस अवसर पर निर्देश देते हुए कहा, 'ग्रामीण क्षेत्रों के मेहनती किसानों को सही दाम दिलाने के लिए संगठन को आगे आना चाहिए।'

### संगठन के सुदृढ़ीकरण पर जोर..

संगठन के कामकाज को संतोषजनक बताते हुए वाघमारे साहब ने इस बात पर विशेष मार्गदर्शन किया कि भविष्य में यह संस्था अधिक सक्षम और आत्मनिर्भर कैसे बने। उन्होंने आश्वासन दिया कि सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाकर संगठन को मजबूत करने के लिए हर संभव सहयोग किया जाएगा।

### प्रगति की योजनाओं पर चर्चा..

परियोजना अधिकारी उमेश काशीद और प्रफुल पाटिल ने भी संगठन की आगामी प्रस्तावित परियोजनाओं पर चर्चा की। इस महत्वपूर्ण दौरे से गोमती आदिवासी कृषक उत्पादक संगठन के सदस्यों में उत्साह का माहौल है और प्रशासनिक सहयोग मिलने से अब संगठन के विस्तार को बड़ी गति मिलेगी। इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारी, किसान प्रतिनिधि और कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## चिचगढ़ ग्रामपंचायत उपचुनाव: सुरेश जनबंधु और विजयसिंह कश्यप निर्विरोध चुने गए..



जगप्रेरणा देवरी।

***स्थानीय ग्रामपंचायत प्रशासन में रिक्त दो सीटों के लिए हुए उपचुनाव में चिचगढ़ ग्रामपंचायत ने आपसी एकता की एक अनोखी मिसाल पेश की है।***

इस चुनाव में वार्ड नंबर 1 से सुरेश मोतीराम जनबंधु और वार्ड नंबर 2 से विजयसिंह कन्हैयालाल कश्यप को निर्विरोध चुना गया है। इन नवनियुक्त सदस्यों का आज, 15 मई 2026 को ग्रामपंचायत कार्यालय में भव्य स्वागत और सम्मान किया गया।

### लोकतंत्र का सम्मान और निर्विरोध चुनाव..

ग्रामपंचायत की दो सीटों के लिए यह उपचुनाव घोषित किया गया था। हालांकि, ग्रामीणों और इच्छुक उम्मीदवारों द्वारा समझदारी भरा रुख अपनाने के कारण वार्ड नंबर 1 और 2 में किसी भी तरह की प्रतिस्पर्धा नहीं हुई। जनबंधु और कश्यप के अलावा कोई अन्य नामांकन पत्र दाखिल न होने के कारण उनका चयन निश्चित हो गया। इससे चुनाव का बड़ा खर्च तो बचा ही, साथ ही गांव में एकता का एक सकारात्मक संदेश भी गया।

चुनाव नतीजों के बाद आज चिचगढ़ ग्रामपंचायत कार्यालय में एक विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था। इस अवसर पर सरपंच भाग्यश्री भोयर ने दोनों नवनियुक्त सदस्यों को बुके (पुष्पगुच्छ) देकर सम्मानित किया। इस दौरान बात करते हुए सरपंच भोयर ने विश्वास जताया कि, 'नए सदस्यों के शामिल होने से गांव के लंबित विकास कार्यों को अब और अधिक गति मिलेगी।'

### विकास का संकल्प..

सम्मान का जवाब देते हुए सुरेश जनबंधु और विजयसिंह कश्यप ने मतदाताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, 'मतदाताओं और ग्रामीणों ने हम पर जो विश्वास जताया है, हम उस पर खरा उतरेंगे। वार्ड की नागरिक समस्याओं को हल करना और सरकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना ही हमारा मुख्य उद्देश्य है।'

### इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य..

उपसरपंच द्वारका धरमगुडे, सदस्यः तुलसी सलामे, कल्पना गोस्वामी, गीता भोयर, सुजित हर्षे (ग्रामसेवक), पूनम कोल्हे, सतीश शहारे, सतीश केवट, संजय देशकर और अन्य ग्रामीण। ग्रामसेवक सुजित हर्षे ने प्रशासनिक प्रक्रियाएं पूरी करते हुए नवनियुक्त सदस्यों का स्वागत किया।

## खरीफ धान बिक्री की बकाया राशि तत्काल देने की मांग..

### विधायक संजय पुराम ने मंत्रालय में मंत्री छगन भुजबल से की मुलाकात, अधिकारियों को दिए त्वरित कार्रवाई के निर्देश..



जगप्रेरणा आमगांव।

***खरीफसीजन में शासन के आधारभूत खरीद केंद्रों पर धान बेचने वाले किसानों को अब तक उनकी उपज का पूरा भुगतान नहीं मिलने से आमगांव तहसील सहित आसपास के क्षेत्र के किसान गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं।***

धान बिक्री के कई महीने बीत जाने के बावजूद किसानों के खातों में राशि जमा नहीं होने से बच्चों की शिक्षा, विवाह, खेती की तैयारी, कर्ज अदायगी तथा रोजमर्रा के खर्चों का भार उठाना मुश्किल हो गया है। किसानों की इसी गंभीर समस्या को लेकर विधायक संजय पुराम ने मंत्रालय में राज्य के अन्न एवं नागरी आपूर्ति तथा ग्राहक संरक्षण मंत्री छगन भुजबल से मुलाकात कर बकाया राशि तत्काल जारी करने की मांग की।

विधायक पुराम ने मंत्री को सौंपे गए निवेदन में बताया कि खरीफसीजन के दौरान बड़ी संख्या में किसानों ने शासन की समर्थन मूल्य योजना के अंतर्गत धान की बिक्री की थी, लेकिन संबंधित विभाग की ओर से समय पर भुगतान नहीं किए जाने से किसान आर्थिक तंगी का सामना कर रहे हैं। कई किसानों को बच्चों की पढ़ाई के लिए निजी कर्ज लेना पड़ा है, वहीं कुछ किसानों ने विवाह कार्य एवं खेती के लिए साहूकारों से ब्याज पर रकम उठाई है। शासन से भुगतान मिलने की उम्मीद में किसानों ने अनेक आर्थिक व्यवहार किए थे, लेकिन बकाया राशि नहीं मिलने से किसानों में भारी नाराजगी व्याप्त है।

विधायक पुराम ने किसानों की स्थिति को देखते हुए धान बिक्री की बकाया राशि तत्काल किसानों के बैंक खातों में जमा कराने की जोरदार मांग की। इस मांग को गंभीरता से लेते हुए मंत्री छगन भुजबल ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई तत्काल करने के निर्देश दिए। साथ ही किसानों की लंबित राशि जल्द से जल्द जारी कर राहत प्रदान करने के संबंध में भी अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। इधर विधायक संजय पुराम के इस प्रयास से क्षेत्र के किसानों में संतोष का वातावरण देखा जा रहा है। किसानों को उम्मीद है कि शासन जल्द सकारात्मक निर्णय लेकर बकाया भुगतान करेगा। किसानों का कहना है कि खरीफ धान बिक्री की लंबित राशि शीघ्र मिलने से आर्थिक संकट से जूझ रहे हजारों किसानों को बड़ी राहत मिलेगी।

## देवरी के सीनियर बीजेपी कार्यकर्ता छेदीलाल शाहू का दुखद निधन..



जगप्रेरणा देवरी।

***देवरी के सीनियर BJP कार्यकर्ता छेदीलाल बंसीलाल शाहू (उम्र 70) जो पंचशील चौक, श्री विट्ठल रुक्मिणी मंदिर के पास रहते थे,***

उनका गुरुवार दोपहर को हार्ट अटैक से दुखद निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार आज (15 मई) सुबह करीब 11 बजे यहां मोक्षधाम घाट पर किया गया। इस मौके पर **BJP**और दूसरी पार्टियों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता, साथ ही शहर के जाने-माने लोग, दोस्त, रिश्तेदार और समाज के लोग बड़ी संख्या में मौजूद थे। उनके पीछे एक बड़ा परिवार है।






## गोंदिया पुलिस डायरी।।

संजीव बापट, शहर प्रतिनिधि मो। 9922607145

### जहर पीने से उपचार के लिये भर्ती किये युवक की मौत मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के तिरोडा पुलिस थाना अंतर्गत अकस्मात मौत का मला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 7/5/2026 को राजकुमार भाऊराव पटले उम्र 43 वर्ष निवासी बोपेसर ने जहर पिया तबीयत खराब होने से उसे उपचार के लिये केटीएस अस्पताल गोंदिया मे भर्ती कराया गया जहा उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मर्ग के कागजपत्र पोस्टे तिरोडा मे प्राप्त होने से पोस्टे तिरोडा मे अकस्मात मौत क्रमांक 14/2026 धारा 194 भानासुस 2023 के तहत मर्ग दर्ज कर जॉच पोहवा संजु बांते 1202 पोस्टे तिरोडा कर रहे है।

### बैंक का कर्जा माफ होगा इसके लिये अपने मौत के नाटक मे दोस्त का किया खुन मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के आमगांव पुलिस थाना अंतर्गत खुन का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 28/8/2026 के शाम 4 बजे ओमप्रकाश खोटेले उम्र 28 वर्ष निवासी डोंगरगाव के उपर बॅक का कर्जा था उसने अपनी मौत का नाटक कर दोस्त को अपने घर ले गया और शराब पिलाकर उसकी हत्या कर दी उसकी लाश रेल्वे पटरी पर रखा उसके जेब मे अपना एटीएम आधारकार्ड रख दिया देख कर लगा वो खुद मरा है लेकिन घटना दिन से वह फरार था। मृतक के भाई को इसकी भनक लगने से दिये शिकायत पर पोस्टे आमगांव मे आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 342/2026 धारा 103,1,238, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच सपोनी गुरनुले पोस्टे आमगाव कर रहे है।

## अ.भा. मराठी साहित्य सम्मेलन हेतू चयन समिति मे एड. लखनसिंह कटरे का चयन



जगप्रेरणा आमगांव।

***ऐतिहासिक माने जा रहे शतवें अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन के आयोजन हेतु स्थल चयन के लिए महाराष्ट्र साहित्य परिषद की पहल पर गठित विशेष समिति में एड. लखनसिंह*** कटरे का चयन किया गया है। साहित्य, भाषा, लोकसंस्कृति तथा विशेष रूप से झाडीबोली-पोवारीबोली के अध्ययन एवं अनुसंधान क्षेत्र में निरंतर सक्रिय रहने वाले कटरे के चयन से विदर्भ की सांस्कृतिक एवं भाषिक अस्मिता को महत्वपूर्ण प्रतिनिधित्व प्राप्त हुआ है, ऐसी भावना साहित्य जगत में व्यक्त की जा रही है। हाल ही में पुणे में सम्पन्न हुई अखिल भारतीय मराठी साहित्य महामंडल की बैठक में शतवें साहित्य सम्मेलन के आयोजन से संबंधित अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

उसी के अनुसार सम्मेलन स्थल चयन हेतु गठित समिति में महामंडल के अध्यक्ष श्री योगेश सोमण, कार्यवाह श्रीमती स्वाती महाळंक तथा कोषाध्यक्ष श्री प्रदीप निफाडकर के साथ प्रतिभा सराफ यहां रामचंद्र साडुंखे, एड. लखनसिंह कटरे तथा फ्रान्सिस दिब्रे को शामिल किया गया है। यह समिति पुणे शहर के संभावित स्थलों का निरीक्षण कर अंतिम प्रतिवेदन प्रस्तुत करेगी तथा आगामी बैठक में सम्मेलन स्थल के संबंध में अंतिम निर्णय लिया जाने की अपेक्षा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार समिति द्वारा पुणे पुस्तक महोत्सव, पुणे नगर वाचन मंदिर, सर परशुरामभाऊ महाविद्यालय, फर्ग्युसन महाविद्यालय तथा सावित्रीबाई फुले पुणे विश्वविद्यालय परिसर आदि स्थलों का निरीक्षण किया जाएगा। एड. लखनसिंह कटरे झाडीपट्टी की लोकसंस्कृति, झाडीबोली, पोवारी बोली, सामाजिक इतिहास, भाषिक अस्मिता तथा ग्रामीण साहित्य परंपरा पर निरंतर लेखन और अनुसंधान कर रहे हैं। उनकी इस चयन से साहित्य सम्मेलन की प्रक्रिया में व्यापक सांस्कृतिक प्रतिनिधित्व को बल मिलेगा, ऐसा विश्वास साहित्य क्षेत्र के जानकारों ने व्यक्त किया है।






## डीआरएम कप 2026 इंटर अकादमी फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य आयोजन




जगप्रेरणा गोंदिया।

***दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे खेल संघ, नागपुर मंडल द्वारा बच्चों में खेल भावना, अनुशासन एवं शारीरिक विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दिनांक 07 अप्रैल 2026 से 31 मई 2026 तक***

फुटबॉल समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण शिविर वरिष्ठ खेल अधिकारी श्री दिलीप सिंह के नेतृत्व में संचालित हो रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में युवा खिलाड़ी उत्साहपूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इसी कड़ी में युवा खिलाड़ियों को प्रतिस्पर्धात्मक मंच प्रदान करने हेतु ÷डीआरएम कप 2026÷ के अंतर्गत 7-ए-साइड इंटर अकादमी फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 16 मई 2026 से 24 मई 2026 तक रेलवे फुटबॉल ग्राउंड, मोतीबाग, नागपुर में खेली जाएगी। टूर्नामेंट में अंडर-10, अंडर-12 एवं अंडर-15 आयु वर्ग की विभिन्न फुटबॉल अकादमियों की टीमें भाग लेंगी। प्रतियोगिता के माध्यम से खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने, खेल कौशल निखारने तथा खेल भावना के साथ प्रतिस्पर्धा करने का अवसर प्राप्त होगा। प्रतियोगिता का शुभारंभ 16 मई 2026 को सायं 5:30 बजे किया जाएगा।

आयोजन के दौरान प्रतिदिन रोमांचक मुकाबले खेले जाएंगे, जिनमें शहर की विभिन्न फुटबॉल अकादमियों के युवा खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे खेल संघ, नागपुर मंडल द्वारा आयोजित यह प्रतियोगिता क्षेत्र में फुटबॉल खेल को नई पहचान देने के साथ-साथ बच्चों को खेलों के प्रति प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। खेल प्रेमियों एवं अभिभावकों से प्रतियोगिता में उपस्थित होकर युवा खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की गई है।

## अप्रैल माह 2026 में टिकट जांच एवं वाणिज्यिक आय में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ

जगप्रेरणा गोंदिया।

***दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मण्डल द्वारा यात्री यातायात, गैर-किराया राजस्व एवं माल लदान आदि के क्षेत्र में अपने शानदार प्रदर्शन को जारी रखते हुए अप्रैल माह में भी बेहतर प्रदर्शन एवं*** ग्राहक संतुष्टि तथा मंडल की दक्षता और यात्रियों व माल ढुलाई की मांगों को प्रभावी ढंग से पूरा करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

1. माल ढुलाई और राजस्व - माह अप्रैल 2026 में कुल माल ढुलाई 1.62 मिलियन टन रही और माल ढुलाई से प्राप्त 164.11 करोड़ है।

2. पार्सल लोडिंग और राजस्व - माह अप्रैल 2026 में कुल पार्सल लोडिंग 2060 टन रही, जिससे 41.43 लाख का राजस्व प्राप्त हुआ।

3. यात्री यातायात - माह अप्रैल 2026 में 2.37 मिलियन यात्रियों ने यात्रा की जिससे माह अप्रैल में मंडल को 28.65 करोड़ रु.की आय हुई। जो माह अप्रैल 2025 की तुलना में यात्रियों में 4.47॥ तथा आय में 6.74 प्रति. की वृद्धि दर्शाती है।

4. गैर किराया- राजस्व (एनएफआर) - माह अप्रैल 2026 में 70.38 लाख रु. की आय दर्ज की गई ।

5.कैटरिंग आय- कैटरिंग राजस्व माह अप्रैल 2026 में 42.73 लाख रु. अर्जित किया गया।

6. टिकट चेकिंग - वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री दिलीप सिंह की दिशा निर्देशानुसार में अधिकारियों व टिकट चेकिंग कर्मियों द्वारा विभिन्न गाड़ियों तथा रेल्वे स्टेशनों में टिकट चेकिंग स्टाफके सहयोग से चलाये गए टिकट जांच अभियानों के अंतर्गत बिना टिकट/अनियमित यात्रा तथा बिना माल बुक किए गए लगेज के 33996 मामलें दर्ज कर कुल रु.1.76 करोड़ वसूले गए।

7.धूम्रपान के 91 मामलों से रु.18,200/- वहीं रेल परिसर में गंदगी फैलाने वाले कुल 306 यात्रियों से वसूले गए दंड स्वरूप रु. 32950/- शामिल है।



दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
संजीव बापट गोंदिया
मो. 9922607145

जग प्रेरणा
# गोंदिया भंडारा
● तिरोड़ा ● गोरेगांव ● आमगांव ● सालेकसा ● देवरी ● मोरगांव अर्जुनी ● तुमसर ● साकोली ● लाखांदूर

महावीर डेवलपर्स गोरेगांव
1 महावीर कॉम्पलेक्स
एन.एच.रोड, बस स्टेंड के पास
2. अष्ट विनायक अपार्टमेन्ट
2 बीचके फ्लेट रेडी पजेशन, लिफ्ट, पार्किंग, बैंक लोन सुविधा.. 3) एनए किये हुए प्लॉट उपलब्ध..
संपर्क-नायरा पेट्रोल पंप मो. 9372316555

## सुनी रोड पर रोककर 53 वर्षीय व्यक्ति से लूटपाट करने वाला 19 वर्षीय आरोपी पकड़ाया..

### स्थानीय अपराध शाखा की बड़ी कार्रवाई



जगप्रेरणा गोंदिया।

***राष्ट्रीय राजमार्ग पर राहगीरों को डरा-धमकार लूटने वाले एक शातिर अंतरराज्यीय अपराधी को गोंदिया की स्थानीय अपराध शाखा ने महज 24 घंटों के भीतर धर दबोचा है। पुलिस ने आरोपी के पास से लूट की नकदी और वारदात में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल सहित कुल 2.75 लाख रुपये का माल बरामद किया है।***

घटना 12 मई 2026 की रात की है। फरियादी नेकराम लोकचंद शहारे (53), निवासी खड़की/बामणी, देवरी के साप्ताहिक बाजार से मोटर साइकिल द्वारा अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान कोहमारा-देवरी मार्ग पर एक अज्ञात व्यक्ति ने अपनी बुलेट मोटर साइकिल से उनका रास्ता रोका।

आरोपी ने नेकराम से उनका मोबाइल और 3,000 रुपये नकद छीन लिए। इतना ही नहीं, आरोपी ने डरा-धमकाकर मोबाइल का पासवर्ड हासिल किया और अलग-अलग पेट्रोल पंपों पर जाकर गूगल पे के जरिए 49,800 रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर करवा लिए।

### यह की पुलिस ने कार्रवाई..

देवरी पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज होने के बाद गोंदिया के पुलिस अधीक्षक श्री गोरख भामरे ने मामले की गंभीरता को देखते हुए स्थानीय अपराध शाखा को जांच के निर्देश दिए। तकनीकी जांच और गोपनीय सूचना के आधार पर पुलिस को पता चला कि आरोपी छत्तीसगढ़ के रायपुर का रहने वाला है और फिलहाल नागपुर के तहसील थाना क्षेत्र में घूम रहा है।

**पुलिस टीम ने जाल बिछाकर आरोपी अयान अब्दुल करीम खान (19 वर्ष), निवासी शास्त्री मार्केट, रायपुर को हिरासत में लिया। कड़ी पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म कुबूल कर लिया।**

### जब्त किया गया सामान

पुलिस ने आरोपी के पास से निम्नलिखित सामान बरामद किया है। एक लाल-काले रंग की रॉयल एनफील्ड हंटर मोटरसाइकिल (कीमत रुपये 2,00,000)। नकद राशिः रुपये 30,000 एवं एप्पल कंपनी का आईफोन (कीमत रुपये 45,000) इस प्रकार कुल मालः रुपये 2 लाख 75 हजार जब्त किया गया है।

### इनका रहा सराहनीय योगदान..

यह सफल कार्रवाई पुलिस अधीक्षक गोरख भामरे, अपर पुलिस अधीक्षक अभय डोंगरे और एलसीबी निरीक्षक पुरुषोत्तम अहेरकर के मार्गदर्शन में महिला पुलिस उपनिरीक्षक वनीता सायकर और उनकी टीम द्वारा की गई। आरोपी को आगे की जांच के लिए देवरी पुलिस के हवाले कर दिया गया है।

## तीसरे जनसंवाद में 48 नागरिक पहुंचे नगर परिषद अध्यक्ष सचिन शेंडे के पास अपनी शिकायतें लेकर..

### प्रत्येक मामले की सुनवाई कर नगर परिषद अध्यक्ष ने किया तुरंत समाधान..







जगप्रेरणा गोंदिया।

***गोंदिया नगर परिषद अध्यक्ष का चुनाव जीतते ही नगराध्यक्ष सचिन शेंडे ने प्रत्येक माह की 15 तारीख को जनसंवाद बनाम जनता दरबार कार्यक्रम की घोषणा की थी, और बतौर नगर परिषद अध्यक्ष सचिन शेंडे ने नगर परिषद अध्यक्ष बनने के बाद लगातार तीसरे महीने भी जनसंवाद कार्यक्रम नगर परिषद के सभागार में***

आयोजित किया, जहां पर नगर परिषद के अधिकारियों, कर्मचारियों व कर्मठ पार्षदों की उपस्थिति में प्रत्येक नागरिक की बारी बारी से शिकायतें सुनी, आवेदन प्राप्त किये, और प्रत्येक विषय पर तत्काल समाधान के निर्देश देते हुए निराकरण किया। दोपहर 12 बजे से शुरु किया गया जनता दरबार देर शाम तक चलता रहा, तथा प्राप्त जानकारी के अनुसार 48 लोग अपने आवेदन लेकर पहुंचे थे। सभी को आदरपूर्वक स्थान प्रदान करते हुए नगर परिषद अध्यक्ष सचिन शेंडे ने सुनवाई की।

इस दौरान जगप्रेरणा प्रतिनिधि को नगराध्यक्ष सचिन शेंडे ने बताया कि आज, 15 मई को तीसरे 'जनसंवाद' कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 48 शिकायतें दर्ज की गई, जिनमें से कई मामलों का तत्काल समाधान कर नागरिकों को राहत दी गई। सचिन शेंडे ने बताया कि अधिकांश नागरिकों की सड़क और जल आपूर्ति, साफ-सफाई और अतिक्रमण व संपत्ति कर से संबंधित शिकायतें थी, जिसका विधिवत और सुव्यवस्थित समाधान करने का उन्होंने प्रयास किया है।

### प्रत्येक नागरिक की समस्या का समाधान करने हम तत्पर.. बोले सचिन शेंडे

नगर परिषद अध्यक्ष सचिन शेंडे ने कहा कि गोंदिया शहर को स्वच्छ सुंदर बनाने का वे भरसक प्रयास कर रहे हैं, साथ ही उनका यह भी प्रयास है कि प्रत्येक नागरिक की नगर परिषद से संबंधित शिकायतों का त्वरित निराकरण हो सके। सचिन शेंडे ने कहा कि प्रत्येक नागरिक अपनी समस्याओं के संदर्भ में बेझिझक उन्हें जानकारी दे, आम जनता की सभी समस्याओं का समाधान करने का निश्चित प्रयास किया जायेगा।

## गोंदिया जिला लगातार चौथी बार राज्य में 'प्रधानमंत्री आवास योजना' में प्रथम..

### केन्द्रिय मंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस के हस्ते जिला परिषद अध्यक्ष लायकराम भेंडारकर ने प्राप्त किया पुरस्कार..

### सातारा में आयोजित किया गया राज्यस्तरीय भव्य कार्यक्रम..



जगप्रेरणा गोंदिया।

***ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों को पक्का घर उपलब्ध कराने वाली 'प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण' के अंतर्गत गोंदिया जिले ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लगातार चौथी बार राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त करने का रिकॉर्ड बनाया है। केंद्रीय ग्रामीण विकास, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान के***

हाथों तथा महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस की प्रमुख उपस्थिति में आज गोंदिया जिले को प्रथम क्रमांक के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार जिला परिषद अध्यक्ष लायकराम भेंडारकर ने स्वीकार किया। महा आवास अभियान 2023-24 के अंतर्गत घोषित राज्यस्तरीय पुरस्कारों में गोंदिया जिले ने पूरे महाराष्ट्र में पहला स्थान हासिल कर जिले के गौरव में एक और उपलब्धि जोड़ी है। खास बात यह है कि इस योजना में राज्य में लगातार चौथी बार अव्वल आने का सम्मान गोंदिया जिले को मिला है। जिले ने अपनी सफलता की परंपरा को कायम रखा है। इस उपलब्धि के सम्मान में शुक्रवार को राज्य के सातारा में स्थित सैनिक स्कूल में भव्य राज्यस्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। जिले की इस सफलता में जिला परिषद प्रशासन और ग्रामीण विकास तंत्र का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। जिले ने राज्यस्तरीय प्रथम स्थान प्राप्त किया है, वहीं विभागीय स्तर पर भी नागपुर विभाग ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। प्रधानमंत्री आवास योजना में नागपुर विभाग ने राज्य में तृतीय स्थान प्राप्त किया, जबकि राज्य पुरस्कृत आवास योजना में नागपुर विभाग राज्य में प्रथम रहा। लगातार चौथे वर्ष मिली इस ऐतिहासिक सफलता से जिले का

### लोकसहभागिता और सामूहिक प्रयासों की जीत : लायकराम भेंडारकर

पुरस्कार प्राप्त करने के बाद जिला परिषद अध्यक्ष लायकराम भेंडारकर ने कहा, प्रधानमंत्री आवास योजना में गोंदिया जिले का लगातार चौथी बार राज्य में प्रथम आना हम सभी जिलावासियों के लिए बेहद गर्व का क्षण है। जिला परिषद प्रशासन, ग्रामीण विकास तंत्र और जमीनी स्तर पर कार्य करने वाले कर्मचारियों की मेहनत और लगन से ही यह सफलता संभव हो पाई है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि लाभार्थियों ने प्रशासन पर विश्वास जताया और भरपूर सहयोग दिया, जिसकी बदौलत हम यह 'चौका' लगा सके। गरीब परिवारों के सिर पर अपना पक्का घर हो, यही हमारा मुख्य उद्देश्य है और जिले की इस प्रतिष्ठा को भविष्य में भी बनाए रखने के लिए हम पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं।

## गोंदिया के कुड़वा में छोटा हनुमान मंदिर में देवी देवताओं की भव्य प्राण प्रतिष्ठा का समारोह आज..

### पूजन दर्शन के पश्चात महाप्रसाद वितरण का भी किया गया आयोजन..



जगप्रेरणा गोंदिया।

***गोंदिया की धर्म नगरी कुड़वा में स्थित छोटा हनुमान मंदिर में देवी-देवताओं की प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भव्य धार्मिक आयोजन किया जा रहा है। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। आयोजन समिति द्वारा***

मंदिर को आकर्षक रूप से सजाया गया है तथा कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना जताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के अंतर्गत शिवलिंग, श्री हनुमान जी, श्री गणेश, श्री शेषनाग एवं माता अन्नपूर्णा की प्रतिमाओं की विधि-विधान से प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। धार्मिक अनुष्ठान का शुभारंभ आज 16 मई को सुबह 10 बजे से पूजा-अर्चना के साथ होगा। इसके पश्चात जलाधिवास, अन्नाधिवास, पुष्पाधिवास, फलाधिवास, मिष्ठानाधिवास, गौरी-गणेश पूजन एवं अभिषेक जैसे वैदिक अनुष्ठान संपन्न कराए जाएंगे। आयोजन समिति ने बताया कि समस्त धार्मिक कार्यक्रम वैदिक मंत्रोच्चार एवं परंपरागत रीति-रिवाजों के साथ संपन्न होंगे। संपूर्ण प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का संचालन एवं विधिवत पूजन पंडित हेमेंद्र हरिप्रसाद पाण्डे, लोहारा द्वारा कराया जाएगा। धार्मिक आयोजन को लेकर क्षेत्र के श्रद्धालुओं में विशेष आस्था और उत्साह है। आयोजन समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए दर्शन-पूजन की विशेष व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम के समापन पर सभी श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद वितरण भी किया जाएगा। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धार्मिक आयोजन का पुण्य लाभ लेने की अपील की है।

उत्कृष्टता एवम् गुणवत्ता के 23 वर्ष...
सुश्रुत प्रोक्टो आयुर्वेदा
मुळव्याध (बवासीर), फिशर भगंदर व अन्य गुदारोग चिकित्सा व संशोधन केन्द्र
• मुळव्याध (बवासीर) • भगंदर (नासुर)
• फिशर • कड निकलना व अन्य गुदारोग
अत्याधुनिक लेजर, व्हेसल सिलर, क्षारसुत्र व आयुर्वेद द्वारा गुदा रोगों की दर्दरहित सफल चिकित्सा
जटिल भगंदर के इलाज में विशेष प्राविण्यता
डॉ. कमलापती खोब्रागडे
BAMS, M.S. (Ayu.) CCKS (Guj)
बवासीर, भगंदर व गुदारोग तज्ञ
मो. 98230 21274, 93098 53003
साकेत पब्लिक स्कुल रोड़, गणेश नगर, गोंदिया 07182-796738

एंड रिसर्च सेंटर
बंधत्व पीड़ितों के लिये एक आशा की किरण
उपलब्ध सुविधाएं..
टेस्ट ट्युब बेबी (IVF ET)
इक्सी टेस्ट ट्युब बेबी (ICSI)
(IUI) आय.यू.आय.
अधिक उम्र में मातृत्व
ओव्हम डोनेशन द्वारा
बंद फॉलोपियन ट्युब खोलना
पुरुष बंधत्व निदान व उपचार
शुक्राणु बैंक सुविधा
सोनोग्राफी
हार्मोस की जांच
हार्मोस की गड़बड़ी की ईलाज
दुरबीन द्वारा ऑपरेशन
डॉ. संजीव चिटणवीस
अस्थि रोग विशेषज्ञ
डॉ.सौ.प्रणिता चिटणवीस
प्रसुति, स्त्रीरोग व बंधत्व चिकित्सा विशेषज्ञ
एक्सीडेंट हॉस्पीटल व अंकुर क्लिनिक
गणेश नगर, गोंदिया फोन - 07182 - 236692 मो. 9823970754

## In The Court Of Niraj Kumar Soni,

**II Civil Judge Senior Division, District Court, Balaghat Presiding Officer - नीरज कुमार सोनी**

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)

(RCS A/0000076/2025)

सिद्धार्थ शुक्ला - वादी / रविन्द्र मिश्रा.... - प्रतिवादी

Process Id- /2026 पेशी दिनांक :- 25/06/2026

प्रेषिती- (1) रविन्द्र मिश्रा पता- शंकर नगर एच आइ जी 30 रायपूर छत्तीसगढ़ (2) पूनम दीक्षित पति अमित दीक्षित पता- मार्फत रवीन्द्र मिश्रा शंकर नगर एच आइ जी 30 रायपूर छत्तीसगढ़ (3) दीपक मिश्रा पिता रविन्द्रनाथ मिश्रा पता- शंकर नगर एच आइ जी 30 रायपूर छत्तीसगढ़ (4)पूजा शुक्ला पति मनीष शुक्ला पता- 76 आनंद नगर तेलीबांधा रायपूर छत्तीसगढ़ (5) माया पति ओमप्रकाश पता- जयस्तम्भ चौक कालोनी गोंदिया तह व जिला गोंदिया महाराष्ट्र। यह कि प्रार्थी सिद्धार्थ शुक्ला ने आपके विरूद्ध दावा वाद वास्ते उदघोषणार्थ के लिए बाद संस्थित किया है. आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है. जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 13 मई 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायाधीश

प्लॉट बेचना है..
गोंदिया शहर में सराफा मार्केट में होटल ताज दरबार के बाजू में और आईसीआईसीआई बैंक और हनुमान मंदिर के सामने स्थित 7050 वर्गफुट का प्लॉट बेचना है।
चारों तरफ से बाउंड्री से सिक्योर्ड है और 3 तरफ से रोड है।
संपर्क करें..
मो. नं. 9300693881
मो. नं. 9179739502

दरीयां, मेटींग्स, कार्पेट्स, डोरमेट्स, शॉल, ब्लैंकेट्स, स्कूल की भोजन पट्टियां, ताड़पत्री, मच्छरदानी, ग्रीन नेट, चादरें, बेड शीट्स के थोक व चिल्लर विक्रेता

रमनकुमार मेठी हैंडलुम हाऊस
मेन रोड, बड़ी मस्जिद के सामने, गोंदिया 9890696200

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक आशीष वर्मा द्वारा जगप्रेरणा पेपर इंडस्ट्रीज कटंगीकला गोंदिया से मुद्रित तथा कार्यालय जगप्रेरणा, वार्ड नं.16, कल्पतरु मॉल, महावीर चौक, बालाघाट (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित..
संस्थापक - स्व. गंगाबिसन जी वर्मा, प्रधान संपादक - आशीष वर्मा मो. 9329033433 आर.एन.आई. रजि. नं. एमपी/हिन्दी/2012/43298 ईमेल - jagprernaw@gmail.com